संसेक्स 71,657.71 ▲ +271.50
डॉलर 83.019 ▼ -0.096

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 20.0 | 09.0 | 16.0 |
| धनबाद | 22.0 | 09.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 09.0 | 20.0 |
| पलामू | 21.0 | 08.0 | 16.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, पौष कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 11 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 334, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ...8


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


कर्नाटक में अधिक उपमुख्यमंत्री मंत्री पद ... 10 देश-विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक परिवार के तीन की मौत, चार अन्य घायल

**रांची।** झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि, चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि रामगढ़ के चेटर गांव के एक परिवार के लोग बोलेरो जीप पर सवार होकर पारसनाथ (मधुवन) जा रहे थे। चितरपुर के पास इस जीप के चालक ने सड़क पर एक खड़े ट्रक को सामने से धक्का मार दिया। हादसे में टेकलाल महतो की बहू और दो वर्षीय पोते की मौत मौके पर ही हो गई। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र महतो की पत्नी ने रिम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### प. सिंहभूम में 5 किलो का आईईडी बम बरामद

**प. सिंहभूम।** मुफासिल थानान्तर्गत ग्राम हेसाबांध एवं जोजोहातु के बीच जंगल में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये पांच किलो का एक आईईडी बम बुधवार को बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

### नक्सलियों ने अपने ही साथी को मौत के घाट उतारा

**रांची।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने अपने ही संगठन से जुड़े एक नक्सली नेल्सन भेंगरा की गोली मारकर हत्या कर दी। माना जा रहा है कि नक्सलियों ने संगठन की सूचनाएं पुलिस तक पहुंचाने के आरोप में उसे मौत की सजा दी है। नेल्सन भेंगरा सारंडा जंगल के जराईकेला थाना क्षेत्र का निवासी था। वह लंबे समय से भाकपा माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि 9 जनवरी की रात हथियारबंद नक्सलियों का एक समूह उसके गांव समठा पहुंचा। वे उसे पकड़कर अपने साथ ले गये। पहले उसकी जमकर पिटाई की और फिर बाद में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी।

# स्वाति के राम, सरस्वती के राम, शबनम के राम....सबके राम

**प्रवीण प्रियदर्शी/ विशाल कुमार सिंह**

**रांची।** अद्भुत है ये भूमि... राम और कृष्ण इस धरती की सोच, साहित्य, सृजन, श्रृंगार, श्रद्धा, शौर्य और संसाधन में कुछ इस तरह रचे-बसे हैं कि इसे जनमानस की आम गतिविधि में छलकते-बहते आसानी से देखा और महसूस किया जा सकता है। यही कारण है कि मध्यकाल के प्रारंभ से ही लगातार विदेशी हमलों से सत्ता और समृद्धि की हानी, मान बिन्दुओं और प्रतीक चिन्हों को नष्ट-भ्रष्ट किये जाने, ग्रंथों और ज्ञान केंद्रों को जलाने, जबरन मतांतरण और धर्मांतरण के लिए अमानवीय तरीके अपनाये जाने के बावजूद अपनी मिट्टी की मौलिक सांस्कृतिक प्रवाह बनी रही। यहां तक की आंक्रांताओं के साथी-सहयोगी रहे लोग भी इस रसधारा से सिक्त होने से बच नहीं सके। अलबरूनी ने इस धारा की शक्ति को महसूस किया तो अमीर खुसरो की रुबाईयों व गजलों में इसे वाणी मिली। 15वीं, 16वीं और 17वीं शताब्दि में कई ऐसे नामचीन संत-फकीर और कवि हुए जिन्होंने देश की मिट्टी के सनातनी संदेश को अंगिकार कर लिया। इसका पूजा पद्यति से कोई वास्ता नहीं था....550 वर्ष के बाद भगवान राम के मंदिर बनने का असर इस सनातनी को बयार को और प्रभावी बना रहा है। तभी तो मुंबई से शबनम शेख, दिल्ली की शबनम खान राम लला का दर्शन करने हजार मील की दूरी तय कर 22 जनवरी को अयोध्या पहुंच रही हैं। बिहार के मोतिहारी की चार मुस्लिम बहनें भजन से अपना भव अभिव्यक्त कर रहे हैं तो स्वाति मिश्रा जैसे कई लोग गीत रच रहे हैं। झारखंड धनबाद की सरस्वती देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ अपने तीन दशक का मौन व्रत तोड़ेंगी। अयोध्या के मुस्लिम समुदाय के एक बाबा ने खांटी अवधी में राम और उनकी नगरी की महत्ता का अद्भुत गीत गाया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वास्तव में यही इस धरा की परंपरा है जिसे हम सनातन कहते हैं।



### राम का आया स्वपन, पैदल दिल्ली से चल पड़ी शबनम खान

मानवाधिकार कार्यकर्ता शबनम खान दिल्ली से अयोध्या के लिए पैदल यात्रा पर निकल पड़ी हैं। उनका कहना है कि सपने में प्रभु राम आए थे, कहने लगे कि पैदल अयोध्या चली आओ। बस बोरिया विस्तर बांधकर निकल पड़ी। अब तो अयोध्या पहुंचकर ही चैन मिलेगा। हाथ में भगवा ध्वज और जुबां पर जयश्री राम का जयघोष करते हुए शबनम खान सोमवार को जिले में कस्बा नाधा पहुंचीं। यहां हिंदुवादी संगठनों के लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सपने में प्रभु श्रीराम आए थे, उन्होंने कहा कि जब मंदिर नहीं बना था तब आप लड़ती थीं। अब मंदिर बन गया है पैदल अयोध्या चली आओ।



### जितना हम नबी की रिस्पेक्ट करते हैं उतना ही राम का भी : शबनम शेख

21 वर्षीय छात्रा शबनम शेख के हौसलों और धार्मिक आस्था को देखकर लोग हैरान हैं। वह मुंबई से अयोध्या तक पैदल जा रही हैं, उनके और साथियों के हाथों में भगवा ध्वज हैं। जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ है। रास्ते में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक दिन में उनका सफर 37 किलोमीटर का कब पूरा हो जाता है उन्हें ही नहीं पता चलता। शबनम शेख अभी फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उनके दो साथी विनीत पांडे और रामराज शर्मा उनके साथ कदम से कदम मिलाते हुए मुंबई से अयोध्या जा रहे हैं। जगह-जगह पर उनका लोगों ने स्वागत किया। शबनम ने कहा कि जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं उतना ही राम जी की रिस्पेक्ट करते हैं।

### राम और कृष्ण के चरित्र और संदेश का आकर्षण था जिससे अभिभूत हो रसखान कहते हैं...

*मानुष हौं तो वही रसखानि बसौ ब्रज गोकुल गांव के ग्वारन।*
*जो पसु हौं तो कहा बसु मेरा चरौं नित नंद की धेनु मँझारन।*
*पाहन हौं तो वही गिरि को जो धर्यों कर छत्र पुरंदर कारन।*
*जो खग हौं तौ बसेरो करौं मिलि कालिंदी-कूल-कदंब की डारन॥*

मतलब मुझे आगामी जन्म में मनुष्य-योनि मिले तो मैं वही मनुष्य बनूं जिसे ब्रज और गोकुल गांव के ग्वालों के साथ रहने का अवसर मिले। आगामी जन्म पर मेरा कोई वश नहीं है, ईश्वर जैसी योनि चाहेगा, दे देगा, इसलिए यदि मुझे पशु-योनि मिले तो मेरा जन्म ब्रज या गोकुल में ही हो, ताकि मुझे नित्य नंद की गायों के मध्य विचरण करने का सौभाग्य प्राप्त हो सके। यदि मुझे पत्थर-योनि मिले तो मैं उसी पर्वत का एक भाग बनूं जिसे श्रीकृष्ण ने इंद्र का गर्व नष्ट करने के लिए अपने हाथ पर छाते की भांति उठा लिया था। यदि मुझे पक्षी-योनि मिले, तो मैं ब्रज में ही जन्म पाऊं ताकि मैं यमुना के तट पर खड़े हुए कदम्ब वृक्ष की डालियों में निवास कर सकूं।

### मध्यकाल की प्रसिद्ध कृष्ण भक्त कवयित्री ताज बीबी कहती हैं...



*सुनो दिल जानी मेरे दिल की कहानी तुम,*
*हुस्न की बिकानी बदनामी भी सहूँगी मैं।*
*देव पूजा ठानी हौं निवाज हूँ भुलानी तजे,*
*कलमा कुरान सारे गुनन गहूँगी मैं॥*
*श्यामला सलोना सिरताज सिर कुल्ले दिये,*
*तेरे नेह दाग में निदाग ह्वै दहूँगी मैं।*
*नन्द के कुमार कुरवान ताणी सूरत पै,*
*हौं तो मुगलानी हिन्दुआनी ह्वै रहूँगी मैं॥*

### सीएम के नेतृत्व में राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक संपन्न

# राज्य के 56 कैदियों की होगी रिहाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 30वीं बैठक में 109 कैदियों की रिहाई के बिंदु पर समीक्षा के बाद राज्य के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 56 कैदी रिहा किए जाएंगे, यह सहमति बनी। समीक्षा के क्रम में अदालतों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, जेल अधीक्षक और जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों के मंतव्य पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, विधि विभाग के प्रधान सचिव सह विधि परामर्शी नलिन कुमार, पुलिस महानिरीक्षक मनोज कौशिक, जेल महानिरीक्षक उमाशंकर सिंह, न्यायिक आयुक्त रांची अरुण कुमार राय, जेल एआईजी हामिद अख्तर और प्रोबेशनर ऑफिसर चंद्रमौली सिंह उपस्थित थे।



### रिहा होने वाले कैदियों के पुनर्वास की व्यवस्था हो : सीएम

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि जो कैदी जेल से रिहा किए जाते हैं, उनकी लगातार ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग होनी चाहिए। इसके अलावा उनके पुनर्वास की दिशा में भी पहल की जाए ताकि वे मुख्य धारा में बने रहें। सीएम ने कहा कि अक्सर देखा गया है की जेल से जो बुजुर्ग कैदी रिहा रहा किए जाते हैं, उन्हें उनका परिवार अपनाने के लिए आगे नहीं आता है। ऐसे में इनको सरकार के यूनिवर्सल पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए ताकि उन्हें इस तरह के हालात में उन्हें इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि रिहा होने वाले कैदियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाए, ताकि उन्हें जीविकोपार्जन की दिशा में सहूलियत मिल सके।

#### अबतक 1831 कैदी हो चुके हैं रिहा

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया गया कि झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 29वीं बैठक तक 1831 कैदियों की रिहाई हो चुकी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 से लेकर अब तक 457 कैदियों के घर का जिला प्रोबेशन पदाधिकारियों द्वारा सर्वे कराया जा चुका है। इनमें से 378 कैदियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है जबकि अन्य कैदियों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

### मुख्यमंत्री ने सूखा प्रभावित किसानों को तत्काल अनुग्रह राशि देने का दिया निर्देश

राज्य में इस वर्ष भी कम बारिश की वजह से 17 जिलों के 158 प्रखंडों में सुखाड़ की स्थिति है। झारखंड मंत्रालय में बुधवार को सीएम की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आलोक में इन प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गयी। बैठक में सीएम ने आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया कि इन सभी 158 प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने संबंधी प्रस्ताव तैयार करें ताकि उसे मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जा सके। सीएम ने आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र सरकार को सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव भेजें ताकि उसे राशि से सूखा प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता दी जा सके। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि सुखाड़ से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए समुचित कदम उठाये जायें। उन्होंने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुखाड़ से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत के तौर पर 35 सौ रुपये प्रति किसान अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया।


### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को कांग्रेस ने किया अस्वीकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्यक्रम बताते हुए इसके निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण मिला था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को एक बयान में कहा, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, खरगे और अधीर रंजन चौधरी ससम्मान निमंत्रण अस्वीकार करते हैं जो कि स्पष्ट रूप से आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है।

### महाराष्ट्र विस अध्यक्ष ने शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को 'असली' शिवसेना बताया

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को घोषणा की कि 21 जून 2022 को पार्टी में विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही 'असली' शिवसेना है। एकनाथ शिंदे समेत सभी 16 विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने की संभावना को शिवसेना-यूबीटी के तर्क को खारिज कर दिया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी माना कि तत्कालीन मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) सुनील प्रभु ने पद पर बने रहने की पार्टी की इच्छा को प्रतिबिंबित करना बंद कर दिया, क्योंकि प्रतिद्वंद्वी गुट के उभरने के बाद नए मुख्य सचेतक भरत गोगावले ही वैध रूप से निर्वाचित मुख्य सचेतक थे। अध्यक्ष का बहुप्रतीक्षित फैसला मुख्यमंत्री शिंदे के लिए बड़ी राहत और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-यूबीटी के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने अलग हुए समूह के दावों का विरोध किया था। अध्यक्ष ने एकनाथ शिंदे गुट को चुनौती देने वाली एसएस-यूबीटी याचिका में किए गए कई अन्य दावों और तर्कों को खारिज कर दिया है।

## इंडिया

# झारखंड में बेलगाम है अंधाधुंध शहरीकरण, यह घातक मायाजाल



सुनील बादल

***शहरों*** के ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो, जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू-माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है। पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा। गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध राजसहायता बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाईं गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके। अनियोजित शहरीकरण की प्रवृत्ति बीते दो दशकों के दौरान पूरे देश में बढ़ी है। लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की



सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं। इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। देश के अधिकांश उभरते शहर अब सड़कों के दोनों ओर बेतरतीब बढ़ते जा रहे हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत के विकास के लिए हमने जिस बिना नक्शे के विकास शुरू किया उसमें अपवादों को छोड़कर बड़े-बड़े शहर पूंजी केन्द्रित होते चले गये और रोजगार के स्रोत भी। शहरों में सतत एवं तीव्र विकास और धन का केन्द्रीकरण होने की वजह से इनका बेतरतीब विकास स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ कि यह राजनीतिक दलों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ता चला गया, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति से कटता गया जिस कारण गांव आधारित अर्थ-व्यवस्थाएं लडखड़ाने लगी हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार वर्तमान में दुनिया की आधी आबादी शहरों में रह रही है और 2050 तक भारत में भी यही होने वाला है। ऑक्सफोर्ड इकॉनोमिक की रिपोर्ट के अनुसार 2019 से लेकर वर्ष 2035 के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाले सभी शीर्ष दस शहर भारत के ही होंगे। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है। शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बेंगलुरु की प्रदूषित झीलें, गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम, मुंबई की बारिश, दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं। ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में भारत के आर्थिक विकास के लिये शहरीकरण को लक्ष्य बनाया गया था पर भारत के अधिकांश शहर अति शहरीकरण के कारण अपने निवासियों को अच्छा जीवनशैली देने में असफल हो गए हैं। आवास और गंदी बस्तियों की समस्या शहरी जनसंख्या में हो रही वृद्धि ने अनेक समस्याओं को जन्म दिया है जिसमें आवास की समस्या प्रमुख है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं।

## एक नजर

### सिल्ली में पूजित अक्षत का किया गया वितरण



सिल्ली । अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने घर घर जाकर पूजित अक्षत एवं चित्र व पत्रक का वितरण ग्राम विकास स्कूल , सिल्ली स्टेशन रोड से सिल्ली मैन रोड , रुगड़ी टोला, नीचे टोला तक किया। इस अवसर पर विनोद प्रसाद साहू ने कहा कि 22 जनवरी को सभी अपने अपने अपने घर के निकटतम मंदिरों में 11.00 बजे से 2:00 बजे तक पूजा करें साथ ही संध्या में पाँच पाँच दीपक जलाकर अपने घरों में दीप उत्सव मनाएं। इस अवसर पर प्रदीप विश्वकर्मा, सुधीर साहू, सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू, राजेश रॉय, रिंकू देवी, सविता पोद्दार, ऋषिकेश सोनार, कांचन सोनार, केदार अग्रवाल, मन्नू मिश्रा, अरुणा पांडेय,रेणु देवी, अनिता देवी, गणेश करमाली,ज्योति गोस्वामी, शिवलाल महतो, गुलाब सिंह, पवन अग्रवाल समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट का शिक्षा दीप कार्यक्रम 15 जनवरी को



**रातू।** जनवरी को अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट जामिया नगर फूटकल टोली रातु द्वारा शिक्षा दीप समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम मे माननीय अल्पसंख्यक मंत्री जनाब हफीजुल हसन अंसारी को मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है। इस मौके पर अलकमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक, जे एम एम रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मो० मोजीबुल्लाह, मौलाना साबीर हुसैन, मो० इब्राहिम मौजूद थे।

### दीनदयाल रोजगार मेला का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय में झारखंड लाइवलीहुड सोसाइटी के सौजन्य से दीनदयाल रोजगार मेला का आयोजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि जमील मालिक ने मेला में उपस्थित सभी बच्चे बचिच्यो एवं प्रशिक्षक को संबोधित करते हुए कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ हुनर का भी प्रशिक्षण करना जरूरी है। आपको कंप्यूटर का प्रशिक्षण, ड्राइविंग का प्रशिक्षण, सिलाई , आचार बनाने एवं और अन्य चीजों की प्रशिक्षण दी जा रही है। आप प्रशिक्षण प्राप्त करें और स्वयं एक कुशल रोजगार युक्त व्यक्ति बने। इस अवसर पर मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, एस पी एम शमा परवीन समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लें : सन्नी टोप्पो

**नवीना मेल संवाददाता। चान्हो** चान्हो प्रखंड में बुधवार को टांगर और और तरंगा पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर शामिल हुए । इस मौके पर श्री टोप्पो ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजना की जानकारी लोगों को देना है। केंद्र सरकार द्वारा बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन जानकारी के अभाव में जनता इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही है। केंद्र सरकार हर वर्ग का ध्यान रखते हुए योजनाओं को बनाती है। इस तरह के आयोजन करके योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील



की जो योग्य व्यक्ति है उनको योजनाओं का लाभ जरूर दिलाए। कार्यक्रम में एलइडी वाहन के माध्यम से केन्द्र सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये गये जिससे देश विकसित होने की राह पर है। सन्नी टोप्पो ने केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी, जिसमें मुख्य रूप से केसीसी लोन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान कार्ड, बीमा योजना हैं। इस मौके पर बी पी ओ गुंजन कुमार, मुखिया पूनम उराईन, टांगर मुखिया देवांती उराइन, बीजू पाड़ा मंडल अध्यक्ष सतानंद सिंह, सतीश शाह, शफीक अंसारी, सोनी तबस्सुम, विजय महतो, विशेषर महतो, सुखनंदन नायक, मुकेश उरांव, चरवा उरांव, विवेक कुमार, हफीजुर रहमान सहित अन्य मौजूद थे।

# सीए की परीक्षा पास कर ऋषिता रानी ने प्रतिभा का लोहा मनवाया

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रतिभा परिचय का मोहताज नहीं होता बस उसे एक प्लेटफार्म की जरूरत होती है। इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है रांची जिला के चान्हो प्रखंड स्थित चोरेया गांव के ऋषिता रानी ने। भारत की कठिनतम परीक्षाओं में से एक सी ए की फाइनल परीक्षा पहले प्रयास में पास कर ना सिर्फ. परिवार का नाम रौशन किया, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम भी रौशन किया। पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।केक काटकर खुशियां मनाई जा रही है। उन्हें बधाई देनेवालों का तांता लगा हुआ है। ब्रजदेव साहु और राखी देवी की पुत्री ऋषिता रानी बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज थी।मांडर स्थित ब्राइट हॉप्स पब्लिक स्कूल से मैट्रिक तक की पढ़ाई की। उसके बाद प्लस टू के पढ़ाई कडरू स्थित डीएवी कपिल देव से की। संत जेवियर कॉलेज से ग्रेजुएशन पूरी करने के साथ साथ ही उसने चार्टर्ड एकाउंटेंट की पढाई भी जारी रखा।



जब पढ़ाई में मन नहीं लगता था तो कैसे प्रेरित होती पढ़ने के लिए पूछने पर उन्होंने बताया कि मैंने पढ़ाई के साथ-साथ हमेशा अपने मां-बाप के सपने को साकार करने की सोची। और यही चीज मुझे बार-बार मेहनत करने की और पढ़ने की प्रेरणा देती रही। आज इसी का परिणाम है कि मैं कामयाब रहा। वह कहती हैं कि अगर सच्चे मन से ठान लिया जाए और मेहनत किया जाए तो कोई भी काम असंभव नहीं है। आगे वह कहती है कि इससे लड़कियों को प्रेरणा मिलेगी। कभी हार नहीं माननी चाहिए। लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने से एकदिन सफलता जरूर मिलेगी।

## न्यूज बॉक्स

### लकवाग्रस्त से मिले डॉ परमेश्वर भगत



**मांडर।** प्रखंड अंतर्गत के मसमानो में समाजसेवी सह उप विकस आयुक्त डॉ रामेश्वर भगत ने बुधवार को बीमार रबुल अंसारी से मिलकर आर्थिक मदद किया। 45 वर्षीय रबुल अंसारी पिछले तीन साल से लकवाग्रस्त है। वह चलने फिरने में असमर्थ है। उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय है। साथ में बेहतर इलाज का आश्वासन दिया। मौके पर डॉ नाफर अली, फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी, नसीम अंसारी, जावेद अंसारी, आजाद अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### मांडर राशन डीलर संघ की बैठक



**मांडर।** प्रखंड सभागार में बुधवार को मांडर डीलर संघ की एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में अध्यक्षता करते हुए अमिताभ कुमार पाठक ने बतलाया कि प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के द्वारा सरकार से की गई वार्ता के अनुरूप अनिश्चितकालीन हड़ताल को स्थगित कर दिया गया है। मांगों पर पुनर्विचार नहीं करने के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी इसलिए जनहित को देखते हुए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर मांडर डीलर सन अपने हड़ताल को तोड़कर वापस वितरण कार्य को पूर्व की भांति सुचारू रूप से करने का निर्णय लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि जिला स्तरीय कमेटी अपने दिए गए आश्वासन एवं वार्ता के अनुरूप लिए गए निर्णय पर अडिग नहीं रही तो माडर प्रखंड अपने स्तर पर लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। धन्यवाद ज्ञापन मजबूर रहमान द्वारा किया गया। बैठक में बंसी साहू, शंकर साहू ,सुनील सिंह, हरिनारायण साहू, शाहरुख खान, मोहम्मद नईम, फिरोज अंसारी, महिला समूह के सदस्य अनुराधा,गीता देवी के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### शमीम अख्तर ने छात्रों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण



मांडर। मांडर प्रखण्ड अंतर्गत मुड़मा स्थित मदरसा महमुदिया सुरसा मुड़मा के विद्यार्थियों के बीच बुधवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष शमीम अख्तर ने खेल सामग्री बैडमिंटन रैकेट , वॉलीबॉल एवं क्रिकेट बैट बॉल विकेट का वितरण किया। इस दौरान समीम अख्तर ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। मौके पर हाजी शाकिर इस्लाही, अजबुल अंसारी, मौलाना अबुल जलील, कारी ताहा सहित कई लोग मौजूद थे।

# नीलांबर-पीतांबर के आदर्शों पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** नीलांबर पीतांबर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में वीर शहीद नीलांबर व पीतांबर शाही भोगता की जयंती खलारी के बड़कीटांड़ में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिगनसिंह भोगता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीसीएल एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार सहित अन्य अतिथियों ने नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पारंपरिक लोक नृत्य के साथ अतिथियों की आगवानी की गई। मंच पर मुख्य अतिथि को बुके देकर व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में नीलांबर पीतांबर का अहम योगदान रहा है। कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नीलांबर पीतांबर दोनों भाईयों ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। नीलांबर पीतांबर के आदर्शों पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। केडीएच पीओ अनिलकुमार सिंह ने कहा कि नीलांबर, पीतांबर दोनों महापुरूषों ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने एनके एरिया क्षेत्र के भोगता समाज से अपील किया कि वे भी देश हित में सीसीएल एनके एरिया को सहयोग करें।वही खरवार भोगता समाज विकास संघ के केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि जनजाति समाज के सभी महापुरुषो ने देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी।

### रंगदारी की बढ़ती घटनाओं को लेकर एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का किया गठन

**रांची।** रांची जिला में रंगदारी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया गया है। सिटी डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में इस टीम का गठन किया गया है। इसमें डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद, अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार, कांके थाना प्रभारी आभाष कुमार, रातू थाना प्रभारी सपन कुमार महता के साथ- साथ एसएसपी क्यूआरटी और टेक्निकल सेल के अफसरों और जवानों को शामिल किया गया है। डीआईजी अनुप बिरथरे ने बुधवार को बताया कि रंगदारी की घटना को देखते हुए रांची में डीएसपी सिटी के नेतृत्व में लेकर एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वाड का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई भी रंगदारी मांगने की घटना आती है उसकी जांच एंटी एक्सटॉर्शन टीम करेगी ।

# झारखंड बजट पूर्व कार्यशाला में शामिल हुए आईएचएम के प्राचार्य डॉ भूपेश




**नवीन मेल संवाददाता। मांडर** आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार पर्यटन विशेषज्ञ के रूप में बुधवार को झारखंड बजट पूर्व कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने झारखंड पर्यटन के चहुमुखी विकास के लिए अहम सुझाव दिए ।जिसमें मुख्य रूप से टेंपल टूरिज्म के लिए बजट में विशेष प्रावधान, नए स्टार होटल खोलने हेतु सब्सिडी, पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पर्यटन वॉलंटियर पुलिस, झारखंड के व्यंजनों को सरकार के सभी मीटिंग में संकलित करना इत्यादि शामिल है। । पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिए जाने हेतु भी अनुरोध किया। झारखंड विजन 2030 के लिए भी बजट में प्रति वर्ष दुगने से तिगुने बढ़ोतरी के लिए अहम सुझाव भी रखा। डॉ भूपेश कुमार के सुझाओं पर ध्यान देने के लिए उन्होंने वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, कृषि मंत्री बदल पत्रलेख , प्रधान सचिव अजय कुमार एवं पर्यटन सचिव मनोज कुमार को आभार व्यक्त किया।

### भाजपा मंडल के वनभोज में विकसित भारत पर हुई चर्चा

# कल्याणकारी योजनाएं अर्हता वाले लाभार्थी तक पहुंचाएं : जैलेंन्द्र

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ल** सिल्ली प्रखंड के किता धुढाधारा नहर के समीप सिल्ली विधानसभा मंडल भाजपा वन भोज सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला के भाजपा के पूर्व बीस सुत्री उपाध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य जैलेंन्द्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ महतो एवं संचालन रघुवीर प्रसाद एवं धन्यवाद ज्ञापन बासुदेव महतो ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैलेंन्द्र कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य अपनी कई कल्याणकारी योजनाओं की अहर्ता वाले लाभार्थी तक पहुंचने का



सुनिश्चित करना है। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इसका लाभ मिले। केंद्र सरकार ने कई ऐसी योजनाएं भी बनाई है जिसके जरिए गरीब लोगों को आवास उपलब्ध हो सका साथ में जरूरतमंद लोगों को गरीब लोगों को कई तरह की मदद मिली देश में कई नई-नई योजनाएं शुरू की गई वास्तव में विकसित भारत में विज्ञान का बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण योगदान रहा है हमारा भारत देश और भी आगे विकसित होगा । हमारे इस विकसित भारत देश में तेजी से हर एक व्यक्ति में प्रगति हुई स्वास्थ्य सेवाएं भी तेजी से विकसित हुई है।

# हाई कोर्ट में विधायक समरीलाल और सुरेश बैठ मामले की सुनवाई आज




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट से उम्मीदवार रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को आरक्षण का लाभ उसी राज्य में मिलता है, जिसमें उसका जन्म हुआ है। समरी लाल के नामांकन के समय ही आपत्ति की गई थी और किसी भी गवाह ने अपने बयान में इस बात का समर्थन नहीं किया कि वे यहां के निवासी हैं। अब इस मामले में अदालत गुरुवार को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। समरी लाल की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष और सूरज किशोर प्रसाद ने पक्ष रखा। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया, जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग डी०भी०सी० मंदिर के सामने,**
ईमेलः eedwsd.hazaribagh@gmail.com

**हजारीबाग जिला स्तरीय जल जॉच प्रयोगशाला में बाहरी (General Public) हेतु जल–जॉच शुल्क**

| क्र०सं० | विशेषता | व्यक्तिगत लागत (रूपये में | पैकेज लागत (रूपये में |
|---|---|---|---|
| 1. | गंध (Odour) | 1.00 | 50-00 |
| 2. | रंग (Colour) | 1.00 | |
| 3. | पी०एच (pH value) | 1.00 | |
| 4. | पूर्णतः घुले हुए ठोस पदार्थ (TDS-Total Dissolved solids) | 1.00 | |
| 5. | गंदलापन (Turbidity) | 5.00 | |
| 6. | पूर्ण क्षारीयता (Total Alkalinity) | 20.00 | |
| 7. | पूर्ण खारापन (Total Hardness) | 20.00 | |
| 8. | अवशिषट क्लोरीन (Residual Chlorine) | 1.00 | |
| 9. | क्लोराइड (Chloride) | 50.00 | 50.00 |
| 10. | सल्फेट (Sulphate) | 50.00 | 50.00 |
| 11. | आयरन (Iron) | 50.00 | 50.00 |
| 12. | पूर्ण आर्सैनिक (Total Arsenic) | 100.00 | 100.00 |
| 13. | फ्लोराईड (Fluoride) | 50.00 | 50.00 |
| 14. | नाइट्रेट (Nitrate) | 50.00 | 50.00 |
| 15. | पूर्ण कोलिफार्म बैक्टीरिया (Total Coliform Bacteria) | 10.00 | 100.00 |
| 16. | ई कोली या थर्मोटोलरेंट कोलिफार्म बैक्टीरिया (E. Coli or Thermotolerant coliform bacteria) | 100.00 | 100.00 |

जिला स्तरीय जल जॉच प्रयोगशाला में जाकर अपने जल गुणवता की जॉच आज ही करवाएँ अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रयोगशाला रसायनज्ञ (मोबाईल सं०– 8434462726) से सम्पर्क किया जा सकता है।
निवेदक :– पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR315636 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D


# फायरिंग में शामिल पांच गिरफ्तार, तीन वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** तुपुदाना ओपी के इसलरी चौक के समीप आंनद कुमार सिंह उर्फ कालू के घर पर फाररिंग करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने बताया की मंगलवार को रात को करीब 10.45 बजे से 11.20 बजे के बीच काले रंग की चार पहिया वाहन पर सवार होकर 5-6 अपराधियों ने आंनद के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में आनंद कुमार सिंह के आवेदन के आधार पर कांड का उदभेदन एवं घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हटिया डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटना के 12 घंटों के अंदर इसमें शामिल कुल-5 वाहनों को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सौरभ कुमार सिंह उर्फ सन्नी सिंह राजपूत, अमन मिश्रा उर्फ अभिनव मिश्रा, प्रखर रंजन उर्फ रौशन, अश्विनी रजवार उर्फ जट्टू और सन्नी सिह शामिल है। इनके पास से एक हुंडई क्रेटा कार संख्या जेएच 01 एफए-0002, एक महिन्द्रा एक्सयूभी संख्या-जेएच 01 इएस-0024 और एक महिन्द्रा स्कॉर्पियो जेएच 01 इएक्स-1596 शामिल है।

### चलंत प्रसार वाहन को किया गया रवाना

**बेड़ो।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को देखते हुए ईवीएम, वीवीपैट एवं मतदान के महत्व के संबंध में लोगों को जागरूक करने के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रचार-प्रसार के लिए एलडीयुक्त मोबाइल वैन को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत नोडल पदाधिकारी संजीव कुमार सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सीओ प्रताप मिंज बीडीओ संग्राम मुर्मू सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय मुखिया सुशांति भगत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि मतदाता को मतदान करने का अधिकार है। मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से एलडीयुक्त मोबाइल वैन के माध्यम से मतदाताओं को जानकारी देने व ईवीएम तथा वीवीपैट आदि के संबंध में जागरूक करने का काम किया जाएगा। जन जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के लिए एलडीयुक्त मोबाइल वैन को मांडर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर जाकर नागरिकों को ईवीएम वीवीपैट के बारे जागरूक कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# राम, रामत्व और रामराज्य पुनर्प्रतिष्ठापना का आ गया समय : बिनोद बंसल

**नवीनं मेल संवाददाता। रांची** विश्व हिंदू परिषद् के केन्द्रीय प्रवक्ता बिनोद बंसल रांची प्रवास के क्रम में बुधवार को रांची के प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अयोध्या का पूजित अक्षत और नूतन मंदिर का चित्र देकर 22 जनवरी 2024 को होने वाले 11 से एक के बीच का अनुष्ठान में सम्मिलित होने, अयोध्या जी के आरती के साथ महाआरती करने और रात्रि में भव्य दीपोत्सव मनाने के साथ-साथ अपने समय अनुसार अयोध्या जाने का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान विनोद बंसल ने कहा कि राम, रामत्व और रामराज्य पुनर्प्रतिष्ठापना का समय आ गया। पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के कार्य में बनवासी-जनजाति बंधुवों का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बंसल ने कहा कि श्रीरामजी के युवा जीवन का 14 वर्ष वनों में रहने वाले सभी जनजातीय एवं वनवासी बंधुवों के बीच बिताये। उनके अधिकारों की रक्षा किये और उनके ऊपर हुए आघातों का विरोध करते हुए उनके साथ मिलकर लड़े। उसी कारण विद्वान, साधन-संपन्न और महापराक्रमी राक्षसों का राजा रावण पर विजय प्राप्त किये थे। उन्होंने कहा ऐसे भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य भूमि को नमन करते हुए सभी जनजातीय एवं वनवासी बंधु-बांधवों को निमंत्रण करने आया हूं। उन्होंने कहा रामजी का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम का विश्लेषण करना साधारण बात नहीं है। यह भारत ही नहीं विश्व में रहने वाले समस्त हिंदू समुदाय के लिए यह विस्मरणीय पल होगा। अयोध्या जी में बनने वाला श्रीराम मंदिर राष्ट्र मंदिर के रूप में समस्त हिंदू जनमानस की चेतन को जगाता रहेगा। विहिप के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने क्लब के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि प्रेस मीडिया आज हर विचार को दूत बनकर घर-घर और जन-जन तक पहुंचाता है, ऐसे विराट स्तंभ भगवान राम की भी प्रति श्रद्धा रख रहे हैं।


**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना :– J.M.C/ 09/2023-24 (2nd call)

Date – 09.01.2024

मद् का नाम :– नागरिक सुविधा मद

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF R.C.C. DRAIN FROM VIJAY MODI AND UMESH YADAV HOUSE TO SAROJLAL HOUSE VIA BABLU MODI, BANDHAN CHAUDHARY, SUBHAS MODI AND VIJAY SAW HOUSE AT GAS GODAM GALI IN WARD NO. 23 & 24 UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD. | 2498900.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Month |

1 Only E-Tender will be accepted
2. नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.01.2024 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 27.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
5. निविदा खोलने की तिथि : 29.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7004716767, 9835420400
7. E-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रोद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक – 120, दिनांक– 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग , झारखण्ड, राँची का पत्रांक 05/विविध (e-tender)–12/2023/न0वि0–4847 (अनु0) दिनांक– 11.10.2023 के तहत ली जायगी।
8. निविदा शूल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 315681 (Urban Development) 23-24 (D)

# नितेश कुमार के मौत की जांच की मांग पर लोहरा समाज ने लालपुर चौक जाम किया

## सिटी एसपी के समझाने और दोषी पाये जाने पर कार्रवाई के आश्वासन के बाद माने लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उत्पाद विभाग के हाजत में डंगरा टोली निवासी नितेश कुमार की मौत का मामला शांत नहीं हुआ है। नितेश की मौत के बाद से उसके परिजन और स्थानीय लोग लगातार न्याय की मांग कर रहे है। परिजनों का कहना है कि नितेश ने हाजत में आत्महत्या नहीं किया, बल्कि उसकी हत्या की गयी है। मामले में न्याय और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को सुबह बड़ी संख्या में लोहरा समाज के लोग लालपुर चौक पहुंचे। नाराज लोगों ने उत्पाद विभाग पर नितेश कुमार की हत्या का आरोप लगाया। परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नितेश की हत्या की गई है।



इसलिए उसके हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। नितेश कुमार घर के अकेले कमाने वाले व्यक्ति थे, जिसके बाद अब कोई कमाने वाला नहीं है। लोहरा समाज के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर लालपुर चौक को जाम कर दिया है। चौक की घेराबंदी कर लोगों ने आक्रोश प्रदर्शन किया। प्रदर्शन और जाम के कारण लंबे समय तक ट्रैफिक भी बाधित रही। जाम की सूचना पर पहुंचे सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने आक्रोशित लोगों को समझाया। उन्होंने कहा कि इस मामले की पुलिस जॉच कर रही है। मामले में जो भी दोषी होंगे उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला

शनिवार 6 जनवरी को उत्पाद विभाग की टीम ने डंगरा टोली के रहने वाले नितेश लोहरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था। चार लोगों को फाइन लेने के बाद छोड़ दिया गया। नितेश को उत्पाद भवन के हाजत में बंद कर दिया गया। कथित तौर घर उसने शनिवार की शाम को हाजत के बाथरूम में लगे हुक में फंदा डालकर उससे झूल गया। बताया गया कि उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने आनन-फानन में नितेश लोहरा को सदर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भारी संख्या में तैनात थे पुलिस के जवान

चौराहे को जाम कर देने की वजह से चारों तरफ जाम लग गया। भीड़ सड़क पर किसी तरह का उत्पात में न मचा पाए इसलिए भारी मात्रा में पुलिस बल को लालपुर चौक पर तैनात किया गया था। जाम कर रहे लोग शांतिपूर्ण तरीके से सड़क पर बैठे थे। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद सभी शांत हुए और जाम हटा दिये। जिसके बाद यातायात सामान्य हो गयी।

# आयकर कटौती के बारे में करदाताओं को जानना जरूरी : डॉ अभिजित

### राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम में हिंदी कार्यशाला सह संगोष्ठी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान कार्यालय, नामकुम में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के स्तर पर एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला सह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य आयकर आयुक्त, रांची एवं अध्यक्ष कुमार संजय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों से लगभग 125 कार्मिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ अभिजित कर भी उपस्थित थे। उद्घाटन सत्र का संचालन समिति के सदस्य सचिव डॉ सूर्यकांत सामल, सहायक निदेशक(राजभाषा) ने किया। निदेशक डॉ अभिजित कर ने




कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य आयकर आयुक्त रांची ने इस कार्यशाला के अंतर्गत चुने गये विषयों के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि विभिन्न स्त्रोतों पर आयकर की कटौती एक महत्वपूर्ण विषय है। जिसके बारे में सभी करदाताओं को जानना आवश्यक है। प्रथम सत्र में मनीष झा ने विभिन्न स्त्रोतों पर आयकर की कटौती (टीडीएस) के विषय के बारे में अपना महत्वूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र में श्रीमती अंकिता रानी, प्रबंधक (राजभाषा) कैनरा बैंक, रांची ने हिन्दी कंठस्थ टूल्स एवं डॉ अंजेश कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी, सेवानिवृत्त, राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, पत्रिकारिता एवं राजभाषा हिन्दी विषय के बारे में अपने अनुभवों को उपस्थित कार्मिकों के साथ साझा किया। विक्रम साव, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने धन्वयवाद ज्ञापन किया।

## एक नजर

### श्री महावीर मंडल डोरंडा की ओर से अयोध्या के अक्षत का वितरण

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति एवं बाजार मोहल्ला महावीर मंडल की ओर से डोरंडा बाजार क्षेत्र में अक्षत का वितरण किया गया। सदस्यों ने घर-घर जाकर कर लोगों को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया और 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में दिया जलाने एवं बजरंगबली का पताका लगाने की अपील की। अक्षत के साथ पत्रक एवं राम मंदिर का प्रारूप भी वितरण किया गया। वितरण में बजरंग प्रसाद गुप्ता, संजय पोद्दार, पप्पू वर्मा, अनिल गुप्ता, विनय गुप्ता, रमेश गुप्ता, उमेश बर्मन, आयुष गुप्ता, शुभम गुप्ता, आयुष गुप्ता, जीतू गुप्ता, आकाश गुप्ता, अमनदीप गुप्ता, मारुति रौनक और बजरंग वर्मा शामिल थे।

### मारवाड़ी कॉलेज के पांच विधार्थी पीएचडी प्रवेश परीक्षा में हुए उत्तीर्ण

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज के फैशन डिजाइनिंग विभाग के पांच छात्र व छात्राओं ने पीएचडी की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होकर कॉलेज का नाम रौशन किया। फैशन डिजाइनिंग विभाग के पांच उत्तीर्ण छात्र खुशबू कुमारी, माया कुमारी, सरवर तिर्की, पुनीता कुमारी एवं संगीता बारला ने प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, प्रोफेसर इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, प्लेसमेंट सेल के एसिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती व फैशन डिजाइनिंग विभाग की एचओडी डॉ डेजी सिन्हा से शिष्टाचार मुलाकात किया। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने उत्तीर्ण पांचों छात्र व छात्राओं को बधाई दी।

### बाजार में बाउंड्रीवाल को ग्रामीणों ने तोड़ा

**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा बाजार में बुधवार को ग्रामीणों ने जमीन दलालों की ओर से बाजार में किए निमार्णाधीन बाउंड्रीवाल को बुधवार को तोड़ दिया। साथ ही ग्रामीणों ने दलालों को चेतावनी देते हुए कहा कि लटमा बाजार को कब्जा या घेराबंदी किया गया, तो वे दलालों को क्षेत्र में घुसने नहीं देंगे। घटना की सूचना मिलते ही विधायक नवीन जायसवाल और जगन्नाथपुर थानेदार अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।

# हरमू थोक सब्जी-फल मंडी में पीने का पानी तक नहीं, शौचालय रहता है गंदा

## रोजाना होता है लाखों का कारोबार फिर भी व्यापारियों को नहीं है बैंक की सुविधा

**अमित कुमार। रांची**

राजधानी में फल व सब्जी का थोक बाजार हरमू बाईपास पर स्थित है। यहां से पूरे शहर का सप्लाई चेन जुड़ा है। यहां बड़े-बड़े वाहनों में कई ट्रक माल प्रति दिन आते है। इस काम में सैंकड़ों व्यापारी लगे हुए हैं। उसके साथ उनके सहयोगी व कर्मचारी कार्य कर रहें हैं। लेकिन विडंबना है कि यहां पीने के लिए पानी नहीं है। जिन्हें प्यास लगती है वे 500 मीटर दूर चौराहे के पास से पानी लेकर आते हैं। व्यापारियों ने कहा कि यहां महीने में 25 लाख से अधिक का व्यापार होती है। इसके बावजूद पैसे की जमा और निकासी के लिए एक एटीएम तक नहीं है। यहां के बड़ें व्यापारियों ने बताया कि कई बार अधिक माल मंगाना होता है। किसी कारण माल कई दिनों तक स्टॉक करने की नौबत आ जाती है। ऐसे में एक कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता है। लेकिन यह सुविधा भी हमें नहीं मिला है, जिस कारण हमारा माल जल्द खराब होता है।



### पेयजल के लिए निगम को दी गयी है सूचना



अर्जुन राम, पूर्व पार्षद वार्ड 25 ने बताया कि मंडी में बैंक की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मंडी सुबह के 10 से 11 बजे तक संचालित होती है।

### हाजी जावेद अख्तर



कनवीनियर फ्रूट एंड वेजिटेबल, एफजेसीसीआई सदस्य जावेद अख्तर ने बताया कि फल मार्केट में रोजाना कई बड़े वाहनों का आना जाना लगा रहता है। यहां की सबसे बड़ी समस्या पीने का पानी है। सुचारु रुप से बाजार की शुरूआत हुए पांच साल से अधिक हो गया है। यहां बैंक की व्यवस्था सहित एक कोल्डस्टोरेज की जरुरत हैं।

### आधारभूत सुविधा की जरूरत : किशोर मंत्री



एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि व्यापार के लिए आधारभूत सुविधा को प्राथमिकता जिस राज्य में मिलता है। वहां कारोबार अधिक सफल होते है। गुजरात इसका उदाहरण है।

### शौचालय गंदा रहता है : परवेज

हाजी परवेज अखतर मंडी संचालक ने बताया कि बाजार की शुरूआत जमीन का एलॉटमेंट के साथ 23 वर्ष पूर्व शुरू हो गया था। लेकिन यह पूर्ण रुप से पांच साल



पहले अस्तित्व में आया है। तब यहां न तो सड़क थी और न ही शौचालय। हाल में निगम द्वारा एक शौचालय बनाया गया है। लेकिन यह शौचालय अधिकांश समय गंदा ही रहता है।

# छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, हमें इसे निखारना है : प्रो अजीत सिन्हा



### रांची विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय युवा महोत्सव कल्पतरू का हुआ रंगारंग शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के तीन दिवसीय पीजी युवा महोत्सव कल्पतरू का उदघाटन कुलपति प्रो (डा.) अजीत कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर किया। आर्यभट्ट सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पीएफए विभाग के छात्र कलाकारों ने राष्ट्रगान, कुलगीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति से की। कुलपति डा. सिन्हा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं। हमारे रांची विश्वविद्यालय के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, हमें इसे निखारना है। कहा कि जीवन में बहुत सारी चीजें हम पूर्व से लेकर आते हैं पर मित्रता, विजन, कला को हम स्वयं चुन और निखार सकते हैं। हम अपने इंडियन नौलेज सिस्टम को अपनायें, अपनी संस्कृति को समृद्ध करें, अपने पारंपरिक परिधान तक को महत्व दें यह आवश्यक है। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहु ने स्वागत भाषण में कहा कि हम पढ़ाई के साथ छात्रों के सर्वांगिन विकास के लिये प्रयत्नशील हैं। मौके पर कुलपति ने पीएफए विभाग के छात्र की बनाई गयी पेंटिग भेंट की गयी। पीएफए की छात्रा शिल्पा ने मोहक शिव स्तुति तथा प्रिया ने छनन छनन नाचे गिरधारी ठुमरी नृत्य प्रस्तुत किया।

# बरियातु से अपहृत नाबालिग छात्रा कोलकाता से बरामद, दो गिरफ्तार

## स्कूल वैन का ड्राइवर मो माजिद ने ही किया था अपहरण, सहयोगी भी धराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू के इदगाह मैदान के समीप से 30 दिसंबर की सुबह अपहृत छात्रा को पुलिस मंगलवार को कोलकाता से बरामद कर लिया है। छात्रा के स्कूल वैन का ड्राइवर ही अपहरणकर्ता निकला। जिसे पुलिस ने 10 दिनों बाद डोरंडा से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी ड्राइवर का नाम माजिद है। आरोपी माजिद बहुत ही शातिर अंदाज में टेंपो से छात्रा का अपहरण कर बुंडू ले गया था। जहां उसे अपने परिचित के हवाले कर दिया था। ड्राइवर के परिचित ही अपहृत छात्रा को लेकर कोलकाता पहुंचा था। जहां उसे अपने पास कब्जे में रखे हुए था। फिलहाल गिरफ्तार अपहरणकर्ता से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। इस कांड में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाने



का प्रयास कर रही है। अपहृत छात्रा को बरामद कर रांची लाने के बाद मेडिकल जांच कराकर हटिया स्थित सेल्टर होम भेज दिया गया। सिटी एसपी ने बताया कि घटना के बाद निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरियातु के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगी सीसीटीवी फुटेज से जानकारी हासिल करने के बाद नाबालिग को कोलकत्ता से बरामद किया। तथा नाबालिग के अपहरण करने वाला डोरंडा निवासी मो माजिद तथा मौलाना आजाद कॉलोनी, कांटा टोली के रहने वाले मो अरबाज अंसारी को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त ऑटो संख्या जेएच 01 इएफ 9494 को बरामद कर लिया है।

### विजन आरोग्यम ने समाज सेवा के कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**रांची।** चैंबर भवन में विजन आरोग्यम द्वारा भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। विजन आरोग्यम के द्वारा चैंबर भवन में समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए भारतीय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत प्रकोष्ठ के केंद्रीय सचिव सैयद राशिद हुसैन एवं केंद्रीय अपर सचिव सौरव प्रसाद को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मेयर आशा लकड़ा ने आईपीजीसी के महिला प्रदेश अध्यक्ष निगार सुल्ताना, प्रदेश सचिव सागोरिका सरकार, जेबा सबूही, शबाना अफरोज, स्वप्ना चैटर्जी, जेबा कमर और रौशन आरा को भी गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए सम्मानित किया। आईपीजीसी के द्वारा समाज के गरीब परिवारों को आर्थिक मदद भी की गई है। स्वास्थ के क्षेत्र में ब्लड की व्यवस्था, चिकित्सकीय सहायता भी बराबर उपलब्ध कराई जाती है।



### झारखंड पैसेंजर्स एसोसिएशन के सचिव मिले डीआरएम से, सौंपा मांगपत्र

**रांची।** झारखंड पैसेंजरस एसोसिएशन के प्रदेश सचिव एवं रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य प्रेम कटारूका ने डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा से मिलकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन में रेल सेवा में सुधार और सुविधाओं के विस्तार से संबंधित मांग की गयी है। जिसमें हटिया स्टेशन पर साधारण टिकट काउन्टरों की संख्या बढ़ाने और प्रवेश द्वार के पास से हटाकर आरक्षण काउंटर के हॉल में स्थापित करने, हटिया-हावड़ा-हटिया सहित अन्य यात्री गाड़ियों के घंटों विलंब से चलने के कारणों का निवारण कर समय पर चलाने, राजधानी एक्सप्रेस में यात्रियों को बासी व घटिया खाना दिए जाने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करने और रांची रेल मंडल अंतर्गत सिंगल रेल लाईनों का दोहरीकरण कराने की मांग की गयी है।



### श्रीमदभागवत कृष्ण कथा और भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**रांची।** परमहंस संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज द्वारा संचालित एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट में श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा, भंडारे एवं नृत्य कार्यक्रम आयोजन किया। पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में 10 मरीजों की क्षमता वाली लिफ्ट लगाया गया है। संस्था के सदस्यों व उनके परिवार के सौजन्य से 129 वॉ श्री भागवत प्रसाद भंडारे का वितरण किया गया। भंडारे मे भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में ओडिशा के भजन गायक स्वर्ण रेखा महंता एवं ग्रुप और कलकता की रास मंडली के मनमोहक प्रस्तुति से लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। शुरूआत मे भक्त प्रहलाद की कथा का मंचन नृत्य नाटिका के संग किया।



### परिवर्तन झारखंड कार्यक्रम से ग्रामीण विकास को सशक्त बनाएगा एचडीएफसी बैंक

**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने परिवर्तन झारखंड कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के माध्यम से आजीविका को मजबूत कर रहा है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य ग्रामीण विकास के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2,716 घरों के 12,000 से अधिक व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। एचडीएफसी बैंक में सीएसआर की प्रमुख नुसरत पठान ने कहा का उद्देश्य रामगढ़ जिले में जीवन में सुधार लाना है। इस पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य महत्वपूर्ण जरूरतों का सतत विकास करके सकारात्मक बदलाव लाना है। यह परियोजना सिंचित कृषि क्षेत्रों को बढ़ाने और कृषि आय को बढ़ावा देने के लिए सिंचाई और वनस्पति कवर के तहत 200 एकड़ अतिरिक्त भूमि प्राप्त करने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, इसका लक्ष्य जल पहुंच, स्वच्छता, स्वच्छता, वृक्षारोपण, सौर स्ट्रीट लाइटिंग और सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदलना है।

## महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारी की नियुक्त

# सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान वाहन रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से आज से सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान शुरू की गयी है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ सोशल मीडिया महाअभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने सभी स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया है। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है। उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है। इस महाअभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के डीएसई, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावक अनिवार्य रूप से भाग लेंगे। इस महाअभियान में समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल होंगे।



### विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों से सीधा संबंध स्थापित करे

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने विशेष रूप से कहा कि विद्यालय प्रबंधन और माता/पिता एवं अभिभावकों के बीच सीधा संबंध स्थापित करने के लिए सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ शुभारम्भ किया गया है। प्रायः देखा गया है कि बच्चें माता/पिता/अभिभावकों से झूठ या कोई बहाना बना कर स्कूल नही जाते है। जिसके कारण बच्चों में ड्रापआउट की समस्या बढ़ती जा रही थी। जिससे स्कूलों में उपस्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा था। इसलिए इस अभियान से माता/पिता/अभिभावक जान पाएंगे की स्कूल खुला है या बंद है। इस अभियान से बच्चों की उपस्थिति निश्चित रूप से बढ़ेगी। इसके लिए सभी संबंधित को प्रशिक्षण दे दिया गया है। उपायुक्त ने सभी बच्चों और उनके माता/पिता/अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल समय पर और नियमित रूप से भेजें ताकि बच्चों का भविष्य अच्छा बनें।

### नोडल पदाधिकारी नियुक्त

सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी, रुआर और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा।

### सभी सोशल मीडिया माध्यमों का करें इस्तेमाल

राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट किया है कि इस सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए सोशल मीडिया के सभी माध्यमों का पूरा इस्तेमाल करें। सिर्फ एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ही नहीं, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और कू एप का भी इस्तेमाल सुनिश्चित करें।

### पुरुषोत्तम श्रीराम का विशेष महोत्सव 22 जनवरी को मनाया

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का विशेष महोत्सव 22 जनवरी को मनाया जाएगा। रामनगरी अयोध्या में 550 वर्षों के बाद 22 जनवरी को श्री रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के लिए श्री श्याम मित्र मंडल की एक बैठक अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू को कार्यक्रम का संयोजक एवं मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को उपसंयोजक बनाया गया है। उस दिन मंदिर में विराजमान देवी देवताओं को विशेष पोशाक पहनाकर दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। विशेष पूजन अनुष्ठान के बाद हवन का कार्यक्रम होगा। विशेष आरती में 11000 लड्डू का भोग अर्पित कर आतिशबाजी दीपोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक अजय मारू, उपसंयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बड़ी एलइडी स्क्रीन से किया जाएगा।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिर्पोटर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिर्पोटर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# मकर संक्रांति 15 जनवरी को, 16 से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

### दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मकर संक्रांति का त्योहार 15 जनवरी को मनाया जायेगा। साथ ही मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। एक माह के बाद सूर्य देव के उत्तरायण होते ही शहनाई गूंजने लगेगी। सनातनी दही-चूड़ा और खिचड़ी ग्रहण कर विभिन्न संस्कार के साथ नये कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे। इस संबंध में पंडित रामदेव पाण्डेय ने बताया कि सोमवार को सूर्य देव तड़के दो बजकर 54 मिनट पर धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। अतः उदया तिथि के अनुसार, मकर संक्रांति का मान सोमवार को होगा। इसका पुण्यकाल सुबह 07:15 मिनट से शाम 06: 21 मिनट तक और महा पुण्यकाल प्रातः 07:15 मिनट से पूर्वाह्न 09: 06 मिनट तक रहेगा। उन्होंने बताया कि महा पुण्यकाल में गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करके भगवान सूर्य को अर्घ्य देने से कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। जीवन में सुख-सौभाग्य बना रहता है। उन्होंने बताया कि गंगा स्नान न कर पाने की स्थिति में जल में तिल डालकर स्नान करना भी श्रेयष्कर होगा। वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व देशभर में विभिन्न नामों से मनाया जायेगा। दक्षिण भारत में पोंगल, पंजाब में इसे लोहड़ी और असम में माघ बिहू पर्व के रूप में मनाया जाता है लेकिन झारखंड में यह त्योहार टुसू पर्व के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है।

इस दिन कई ग्रामीण इलाकों में टुसू मेला लगता है। इसमें बड़ी संख्या में लोगबाग इसमें भाग लेकर खुशियां मनाते हैं। फसल काटने के बाद मनाया जाने वाला यह पर्व सबके लिए अलग महत्व रखता है।

#### झारखंड में मनेगा टुसू पर्व



#### विवाह के शुभ मुहूर्त

**जनवरी** 16, 17, 20, 21, 22, 27, 28, 30 और 31
**फरवरी** 04, 06, 07, 08, 12, 13, 17, 24, 25, 26 और 29
**मार्च** 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 10, 11, 12

## एबीवीपी ने युवा दिवस पर खेल महोत्सव का किया आयोजन



**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में युवा दिवस पर दो दिवसीय खेल महोत्सव का बुधवार को आयोजन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विश्वविद्यालय के स्पोर्ट डायरेक्टर अभय सागर मिंज एवं परीक्षा नियंत्रक आशीष गुप्ता ने किया। इस महोत्सव के प्रथम दिन रस्सा-कस्सी, वॉलीबॉल का आयोजन किया गया। इसमें कई विभागों के छात्र-छात्राओं की टीमों नें भाग लिया। वॉलीबॉल और रस्सा-कस्सी का फाइनल मैच का आयोजन प्रो तपन शांडिल्य सर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रस्सा-कस्सी में अनिल कुमार की टीम विजयी हुई, भोला का फौज टीम उपविजेता हुई और बालकिशुन महतो की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं वॉलीबॉल में "वॉली क्लब" की टीम विजेता और डीएसपीएमयू स्पाइकर" की टीम उपविजेता रही। मौके पर उपस्थित कुलपति डॉ. तपन शांडिल्य ने कहा कि युवा महोत्सव के उपलक्ष्य मं परिसर में विद्यार्थी परिषद ने इस प्रकार के खेल-कूद का आयोजन करवाया जो काफी सराहनीय है, मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर के खिलाफ गुजरात व तमिलनाडु में भी मुकदमा दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के पूर्व बिजनेस पार्टनर आरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मिहिर दिवाकर और सौम्या दास की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। उनके खिलाफ गुजरात और तमिलनाडु में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए हैं। उन पर आरोप है कि धोनी की ओर से करार रद्द कर दिए जाने के बावजूद उन्होंने कई जगहों पर उनके नाम पर एकेडमी खोलना जारी रखा और गलत तरीके से पैसों की उगाही की। मिहिर दिवाकर रणजी खिलाड़ी रहे हैं और धोनी के साथ भी खेल चुके हैं। अहमदाबाद के वस्त्रापुर पुलिस स्टेशन में एमआर इंटरप्राइजेज नामक कंपनी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि वर्ष 2020 में मिहिर दिवाकर और सौम्या दास ने उनसे संपर्क किया और बताया कि महेंद्र सिंह धोनी देश के विभिन्न हिस्सों में क्रिकेट अकादमी शुरू करना चाहते हैं और इसे चलाने का 10 साल का अधिकार उन्हें दिया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अब तक कुल 2 करोड़ 11 लाख 75 हजार रुपये ठग लिए गए। बाद में पता चला कि मिहिर दिवाकर और सौम्या दास को क्रिकेट अकादमी खोलने का दिया गया अधिकार धोनी ने 15 अगस्त 2021 को रद्द कर दिया है। इसी तरह एक अन्य एफआईआर तमिलनाडु के हुडको पुलिस स्टेशन में होसुर के श्री श्रद्धा एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव चंद्रशेखर ने दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने धोनी के नाम का सहारा लेकर 35 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया है।

# शहरी मजदूरों को गांववालों से ज्यादा मजदूरी मिलेगी

### शहरी क्षेत्रों में अधिक होगी न्यूनतम मजदूरी, ग्रामीण क्षेत्रों में कम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने अब अलग-अलग न्यूनतम मजदूरी लागू करने का निर्णय लिया है। नगर निकाय क्षेत्रों में न्यूनतम मजदूरी अधिक होगी। अन्य क्षेत्रों में इससे कम मजदूरी लागू होगी। इसे लेकर विभिन्न क्षेत्रों को शहरीकरण के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। साथ ही न्यूनतम मजदूरी में संशोधन करते हुए इसकी राशि भी बढ़ाई गई है। फिलहाल इसपर लोगों से आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों पर विचार करने तथा दो माह बाद इसे लागू किया जाएगा। क्षेत्रों के आधार पर न्यूनतम मजदूरी तय करने का निर्णय झारखंड न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की सहमति के आलोक में लिया गया है। पर्षद ने ही न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की अनुशंसा की थी। पर्षद की सहमति पर ही नियोजनों की सूची में नए नियोजन भी जोड़े गए हैं। इसमें कोचिंग संस्थानों तथा सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को भी सम्मिलित किया गया है। कुल 90 नियोजनों को दो श्रेणियों में बांटा गया है।

पहली श्रेणी में 49 तथा दूसरी श्रेणी में 41 नियोजनों को सम्मिलित किया गया है। दोनों श्रेणियों की अलग-अलग न्यूनतम मजदूरी तय की गई है। पहली बार न्यूनतम मजदूरी को पूर्णांक में तय किया गया है।

#### न्यूनतम मजदूरी में भी होगा संशोधन सूची में नए नियोजन भी जुड़े



#### किस श्रेणी में आएगा कौन सा क्षेत्र

**ए श्रेणी :** रांची नगर निगम, चास नगर निगम, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, हजारीबाग नगर निगम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, आदित्यपुर नगर निगम
**बी श्रेणी :** ए श्रेणी के क्षेत्र को छोड़कर अन्य सभी जिलों के नगर निकाय
**सी श्रेणी :** राज्य के अन्य क्षेत्र।

## कोर्ट की खबरें

### दिनेश गोप के सहयोगी निवेश से पांच दिनों की ईडी ने मांगी रिमांड

**रांची।** मनी लांड्रिंग के आरोप में पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी ने बुधवार को पांच दिनों की रिमांड ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय से मांगी है। बुधवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर आंशिक सुनवाई हुई। इस दौरान निवेश की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी की ओर से उपस्थित विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किया गये थे।

### अफसर और शोभराज को जमानत देने से तीसरी बार इनकार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा की हत्या के आरोपित अफसर आलम ऊर्फ छोटू उर्फ लंगड़ा और शोभराज महतो को बेल देने से बुधवार को तीसरी बार इनकार कर दिया। लंगड़ा ने वकील के माध्यम से हाई कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी, जिसपर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद अदालत ने लंगड़ा की याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में कई लोग आरोपित हैं। सभी आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### बिस्कोमान के एमडी को 12 को दोबारा उपस्थित होने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में बिस्कोमान कर्मी की सेवानिवृत्ति लाभ नहीं मिलने एवं कुछ अवधि के वेतनमान का भुगतान अब तक नहीं होने के मामले में दाखिल याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने बिस्कोमान के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) को पुनः 12 जनवरी को वर्चुअली उपस्थित होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने एमडी को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करें एवं अगली सुनवाई में जवाब दायर करें। दरअसल, दुमका, बिस्कोमान में कार्यरत विजय बहादुर सिंह 31 अगस्त, 2007 को सेवानिवृत हुए थे। बिस्कोमान की ओर से उन्हें कुछ अवधि का वेतनमान एवं सेवानिवृत्ति लाभ नहीं दिया जा रहा था। हाई कोर्ट द्वारा मामले में बिस्कोमान को नोटिस जारी किए जाने के बाद भी बिस्कोमान की ओर से कोई जवाब दाखिल नहीं हो सका था, जिस पर हाई कोर्ट ने पटना के एसपी को बिस्कोमान के एमडी को कोर्ट के समक्ष हाजिर करने का निर्देश दिया था।

## मंत्री हफीजुल हसन से मिला डोरंडा नागरिक समिति का प्रतिनिधि मंडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा नागरिक समिति उपाध्यक्ष अरशद कुरैशी के नेतृत्व में डोरंडा नागरिक समिति का एक प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की और उन्हें फूल, माला ,बुके, शॉल, चुनरी दे कर डोरंडा नागरिक समिति के तरफ से सम्मानित किया गया, साथ ही डोरंडा नागरिक समिति के द्वारा एक ज्ञापन दिया गया ,जिसमे जिला राँची अरगोड़ा अंचल अंतर्गत डोरंडा छेत्र भूमि का मालगुजारी राशिद काटने एवं भूमि को लीज मुक्त कराने के लिए दिया। जिस पर माननीय मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि सबसे पहले आप लोगों का शुक्रिया सम्मान देने के लिए ।

मैं माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी तक आप की आवाज पहुँचा दूँगा और पूरी कोसिस करूँगा डोरंडा छेत्र की भूमि को लीज मुक्त कराने के लिए। आप लोग काम करें जहां मेरी जरूरत पड़ेगी हम वहां पर आपको खड़े मिलेंगे।

## रांची विवि में मतदाता जागरूकता शिविर

**रांची।** यूनिवर्सिटी के इकोनॉमिक्स डिपार्टमेंट में दिनांक- 10 जनवरी 2024 को भावी मतदाताओं के लिए किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन । जहाँ विद्यार्थियों ने जाना कि अब घर बैठे भी वोटर आईडी कार्ड के लिए कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन। उन्हेंने राष्ट्रीय मतदाता पोर्टल voterportal.eci.gov.in वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप जो मतदाताओं की सुविधा के लिए लॉन्च किया गया है इसकी भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं ने सारी जरूरी जानकारियों को सिख सकारात्मक सोच के साथ निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने का निश्चय किया।

## कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार हैं राहुल गांधी : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सूचना भवन कांके के पास जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कहा कि वास्तव में कांग्रेस की यह यात्रा न्याय यात्रा नहीं, बल्कि अन्याय यात्रा है। राहुल गांधी ने जब पिछली बार भारत जोड़ो यात्रा की थी तो उसका लगभग 90 प्रतिशत का लाभ भाजपा को हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांग्रेस मुक्त भारत की परिकल्पना के सबसे बड़े सूत्रधार राहुल गांधी ही हैं। असल में कांग्रेस की न्याय यात्रा अपने अन्याय को छिपाने के लिए है। यदि कांग्रेस चाहती तो वर्षों पहले झारखंड राज्य अलग हो गया होता लेकिन कांग्रेस ने ऐसा होने नहीं दिया। कांग्रेस अपने अन्याय, करतूतों को छिपाने के लिए ही यह न्याय यात्रा कर रही है।

बाउरी ने झारखंड के पुत्र और झारखंड आंदोलन में अपनी अग्रिम भूमिका निभाने वाले जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। उन्होंने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन को बौद्धिक पहचान देने और बौद्धिक रूप से जनमानस को प्यार करने वालों में से थे।

माटी के पुत्र का इतने बड़े ओहदे तक जाना हम सबको प्रोत्साहित करता है। इस मौके पर विधायक सीपी सिंह, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव समेत अन्य भी उपस्थित थे।

#### जस्टिस एलपीएन शाहदेव की पुण्यतिथि पर नेता प्रतिपक्ष ने दी श्रद्धांजलि



## खूंटी के बिरसा कॉलेज में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**खूंटी।** विश्व हिंदी दिवस पर बिरसा कॉलेज खूंटी में गुरुवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जे किड़ो ने विश्व पटल पर हिंदी की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से जल्द ही हिंदी भी यूएन की भाषा बनेगी। सीके भगत ने हिंदी को बोलियों का समुच्चय बताया और कहा कि हिंदी कैसे विविधताओं से भरी है। राजकुमार गुप्ता ने हिंदी को संवेदना से जोड़कर इसके महत्व को बताया। डॉ अभिषेक ने हिंदी को महत्व दिलाने में पत्रिकाओं की भूमिका की चर्चा की। डॉ परेशांति सांगा ने रोजमर्रा में हिंदी के प्रयोग का उदाहरण देते हुए इसका महत्व

## धीरेंद्र शास्त्री के कथा आयोजन पर बैठक में नहीं बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री सरकार की हनुमंत कथा कराने के लिए आयोजन समिति की प्रशासन के बैठक बुधवार को हुई। जिले के प्रभारी डीसी सह उपविकास आयुक्त रवि आनंद ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिले के एसपी रीष्मा रमेशन, सदर एसडीओ



अनुराग तिवारी के अलावा अन्य संबंधित विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक के बाद प्रभारी उपायुक्त ने कहा कि आयोजन समिति के पास आयोजन को लेकर अधूरी तैयारी थी। उनसे कई मामलों में जानकारी मांगी गई तो वह प्रश्नों का जवाब नहीं दे पाए। उन्हें सलाह दी गई है कि आयोजन को लेकर हर स्तर पर तैयारी करके अगली बैठक में आए तो उसे पर निर्णय लिया जाएगा। उपविकास आयुक्त ने बताया कि इधर स्पेशल ब्रांच की भी रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाई है। रिपोर्ट और आयोजन समिति की पूरी तैयारी के बाद पुनः बैठक होगी और उसमें अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

# वीर गाथा में राज्य को तीन आयु वर्ग में मिले पांच पुरस्कार

### प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वीर गाथा परियोजना के तहत वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी गयी है। राज्य को तीन आयु वर्ग में पांच पुरस्कार मिले हैं। कक्षा 6 से 8 वर्ग में अमन महतो और रौनक राज को पेंटिंग में, कक्षा 9 और 10 वर्ग में प्रतिवा सेन को पेंटिंग, कक्षा 11 और 12 वर्ग में हर्ष द्विवेदी और सुशांत कुमार ने पेंटिंग में पुरस्कार हासिल किया है। झारखंड ने वीर गाथा परियोजना 3.0 पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं पर कला, कविता, निबंध और मल्टीमीडिया जैसे विभिन्न मीडिया के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं को तैयार किया था, जिसे रक्षा मंत्रालय को भेजा गया था। जिला व राज्य स्तर पर मूल्यांकन के बाद इन परियोजनाओं को राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया था। राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की समिति ने किया, जिसका गठन शिक्षा मंत्रालय ने किया था।

**वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में आयी 4098 प्रविष्टियां :** वीर गाथा परियोजना के तीसरे संस्करण में सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1.36 करोड़ से अधिक स्कूली छात्रों ने भाग लिया था। छात्रों ने सशस्त्र बलों के अधिकारियों, कर्मियों की बहादुरी और बलिदान को सम्मान देने के लिए कवितायें, पेंटिंग, निबंध, वीडियो आदि के रूप में 4098 प्रविष्टियां भेजी। इनमें सर्वाधिक 720 प्रविष्टियां यूपी ने भेजी थी।

#### झारखंड ने पुरस्कारों के लिए 72 प्रविष्टियां भेजी थी




#### राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 का चयन

राज्यों से भेजी गयी प्रविष्टियों में टॉप 100 का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। इन्हें सुपर 100 कहा जाता है। वीर गाथा परियोजना 3.0 के 100 विजेताओं (राष्ट्रीय स्तर पर) को चार अलग अलग कक्षा वर्ग श्रेणियों में पुरस्कार दिया जाता है। इनमें कक्षा 3 से 5, 6 से 8, 9 व 10, 11 व 12 के लिए शीर्ष 25 बच्चों का चयन होता है। प्रत्येक विजेता को रक्षा मंत्रालय की ओर से 10,000 रुपये कैश प्राइज और सर्टिफिकेट दिया जाता है।

## 14 को अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे मंत्री

**पाकुड़।** 13434 डाउन मालदा टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव पर मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रेल राज्य मंत्री राव साहब दानवे पाटिल एवं पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूर्व रेलवे के सहायक अभियंता विश्वनाथ मंडल, क्षेत्र पदाधिकारी रामपुरहाट दिलीप कुमार चौहान, यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मयी साहा, सहायक यांत्रिक अभियंता अभिषेक रंजन, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता(कार्य) रामपुरहाट मुकेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष-सह-ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन हावड़ा मंडल के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल पाकुड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।

# महिलाओं के खिलाफ हिंसा खत्म करने में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है : चंद्रशेखर

### लैंगिक हिंसा के खिलाफ अच्छा कार्य के लिए जेंडर चैंपियन को किया गया सम्मानित


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लिंग आधारित हिंसा को संबोधित करने और लखपति दीदी पहल विषय पर राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर, जेएसएलपीएस के सीइओ संदीप सिंह, सीआइडी की डीआईजी संध्या रानी मेहता, झालसा के उप सचिव मनीष कुमार मिश्रा, जेएसएलपीएस के सीओओ विष्णु सी परीदा और जेंडर चैंपियन दीदियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सभी संबंधित सरकारी विभागों और सीएसओ के साथ मिलकर लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कार्य करना है। मौके पर श्री चंद्रशेखर ने कहा कि सही नीति के साथ-साथ लैंगिक हिंसा के रोकथाम के लिए इसकी पहुंच जरूरतमंद ग्रामीण महिलाओं तक ले जाने पर कार्य करने की जरुरत है। उन्होंने सखी मंडल से जुड़ी महिलाओं के द्वारा नयी चेतना अभियान के जरिये चलाये जा रहे अभियान की सराहना किया। सुझाव दिया की महिलाएं कार्य के साथ खुद को पढ़ाई से भी जुड़े। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव खत्म करने में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। संदीप सिंह ने समाज में महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्य स्थल पास सेक्सुअल हर्रास्मेंट एवं विभिन्न स्तर पर भेदभाव के बारे में विस्तार से बताया। बताया गया गया कि राज्य में लैंगिक हिंसा के खिलाफ जेएसएलपीएस द्वारा सखी मंडल के जरिये राज्य में जिला, प्रखंड, संकुल और ग्राम संगठन स्तर पर जागरुक अभियान जैसे नुक्कड़ नाटक, कैंडल मार्च, जेंडर शपथ, वाल पेंटिंग के जरिये जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यशाला में लैंगिक हिंसा के खिलाफ अच्छा कार्य करने लिए राज्य के विभिन्न जिलों से आई।



## एक नजर

### नजीर मियां और कमरुद्दीन बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला महासचिव



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अख्तर अली ने पत्र जारी कर बतलाए की अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के समर्पित सूची कि स्वीकृति प्रदान करते हुए! इचाक निवासी नजीर मियां और सरदार रोड निवासी कमरुद्दीन को हजारीबाग जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग का जिला महासचिव बनाया गया है जो कि तत्काल प्रभाव से लागू है आशा व्यक्त किया है कि कांग्रेस पार्टी के आदर्श पर चलते हुए प्रदेश प्रभारी उमैर खान,राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे एवं देश के भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करेंगे। हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने बतलाया कि निरंतर कांग्रेस पार्टी एवं समाज सेवा के पश्चात कांग्रेस पार्टी में अपनी-अपनी जिला स्तरीय पहचान बनाने के पश्चात उक्त दोनों वरिष्ठ कांग्रेस जनों को यह दायित्व सौंपा गया है झारखंड प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के अनुमोदन के उपरांत उक्त दोनों कांग्रेसजन को हजारीबाग अल्पसंख्यक विभाग का जिला महासचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने आशा व्यक्त की है कि ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में नजीर मियां और कमरुद्दीन कांग्रेस पार्टी को सशक्त एवं मजबूती प्रदान करने में अपना-अपना संपूर्ण योगदान देंगे उक्त कांग्रेसजन आगामी लोकसभा चुनाव में संकल्पित भावना से कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने में अहम योगदान देंगे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की हुई बैठक

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत सुगिया ग्राउंड में करमा दक्षिणी भाग 01 तथा भाग 02 पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर लीलावती महतो की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जेबीकेएसएस द्वारा मांडू प्रखंड क्षेत्र में कमेटी विस्तार का कार्य जोरशोर से चल रहा है। बताया गया जिन पंचायतों में कमेटी का गठन नही हुआ है वहां जल्द ही कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी विस्तार में मुख्य वक्ता के रूप में पूजा महतो उपस्थित हुई। पूजा महतो ने कहा कि सभी समुदायों के लोगों को एकजुट होकर जेबीकेएसएस का साथ देने की जरूरत है। कहा की झारखंड का विकास जेबीकेएसएस के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने खबकी सभी वर्ग, जाति, समुदाय, शोषित, पीड़ित, वंचित, गरीबों की आवाज हैं टाइगर जयराम महतो। टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाना है।

झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

## नए सदस्यों का हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सभागार में झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल बरही शाखा की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद रुखरियार की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक का संचालन तोखन प्रजापति ने किया। जिसमें मुख्य रूप से पेंशनर समाज आयोजित होने वाले सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा हुई। जी पर उपस्थित सदस्यो ने अपने महत्वपूर्ण विचार व सुझाव दिए। बैठक में सदस्यों से अपने पेंशनर खाता को परिवार के नाम के साथ ज्वाइंट करवाने की भी सलाह दी गई। इसके साथ ही लाचार और वृद्ध पेशनरो को बैंक जाकर पेंशन लेने में हो रही असुविधाओ के मद्दे नजर बैंक अधिकारियों से विशेष सुविधा और बैंक में पेशनरो के लिए अलग काउंटर व्यववस्था करवाने की मांग किया गया। मौके पर नए सदस्य के रूप में नईम अंसारी का तालियों के साथ स्वागत किया गया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। बैठक में अध्यक्ष सहित छत्रधारी ठाकुर, सुखदेव पांडे, सुधीर कुमार चौधरी, अखिलेश्वर सिंह, संजय सिंह, भगवान प्रसाद, बजरंग शर्मा, अब्दुल सत्तार अंसारी, तोखन प्रजापति, नारायण पंडित, उपेंद्र प्रसाद ,विनय कुमार सिन्हा, देवधारी प्रजापति, रत्नेश्वर प्रसाद केसरी, जागेश्वर प्रसाद राम, लखन यादव, नरेंद्र प्रसाद, नईम अंसारी, त्रिपुरारी पांडे, सहदेव सिंह इत्यादि सहित कई लोग मौजूद थे।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री फलक नाज के निधन पर कांग्रेसियों ने किया शोक व्यक्त



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री सह समाजसेवी फलक नाज के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया ।आयोजित शोक सभा में अपना शोक व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि कांग्रेस नेत्री फलक नाज कांग्रेस के हितैषी प्रखर समामाजसेवी, मृदुभाषी और मिलनसार महिला थी । इनके निधन से कांग्रेस ने कांग्रेस का एक सच्चा सिपाही खो दिया है । इनके निधन से कांग्रेस की भारी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति तत्काल संभव नही । प्रदेश सचिव बिनोद सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मिथिलेश दुबे, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, साजिद अली खान, राजू चौरसिया, दिलीप कुमार रवि, परवेज अहमद, कजरु साव, कृष्णा किशोर प्रसाद, सलीम रजा, भैया असीम कुमार के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

उपायुक्त ने किया ईवीएम डेमोंस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ

## चलंत प्रदर्शन वाहन को किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड रांची के निर्देशानुसार पूरे राज्य में मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 10 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2024 तक ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना है। इसी क्रम में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय स्थिति ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही ईवीएम मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मॉक पोल करते हुए डेमोंसट्रेशन का जायजा भी लिया। ज्ञात हो कि पूरे जिले में डेमोंसट्रेशन के लिए दो ईवीएम डेमोंसट्रेशन सेंटर एक समाहरणालय एवं एक अनुमंडल कार्यालय में स्थापित किए गए हैं।

## सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम बरकट्ठा में संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में बुधवार को 'सीटी बजाओ-उपस्थित बढ़ाओ' कार्यक्रम को लेकर प्रखंडाधीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सीआरपी शशि भूषण कुमार सिंह एवं परमानंद पांडेय ने प्रधानाध्यापकों को बताया कि प्रधान सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड की ओर से पत्र के माध्यम से यह विशेष जानकारी दी गई है कि 11 जनवरी को सुबह 8:30 से 9:30 तक सभी विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा संयोजिका अपने-अपने पोषक क्षेत्र में छात्रों को विद्यालय लाते समय बच्चों के साथ सीटी बजाते हुए बच्चों को पंक्तिबद्ध कर फोटो या संबंधित वीडियो तैयार कर सुरक्षित रखेंगे तथा इस वीडियो को इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे । ताकि इसे ज्यादा से ज्यादा लोग देख सके और स्कूलों में शत प्रतिशत उपस्थित हो सके। कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिक से अधिक लोगों को प्रोत्साहित किया जाना है। मौके पर प्रधानाध्यापक महेश प्रसाद चौधरी, उमेश राम, सुकर ठाकुर, लिलधारी प्रसाद, बाबूराम मांझी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

राधा गोविन्द विवि में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## खेल हमारे पाठयक्रम का अभिन्न हिस्सा है : कुलाधिपति बीएन साह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

राधा गोविंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा 10 जनवरी को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलाधिपति बीएन साह ने विश्वविद्यालय के संस्थापक स्व गोविंद साह एवम स्व राधा देवी के चित्रों पर माल्यार्पण एवम ध्वजारोहण कर कियस। वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉर्ट पुट आदि खेलो में भाग लिया। खेल का मुख्य उद्देश्य मनुष्य के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी गण, शिक्षक, एवं छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे पाठयक्रम का अभिन्न हिस्सा है यह हमें चुनौतियों का सामना करना, बाधाओं को पार करना और हमारे लक्ष्य को प्राप्त करना सिखाते है। कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ भाईचारे और सौहार्द की भावना के विकास में सहायक होती है। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने स्वागत भाषण में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है इस सत्य को समझकर खेल को अनुशासनबद्ध, शांतिपूर्वक एवं खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। मौके पर वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमन वर्मा, संजय राय चौधरी, प्रदीप कुमार रजक, धनेश्वर बीपी, योतेंद्र मंडल,ज्योति कुमारी, अजीत कुमार, राजू साव एवं विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डीलर संघ का वार्षिक मिलन सह भोज कार्यक्रम संपन्न

## हड़ताल समाप्त, आज से डीलर अपनी दुकान खोलें : डोमन पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जवाहर घाट स्थित वन विश्रामागार परिसर में बरही डीलर संघ का वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम संपन्न हुआ. जिसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायत के डीलर शामिल हुए. मिलन समारोह को संबोधित करते हुए डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष डोमन पांडेय ने उपस्थित सभी साथियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी. साथ ही हड़ताल समाप्ति के पश्चात सभी से अपने दुकान गुरुवार से प्रारंभ करने का अपील किया. हड़ताल के दौरान एकजुटता दिखाने के लिए सभी साथियों का आभार भी प्रकट किया. सचिव केदार यादव ने भी नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति एकता और विश्वास बनाए रखने की अपील किया. कार्यक्रम को अन्य साथियों ने भी संबोधित किया. अंत में सभी पीडीएस दुकानदारों ने सामूहिक भोज का लुत्फ उठाया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से एफसीआई के पुरुषोत्तम सिंह, मीडिया प्रभारी कमल शंकर पंडित, पीडीएस डीलर नंद किशोर कुमार, किशोर कुमार, बंटी ठाकुर, परमेश्वर यादव, छोटी ठाकुर, छोटेलाल राम, गीता देवी, वरुण साव, जगदीश साव, विद्या देवी, जयनाथ प्रसाद, दिलाकर हुसैन, सुनीता देवी, किशोर कुमार, सौंदर्य महिला मंडल, दी पूजा महिला मंडल आदि सहित कई पीडीएस दुकानदार शामिल हुए।

### बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में दावा आपत्ति की स्थल जांच की



**बरही।** बीडीओ सी आर इंदीवार की अगुवाई में बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अबुआ आवास के दावा आपत्ति की स्थल निरीक्षण किया गया. इस दौरान बरही पश्चिमी पंचायत में पहुंचे बीडीओ की टीम में आपत्ति के विरुद्ध आवेदन कर्ता की संपति पाई गई. आपत्ति करने वाले आवेदन कर्ता के घर दो मंजिले तक मिले. बीडीओ ने बताया कि इस प्रकार की आपत्ति सिर्फ प्रखंड प्रशासन को परेशान करना है. आपत्ति दर्ज करने वाले कई लोग वास्तविकता से हटकर शिकायत दर्ज कराए है. जो अनुचित है. विदित हो कि इस प्रकार से गलत सूचना देकर प्रशासन को गुमराह करना भी एक जुर्म है, ऐसे मामले के लिए कानूनी कारवाई का भी प्रावधान है.

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में विधायक ने उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास




**बरकट्ठा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर मौके पर प्रमुख रेणु देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी मौजूद थे। उन्नयन कार्य डीएमएफटी मद अंतगर्त 38 लाख रुपये की लागत से किया जाना है, जिसमें विद्यालय का चारदीवारी निर्माण एवं फेबर ब्लाक बिछाने का कार्य मेसर्स बैजनाथ यादव एजेंसी के द्वारा कराया जाएगा। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि हमने बरकट्ठा विधानसभा के सुदूरवर्ती इलाकों में विकास करने का प्रयास किया है। कई गांवों में चलने के लिए सड़क नहीं था वहां हमने सड़क बनवाने का कार्य किया। कई गांवों में तालाब, कुंआ और लाइब्रेरी बनाने का काम किया। पुरे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष नारायण प्रसाद, ज्ञानी प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, महेश्वर प्रसाद, खलील अंसारी, संवेदक शंकर यादव, रोनाल राजकुमार प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, गोपेश्वर प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद, संतोष दास, खगेन्द्र प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

करियातापुर पंचायत के मंदिरों को सजाने का लिया गया निर्णय

## अयोध्या के कार्यक्रम का किया जायेगा लाइव प्रसारण : संतोष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

श्री राम मंदिर उद्घाटन के दिन करियातपुर के सभी मन्दिरों को ऐतिहासिक रूप से सजाया जायेगा। आकर्षक विद्युत सज्जा और भक्ति गीतों से पूरा करियातपुर राममय होगा। उक्त जानकारी विहिप के संतोष प्रजापति और चंदन केसरी ने दिया। उन्होंने बताया कि राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी सनातनी समाज उत्साहित और उत्सुक है। इसे लेकर करियातपुर के लाइट एंड साउंड संचालकों के साथ बैठक कर मंदिर सजाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए श्रीराम के कार्य करने में खुद को भाग्यशाली बताए। बताया गया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए 16 जनवरी से ही करियातपुर के सभी 11 मंदिरों को सजाने का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके साथ ही अयोध्या के कार्यक्रम को लाइव प्रसारण भी किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर स्क्रीन भी लगाए जायेंगे। पूरे दिन भक्ति गीत, भजन कीर्तन, प्रसाद वितरण और दीप प्रज्ज्वलन कर दिवाली मनाया जाएगा। इस कार्य के लिए बैठक में शामिल लाईट साउंड मालिक पिंटू केशरी, राजेश भगत, बबलू सोनी, राजेश भगत (बिटका), राजा भगत, अंकित केशरी, चंदन शर्मा, सुमित शर्मा, विक्की शर्मा, भीम रविदास वहीं मुख्य रूप से संतोष प्रजापति, चंदन केशरी, मुन्ना सोनी, धर्मेंद्र प्रजापति, कमलेश कुशवाहा, संतोष केशरी आदि ने अपनी स्वीकृति दी है। बैठक में कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

## सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ अभियान पर डीईओ की अगुवाई में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण के नेतृत्व में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, लेखपाल, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। बैठक में सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई ।साथ हीं यह निर्देश दिया गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, रसोईया, प्रखंड कर्मी, मुखिया, जनप्रतिनिधि एवं अभिभावको की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में बृहस्पतिवार को सुबह 9:30 बजे तक सोशल मीडिया ग्रुप में उस फोटो एवं वीडियो को अपलोड किया जाए। बैठक में उपस्थित राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ममता लकड़ा ने शिशु पंजी के विषय में विस्तृत चर्चा की ।उक्त बैठक में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी दीपक कुमार, शैलेंद्र कुमार, लालिमा ज्योत्सना लकड़ा, किसलय कुमार, जवाहर प्रसाद, किशोर कुमार, राकेश सिंह डोमन मोची, प्रवीण कुमार, अभय कुमार, प्रकाश कुमार, अनुपम रानी, मीनाक्षी कुमारी, परमानंद पांडे, हृदयांशु, सुधीर कुमार, प्रहलाद गुप्ता , कुणाल कुमार, पंकज कुमार गुप्ता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### अक्षत वितरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक भी बढ़-चढ़कर ले रहे हैं हिस्सा

**बरही ।** पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पूजित अक्षत वितरण और आमंत्रण कार्यक्रम में स्वयं बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है. बुधवार को पदमा पंचायत के विभिन्न गांव का भ्रमण कर अक्षत और आमंत्रण देने का काम किया. साथ ही लोगो से प्राण प्रतिष्ठा के दिन भजन कीर्तन, मंदिरों को सजाने, मिठाई वितरण, दीप प्रज्वलन और रंगोली बनाकर दीपावली सा त्योहार मनाने की अपील कर रहे है. उन्होंने बताया लंबे इंतजार के बाद यह सुनहरा पल सनातनियों को मिला है. जो सौभाग्य की बात है. मर्यादा पुरुषोत्तम के कार्य को रामदूत हनुमान बनकर करना ही हम सबों का कर्तव्य है. कार्यक्रम में जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल के जिला संयोजक प्रशांत कुमार सिंह,जिला , सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप मेहता, पदमा प्रमुख वीणा देवी ,अशोक यादव ,पदमा आरएसएस के खंड करवा राजेश गुप्ता गौतम राणा आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे.

## न्यूज बॉक्स

### एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे एभीएचएस के शिक्षक व कर्मी




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी झारखण्ड शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी ने कहा कि मोर्चा के आह्वान पर आज राज्य भर के दस हजार शिक्षक व कर्मी अपनी मॉगों को लेकर एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर हैं।विगत 30 वर्षों से राज्य भर के वित्त रहित संस्थान को वेतन के रूप एक रुपया भी सरकार देती नहीं है। सलाना अनुदान मिलता भी है तो कभी किसी कारण से वो भी अनुदान राशि रोक दी जाती है। हड़ताल में विद्यालय के शिक्षक रामकुमार पाण्डेय, समसुद्दीन अंसारी, उपेंद्र पाण्डेय, बिंतोष कुमार, मनीष कुमार, विष्णुकांत पाण्डेय, रामकुमार मुर्मू आदेशपाल अनीता बास्के शामिल थे।

### जेएमएम का दही चूड़ा सह कार्यकर्ता मिलन समारोह 14 को




**बरकट्ठा।** जेएमएम के सौजन्य से दही चुड़ा सह कार्यकर्ता मिलन समारोह कार्यक्रम 14 जनवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए झामुमो नेता सह पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने बताया कि उक्त तिथि को कार्यक्रम हमारे को कोनहरा स्थित आवास में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार में मंत्री बेबी देवी और विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री फागु बेसरा, पूर्व विधायक गांडेय जयप्रकाश वर्मा और जेएमएम केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवाहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया हजारीबाग शामिल रहेंगे। साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र के जेएमएम कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से दही चुड़ा कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। कहा कि इस कार्यक्रम से एक दूसरे से मिलने और क्षेत्र की समस्यायों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होगा।

### सीटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम का हुआ पूर्वाभ्यास

**रामगढ़।** झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार 11 जनवरी से सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके लिए सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र से अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग के माध्यम से सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ शिक्षा निदेशक किरण पासी द्वारा कर दिया गया है। जिसका अनुपालन 11 जनवरी से सभी विद्यालयों में करना है। प्रथम वर्ग से प्लस टू तक के विद्यालयों में यह कार्यक्रम होना सुनिश्चित है। उसी को लेकर बुधवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर में यह कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से गोविंदपुर कसीया कसिया, टकाहा आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए विद्यालय छात्र और अभिभावक सिटी बजाओ कार्यक्रम करते हुए विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप, सहयोगी शिक्षक शारदानंद शर्मा, मौके पर विज्ञा पाठक, रेखा कुमारी आदि ने भी अपने पोषक क्षेत्र का भ्रमण करते हुए प्लस टू के छात्र-छात्राओं का सीटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम में सहयोग किया। 11 जनवरी को प्रातः 8:00 बजे से सिटी बजाओ स्कूल जाओ कार्यक्रम का आयोजन पुनः कराया जाएगा।

### 22 जनवरी को शहर में मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने 10 जनवरी को रामगढ़ उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त के नाम सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने मांग किया कि 22 जनवरी को रामगढ़ शहर के विभिन्न चौक चौराहों में शराब और मांस की बिक्री पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है इसको देखते हुए रामगढ़ जिला प्रशासन से अपील करते हैं कि खुलेआम मांस और शराब की बिक्री पर उस दिन रोक लगाई जाए। श्री अयोध्या धाम के पूजित अक्षत एवं निमंत्रण पाकर भावुक हुए विधायक कहा

### बेसब्री से है रामलला के आगमन की प्रतीक्षा



**हजारीबाग।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या से आए निमंत्रण के रूप में पूजित अक्षत, मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का चित्र और स्नेह निमंत्रण पत्र का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवियों ने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर पहुंचकर विधायक मनीष जायसवाल के पिता सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल सहित उनके संपूर्ण परिवारजनों से मिलकर भेंट किया। विधायक आगामी 22 जनवरी की अयोध्या नगरी में प्रभु श्रीराम लला के नवनिर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का आग्रह किया। विधायक श्री जायसवाल ने अपने माता-पिता, धर्मपत्नी सहित अन्य परिवारजनों संग बड़े ही श्रद्धा भाव से श्रीअयोध्याजी से पूजित अक्षत और निमंत्रण पाकर भाव- विभोर हो गए। निमंत्रण पत्र लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख कुणाल, विभाग प्रचारक आशुतोष,जिला संघ चालक श्रद्धानंद सिंह, नगर संघ चालक मनोज गोयल, जिला संपर्क प्रमुख अभिषेक कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता परिषद डॉ संतोष पाण्डेय और जिला संपर्क प्रमुख अश्विनी केशरी विधायक आवास पहुंचे थे।

### ईवीएम/वीवीपीएट मोबाईल डेमोस्ट्रेशन वैन को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने किया रवाना



हजारीबाग। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईवीएम/वीवीपीएट मोबाईल डेमोस्ट्रेशन वैन को सदर अनुमंडल पदाधिकारी विधा भूषण कुमार, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। यह जागरुकता रथ मतदाताओं को जागरूक करने के साथ वोट की पूरी प्रक्रिया से रूबरू कराएगा, लोकसभा निर्वाचन-2024 चुनाव के मद्देनजर दिनांक-10 जनवरी से 19 फरवरी 2024 तक एश्ट प्रदर्शन केंद्र तथा चलन्त प्रदर्शन वैन के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने एवं एवीएम वीवीपैट से रूबरू कराने के लिए चलन्त प्रदर्शन वैन चलाया जा रहा है यह मोबाइल चलन्त वैन सेक्टरवार प्रत्येक मतदान केंद्र में जाएगा तथा ईवीएम/ वीवीपैट मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में प्रदर्शन किया जाएगा। जहाँ मतदाता वोट डालने की पूरी प्रक्रिया से अवगत हो सकेंगे। प्रदर्शन के लिए प्रयोग करने वालें एश्ट में डमी वैलेट पेपर का प्रयोग किया जाएगा। इस जागरूकता रथ के साथ पुलिस बल मजिस्ट्रेट प्रत्येक मतदान केंद्र में चलन्त वाहन के साथ जिला से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर तथा सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को एश्ट प्रदर्शन के दौरान वाहन के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### अबुआ आवास की स्वीकृति के लिए सीओ ने ग्रामीणों के साथ की बैठक



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के समसेरा गांव में अंचल अधिकारी बलिराम माँझी ने अबुआ आवास की स्वीकृति को लेकर ग्रामीणों के साथ किया बैठक इस मौके पर अंचल अधिकार बलिराम माँझी ने बताया कि वैसे लोग जो अब तक आवेदन नहीं दे पाए है और अबुआ आवास लेने योग्य है वे आवेदन जमा कर सकते हैं प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन गोस्वामी ने गांव में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम की जानकारी दिया। इस मौके पर एसआई सुमन कुमार, एएसआई सुनील टोपनोबीआरपी सोनी देवी और रामानंद कुमार, सुरजन बड़ाईक के साथ ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे।

### हुरदा में नेत्र जांच शिविर का किया गया आयोजन



बानो। प्रखण्ड के हुरदा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।डॉ एलबी प्रसाद आंख जांच तकनीकियों द्वारा आंख जांच किया गया आंख जांच के बाद जिन लोगों की आंख का मोतियाबिंद हुआ है उन्हें ऑपरेशन के लिए आंख अस्पताल राजगमपुर लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय एवं बजरंग दल का सराहनीय सहयोग रहा। ओपी प्रभारी ने बिना हेलमेट पहने लोगों को जन सहयोग से हेलमेट पहनने में जोर देने के लिए अपील किया इस कार्यक्रम में नौ लोगों का ऑपरेशन हेतु राजगमपुर एलबी प्रसाद हॉस्पिटल भेजा।

### भाजपा जिला मंत्री तुलसी साहु की मां के निधन पर भाजपाइयों ने जताया शोक

**सिमडेगा।** सिमडेगा भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री तुलसी साहू की मां की आकस्मिक निधन बुधवार की अगले सुबह हो गई। इधर निधन की सूचना पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बधाई सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री विमला प्रधान सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव, दीपक पुरी अनुप प्रसाद ,नवीन सिंह ,सतीश पांडे श्रीलाल साह, रवि गुप्ता ,श्रद्धानंद बेसरा, दीप नारायण दास ,सत्यनारायण प्रसाद,संजय ठाकुर ,सूजान मुंडा ,मनोज चौबे ,प्रणय प्रसाद, महेश साहू ,पूर्व नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, ,विशाल नायक, नीरज बड़ाईक, मुकेश श्रीवास्तव ,उमेश जायसवाल ,मानकी लाल ,मोतीलाल ओहदार ,सावित्री देवी ,हंसारानी, पिंकी प्रसाद, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है।

# विकसित भारत के लिए केन्द्र का जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को जलडेगा प्रखंड कोनमेरला पंचायत के जयंती उच्च विद्यालय गांगूटोली मैदान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भारत सरकार की बात विभिन्न योजनाओं का लाभ लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वागत गान के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुखिया, भाजपा के संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के प्रभारी, सह नोडल अधिकारी सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ पंकज कुमार, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा, पंचायत मुखिया अनिमा तोपनो उपस्थित थे।कार्यक्रम में सभी ने विकसित भारत निर्माण के लिए संकल्प लिया। भारत को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने का संकल्प लिया गया। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवम कैलेंडर का वितरण किया गया। एल ई डी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश दिया गया। केसीसी, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, आयुष्मान योजना आदि के लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी साझा की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को लेकर क्विज का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम,द्वितीय एवम तृतीय विद्यार्थी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। धरती कहे पुकार के थीम पर जेएसएलपीएस की टीम द्वारा नाटक का मंचन किया गया। 10 उज्जवला गैस के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। स्टेट कापरेटिव बैक शाखा प्रबंधक राजीव कुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मुखिया के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर रोजगार सेवक रामकुमार, बीपीओ, राजस्व कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### नगर सांसद प्रतिनिधि ने किया पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण

# अनियमितता का लगाया आरोप



**सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह ने कहा कानून ताक पर रखकर किया जा रहा है सड़क निर्माण**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा जिले के विकास कार्यों में अनियमितता बरतते जाने का केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नगर सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह ने आरोप लगाया है। उन्होंने कहा सिमडेगा कॉलेज के नीचे से कोमेंजरा जाने वाली सड़क पर पेवर ब्लॉक का कार्य किया जा रहा है।जिसमें घोर अनियमितता बरता जा रहा है उन्होंने कहा सबसे पहले तो मिट्टी जेसीबी से खोदने के बाद मेटल मिक्स करके डलाता जाता है। इसके बाद में रोलर चलता है। उन्होंने कहा की ठेकेदारी के बारे में भली भांति परिचित हूं। अगर समुचित प्रकार से निर्माण किया जाए तो सड़क काफी मजबूती से बनता है और काफी लंबे समय तक इसकी मजबूती के कारण खराब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि इस सड़क के निर्माण में रोलर नहीं चल रहा है और निडर होकर ठेकेदार गलत तरीके से निर्माण करके भाग जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सड़क के निर्माण में गुणवत्ता पूर्वक कार्य किया जाए इसके लिए आगे मांग किया जाएगा। उन्होंने कहा की आज केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आ रहे हैं और उन्हें इन सभी विषयों और घटिया निर्माण से उन्हें अवगत कराएंगे साथ ही साथ सही ढंग से निर्माण हो इसके लिए भी मांग करेंगे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा का सिमडेगा दौरा आज



**सिमडेगा।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा बुधवार को सिमडेगा दौरा में रहेंगे ।केंद्रीय मंत्री के जिला सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए कहा की माननीय मंत्री आज 11 बजे सिमडेगा प्रखंड के खिजरी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे व 1 बजे सिमडेगा कॉलेज में वनाधिकार अधिनियम पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। वहीं 2:30बजे जलडेगा प्रखंड के पतिअम्बा में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेंगे साथ ही 3:45 में लचरागढ़ में आम जन एवं कार्यकर्ताओं से मिलकर संवाद करेंगे ।जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने सभी कार्यकताओं को कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने आह्वान किया है।

### सिमडेगा उपायुक्त ने स्वीप कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# शत प्रतिशत मतदान के लिए विद्यार्थियों से लेकर बुजुर्गों की हो भागीदारी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम' संबंधी विषय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में स्वीप कार्यक्रम आयोजन करने से संबंधित विषय पर विचार विमर्श किया गया। बता दे कि स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्कूल के छात्र छात्राओं, युवा, बुजुर्ग, पुरुष, महिला सहित सभी वर्ग के लोगों को मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है ।उपायुक्त ने कहा कि जिला में मतदाता पंजीकरण से छूट गए पात्र युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करवाने और सभी लोगों को अपने मताधिकार बारे शिक्षित एवं जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान चलाने की बात कहीं। उन्होंने स्वीप के तहत जिला वासियों को अभियान के तहत मतदाताओं को व्यवस्थित रूप से शिक्षित करके चुनाव में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर विशेष रूप से बल दिया। उपायुक्त ने स्वीप नोडल अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए इसकी रूपरेखा तय करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इसे लेकर आपसी समन्वय से व्यवहारिक रणनीति बनाने और इसे सही तरह से लागू करने की बात कहीं। उन्होंने अभियान के अंतर्गत सरकार द्वारा इस बार वोटिंग प्रतिशत 80 पार के संकल्प के साथ युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजन करने का निर्देश दिया।

### समन्वय बनाकर योजना के क्रियान्वयन को गति दें: डीसी

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क निर्माण कार्य, भवन निर्माण कार्य, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य, लाभुकों को योजना से अच्छादित करने से संबंधित आ रही बाधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करेंगे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन करेंगे। साथ ही विकास के कार्यों को गति प्रदान करेंगे। इस दौरान डीसी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय, पेयजल की व्यवस्था 15वें वित्त आयोग से योजना को पूरा करें। पीएम जन-मन का सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# डालमिया डीएसपी सीमेंट का ग्राहक मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** कोणार्क डालमिया डीएसपी सीमेंट की और से एक दिवसीय मीट टू गेदर सह ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के तकनीकी पदाधिकारी सुनील कुमार ने मौके पर उपस्थित कॉन्ट्रैक्टरों,राजमीस्त्रियों एवं ग्राहकों को सम्बोधित करते हुए डालमिया डीएसपी सीमेंट की खूबियों से अवगत कराया इस दौरान उन्होंने कहा की आज डालमिया डीएसपी सीमेंट अपनी मजबूती के कारण देश विदेश में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है एवं इसकी मांग देश विदेश में बढ़ रही है। डालमिया डीएसपी सीमेंट अन्य सीमेंट की तुलना में कई गुना बेहतर है। डालमिया डीएसपी सीमेंट की मजबूती के आगे अन्य कंपनियों की सीमेंट का मजबूरी लेवल कम है। वहीं डालमिया डीएसपी सीमेंट के डीलर बिपुल प्रसाद ने उपस्थित लोगों से अपील किया की पीएम आवास, अबुआ आवास, पुलिया निर्माण, मकान आदि निर्माण में इसका उपयोग कर अपने निर्माण को मजबूती प्रदान करें। डालमिया डीएसपी सीमेंट जलडेगा में आसानी से उपलब्ध है। इस दौरान उपस्थित ग्राहकों, कॉन्ट्रैक्टरों एवं राजमीस्त्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख जुसाफ लुगुन, जलडेगा मुखिया बालमुनी लुगुन, पतिअम्बा मुखिया बिमला देवी, लमडेगा मुखिया बिपिन बडिंग, टाटी मुखिया अगस्ती तिड़ू, पंचायत सचिव इनोसेंट बा, जनसेवक सरोज कंडूलना,जेई अर्नेष्ट लकड़ा, लक्ष्मण साहु के अलावा कंपनी के इंजीनियर लव कुश कुमार, चंदन कुमार, सेल्स ऑफिसर दिनेश कुमार, जगदीश बड़ाईक सहित कई राजमिस्त्री और कांट्रेक्टर उपस्थित थे।

# कोडरमा में भी गया के कारीगर के विशेष तिलकुट की बढ़ी मांग



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरीतिलैया** सर्दियों में तिल से बने व्यंजन का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। तिल में प्रोटीन, कैल्शियम, काबोहाइड्रेट, कॉपर, आयरन, मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो सर्दियों में शरीर को गर्माहट देती है। जबकि धार्मिक दृष्टिकोण से मकर संक्रांति पर तिल के लड्डू और तिलकुट खाने का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तिल से बनीं वस्तुओं का दान और इसका सेवन करना चाहिए। जब भी तिलकुट की बात सामने आती है, तो बिहार के गया का जिक्र जरूर होता है। गया में बनने वाले तिलकुट की झारखंड-बिहार के अलावा विदेश में भी बडी मांग है। इसी को ध्यान में रखते हुए कला मंदिर के समीप स्थित अमर तिलकुट भंडार द्वारा गया के कुशल कारीगरों को बुलाकर तिलकुट तैयार करवाया जा रहा है। कोडरमा में भी गया के तिलकुट की बडी डिमांड है। झुमरी तिलैया में भी अब कला मंदिर के समीप, ब्लॉक मोड, झंडा चौक आदि इलाकों में तिलकुट की सोंधी खुशबू फैलने लगी है।

# राजाबासा पंचायत में दो घरों को हाथी ने किया ध्वस्त मुखिया ने दी मदद



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड अंतर्गत पंचायत राजाबसा काहूपानी डीपाटोली में मंगलवार रात लगभग 9 बजे, जंगली हाथी ने सलगन समद के घर को बुरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे सामानों को बर्बाद कर दिया इसके अलावा मोबाइल दबकर टूट गया और सलगन समद की पत्नी मरियम समद के ऊपर दीवाल गिरने से कमर में चोट लग गई हैं ।वही तुरंत सतर्कता दिखाते हुए दूसरे कमरा में जाकर जान बचाई तबतक आस पास के ग्रामीण आकर जंगली हाथी को खदेड़ने में कामयाब रहे ।दूसरे ओर जाते हुए राजाबासा लांगाटोली में साबन डांग के घर को ध्वस्त कर दिया सूचना मिलते ही राजाबसा पंचायत मुखिया सह झामुमो ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष बसंत समद ,जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो एवं कार्यकर्ता सेवन लुगुन पीड़ित से मिलने पहुंचे ।पंचायत के ओर से तत्काल सहायता स्वरूप चावल और कंबल दिया गया एवं वन विभाग को जानकारी देते हुए जल्द मुआवजा राशि दिलाने की बात कही।

### सैनिक स्कूल: मिथिला हाउस बना चैंपियन

**चंदवारा।** सैनिक स्कूल तिलैया में चल रहे चार दिनी वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता संपन्न हो गया। चैंपियनशिप ट्रॉफी पर मिथिला हाउस का कब्जा रहा। नालंदा हाउस को द्वितीय,वैशाली हाउस को तृतीय स्थान मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सेना शिक्षा कोर के वरिष्ठ अधिकारी उप प्राचार्य ले. कर्नल लालनुन श्यामा मौजूद थे। स्कूल के विभिन्न 12 हाउस के कुल 408 सैन्य छात्र- छात्राओं के बीच विभिन्न वर्ग में 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, रिले रेस, 800 मीटर रेस, 1500 मीटर रेस, 3000 मीटर रेस के साथ गोला फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि को परेड की सलामी दी गयी। पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि ने सैनिक स्कूल तिलैया में आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में शामिल सैन्य छात्र- छात्राओं को संबोधित करते हुए इस आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डाला। प्रशासनिक अधिकारी विंग कमांडर आनंद श्रीवास्तव ने प्रतिभागी टीमों की सराहना की और कहा कि इसमें शामिल होना ही अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

# उपायुक्त ने ईवीएम प्रदर्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बुधवार को उपायुक्त अजय कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही उपायुक्त महोदय ने ईवीएम डेमोंसट्रेशन में मतदान कर उद्घाटन भी किया।यह मोबाईल डेमोंसट्रेशन वैन दोनो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में रोस्टर अनुसार मतदान केन्द्रों पर पहूंच लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।बताया गया आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले भर में दो ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र की स्थापना की गई है उपायुक्त ने बताया कि यह रथ जिले के सुदरवर्ती क्षेत्र के गांव तक जाकर ईवीएम तथा वीवी पैट मशीन का प्रशिक्षण देने एवं ईवीएम मशीन के द्वारा मतदान करने की सत्यता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने का कार्य करेगी।वहीं समाहरणालय में ईवीएम डेमोंसट्रेशन कार्यक्रम के अंतर्गत ईवीएम तथा विवि पैट मशीन का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया है। जिसमें जिले के सुदरवर्ती क्षेत्र से आये ग्रामीण जनता एवं बुजुर्गों के बीच ईवीएम के जरिए वोटिंग करने की सत्यता के प्रति जागरूक किया गया। जिसके तहत मौके पर ही जिले के पदाधिकारियों, कमीर्यों सहित नकई बुजुर्गों के द्वारा मतदान की प्रक्रिया की। मौके पर अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, डीआरडीए डायरेक्टर रवि किशोर राम, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर बांटे गए निमंत्रण



कुरडेग। प्रखंड में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की सूचना देने के लिए घर घर पूजित अक्षत निमंत्रण देने का कार्य जोरों पर है ।बुधवार को कुरडेग झिरकामुंडा में रामभक्तों ने गाजे बाजे के साथ घर घर जाकर अक्षत एवं निमंत्रण पत्र दिये। रामभक्तों ने उमामहेश्वरमहावीर मंदिर से अक्षत निमंत्रण देने का कार्य शुरू किये और झिरकामुंडा,दलकीटोली,कुरडेग में घर घर दिये ।इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं ।मौके पर मंटू जयसवाल,संजित जयसवाल,रूपेश मिश्र,बबलू सिंह आदि उपस्थित थे।

### सोशल इमोशनल लर्निंग पर पीरामल फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम



**सिमडेगा।** पीरामल फाउंडेशन के अंशुमान कुमार द्वारा बुधवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पाकरटांड के बच्चो के बीच सोशल इमोशनल लर्निंग विषय पर कैंपेन का आयोजन किया गया। यह कैंपेन पूरे एक सप्ताह चली जिसमें बच्चों के बीच आत्म-जागरूकता, स्व-प्रबंधन, सामाजिक जागरूकता, संबंध कौशल, जिम्मेदार निर्णय कैसे ले आदि विषयों पर बात की गई। अंत में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस पूरे कैंपेन में बच्चों तथा शिक्षकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर्स, पेंटिंग, तथा इमोजी के माध्यम से अपने भावनाओं को व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की वॉर्डन विमला कुमारी के साथ साथ सभी शिक्षिकाओं तथा शिक्षकों का महत्त्वपूर्ण सहयोग रहा।

### सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक



**कुरडेग।** बीआरसी में बुधवार को बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक गोष्ठी सह सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में ₹सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ₹ कार्यक्रम सभी स्कूलों में लागू करने एवं सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।साथ ही आज को शिक्षा सचिव के आदेशानुसार सभी विद्यालयों में यह कार्यक्रम कराकर वीडीओ ,फोटो बनाकर सीटी बजाओ के साथ फेशबुक,इस्टाग्राम,यूट्यूब सहित सभी सोसल मिडिया में अपलोड करने के लिए निर्देश दिया गया। इसके अलावे स्कूलों में चल रहे गतिविधियों की समीक्षा की गई ।मौके पर बीपीओ देशबन्धु शास्त्री, सीआरपी, बीआरपी, सभी प्रधानाध्यापक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों ने तोड़ा किसान का घर, झापा नेता संदेश एक्का ने की आर्थिक मदद




सिमडेगा। जलडेगा प्रखंड क्षेत्र में इन दोनों जंगली हाथियों का आतंक लगातार जारी है झुंड से बिछड़ हुआ हाथी के द्वारा लगातार लोगों के घरों को तोड़ने के साथ घर में रखे अनाज एवं सामानों को नष्ट कर रहे हैं इसके अलावा खेतों में लगाए गए फसलों को भी पूरी तरह से बर्बाद कर दें बीती रात झुंड से बिछड़ हुआ हाथी द्वारा जलडेगा के हरापानी के जोजोटोली गांव में किसान पतरस लुगुन के घर को तोड़कर घर में रखे अनाज को पूरी तरह से तहश-नहस कर दिया इधर परिवार वालों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। किसान ने बताया कि परिवार वाले रात में सो रहे थे इसी दौरान अचानक जंगली हाथी पहुंचा और घर में हमला कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का पीड़ित परिवार से मुलाकात की एवं उन्होंने तत्काल सहयोग स्वरूप एक बोरी चावल देकर उन्होंने प्रशासन से जल्दी आवास एवं वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही। इस मौके पर आशीष नाग सिलवंती सूरीन आशीष सिंह रसाल खलखो सहित गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

### नेहरू युवा केंद्र ने किया 'मेरा युवा भारत विकसित भारत' पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



सिमडेगा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा द्वारा एस. एस.प्लस टू उच्च विद्यालय सिमडेगा में मेरा युवा भारत विकसित भारत 2047 विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार द्वारा भाषण प्रतियोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी को प्रतियोगिता के लिए शुभकामना दिया गया । इस प्रतियोगिता में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा की भारती कुमारी, द्वितीय स्थान उर्सलाइन कॉन्वेंट सामटोली की शैलपुत्री श्रीवास्तव तथा तृतीय स्थान केंद्रीय विद्यालय के गौतम कुमार ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में कौशिक कुमार, बिपिन मिंज और संजीव कुमार उपस्थित थे। सभी प्रतिभागियों कों प्रमाण पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सोरिना टेटे ने किया। कार्यक्रम में संजय पान, अनुराधा कुमारी, सुषमा प्रधान, संगीता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीएमश्री योजनान्तर्गत 'करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग' कार्यक्रम का हुआ आयोजन




कोलेबिरा। जवाहर नवोदय विद्यालय में बुधवार को पीएमश्री योजनान्तर्गत 'करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नल नवीन कुमार (कमांडिंग ऑफिसर, 46वीं झारखंड बटालियन एनसीसी, गुमला), सूबेदार ओंकार सिंह, प्राचार्य बी पी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य बी.पी. गुप्ता एवं वरीय शिक्षक संजय कुमार सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया। प्राचार्य बी पी गुप्ता ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मापदंडों को समझाते हुए 'करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग' के महत्व पर प्रकाश डाला। कर्नल नवीन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश के भविष्य हैं तथा आप सभी रक्षा सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने रक्षा सेवा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर बिकास चन्द्र ने कहा कि आज के समय में किसी भी क्षेत्र में अवसर की कोई कमी नहीं है। बस, आवश्यकता इस बात की है कि हम उत्साह और समर्पण के साथ सदैव आगे बढ़ने की कोशिश करें। इस अवसर पर रामायण पासवान, डॉ. प्रमोद कुमार महतो, नमिता कुमारी, दीप्ति यादव, रेणु कुमारी सिन्हा, ज्योति तूती, पूनम कुमारी, आशुतोष कुमार पाण्डेय, अहमद फराज खान सहित सभी शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विकास चंद्रा एनसीसी ऑफिसर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सुनील कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर कर्नल नवीन कुमार ने विद्यालय के एनसीसी विभाग का निरीक्षण भी किया तथा एनसीसी विभाग की कार्यशैली एवं एनसीसी कैडेट्स के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जाहिर की।

# सात साल बाद धनबाद चंद्रपुरा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन फिर हुआ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** करीब सात वर्ष बाद बुधवार से धनबाद चंद्रपुरा पैसेंजर ट्रेन का परिचालन शुरू हो गया। 15 जून 2017 को आग का खतरा बताकर इसका परिचालन बंद कर दिया गया था। इसके बाद एक बार फिर से इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से लोगों में खुशी का माहौल है। चंद्रपुरा स्टेशन से चलकर डीसी पैसेंजर ट्रेन जैसे ही कतरास गढ़ रेल स्टेशन पहुंची स्थानीय लोग खुशी से झूम उठे। वहीं मौके पर मौजूद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने ट्रेन के चालक और गार्ड का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ढुल्लू महतो और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने उक्त ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर धनबाद के लिए रवाना किया। कतरासगढ़ स्टेशन पर इस डीसी ट्रेन का ठहराव पूर्व की भांति ही रहेगा, जिससे लोगों में हर्ष का माहौल है। मौके पर मौजूद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस डीसी रेल लाइन पर 26 जोड़ी ट्रेन बन्द होने के पूर्व चलती थी। अब



धीरे धीरे उन सभी ट्रेनों का परिचालन फिर से शुरू किया जा रहा है। आज हम सभी को डीसी ट्रेन भी मिल गई है। इसके लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री जन हित भावना को देखते हुए कार्य कर रहे है।

वहीं विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि जो लोग डीसी रेल लाइन पर खतरा बता इसके बन्द होने की आशंका जाहिर कर रहे है, जो लोग इस रेल लाइन के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे है। उनलोगों को यह पता होना चाहिए कि केंद्र सरकार कतरासगढ़ स्टेशन के सौद्रीयकरण के लिये 50 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। इसके सौद्रीयकरण को लेकर कार्य भी शुरू हो चुका है। इसलिय कोई बयानबाजी कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास न करे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डीसी रेल लाइन पर बंद हुए ट्रेनों को एक बार पुनः शुरू करवाने को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया। राज्य सरकार को खनिज संपदा लूटने से समय ही नही मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि कभी कतरासगढ़ स्टेशन से होकर 26 ट्रेनें गुजरा करती थी। जिनका यहां ठहराव भी हुआ करती थी, इसी बीच, डीसी रेल लाइन को अग्निप्रभावित बताकर इस रूट पर सभी ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया था। जिनका परिचालन एक बार फिर से शुरू होने से कोयलांचल वासियों में हर्ष का माहौल है।

## ईवीएम और वीवीपैट के प्रचार के लिए जागरुकता वाहन रवाना

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी गिरिडीह द्वारा समाहरणालय परिसर से दिखाया गया हरी झंडी

### मतदाता जागरुकता रथ शहर और गांव-गांव में घूम घूम कर लोगों को मतदान के प्रति करेगा जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में ईलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) व निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों के प्रचार प्रसार को लेकर बुधवार को जागरूकता वाहन को रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी गिरिडीह द्वारा समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया गया।

यह जागरूकता वाहन जिला मुख्यालय, सभी अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालयों में घूम घूम कर ईवीएम, वीवीपैट तथा निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देगा।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदान की प्रक्रिया के संबंध में सभी जानकारियां मतदाताओं के पास अवश्य होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से 06 एलईडी जागरूकता वाहन को रवाना किया गया है।

एलईडी वैन द्वारा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही ईवीएम प्रशिक्षण पर व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करने और मतदाता जागरूकता संदेश देने में भी मदद मिलेगी।

मतदाता जागरूकता रथ शहर और गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा कि कैसे इवीएम व वीवीपैट मशीन कार्य करता है। साथ ही जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, ब्लैक एंड व्हाईट फोटो को कलर फोटो, एड्रेस सुधार कराने आदि कार्यों की जानकारी के अलावा 18 वर्ष पूरे कर चुके अधिक से अधिक पहली बार वोटर को मतदान हेतु प्रेरित किया जाये ताकि वे अपने मताधिकार की ताकत को जान सके एवं मतदान के दिन वे मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बन सके।

इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि प्रशिक्षण व जागरूकता हेतु उपयोग में लाये जा रहे सभी इवीएम व वीवीपैट मशीनों पर पीले रंग का स्टीकर लगाया गया है, ताकि इसे आसानी से पहचाना जा सके।

## किताब बेचने जा रहे शिक्षक को ग्रामीणों ने धर दबोचा

### देर रात विद्यालय में रखे किताब को ऑटो में लोड कर रहे थे





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बिरनी के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघानाल मे बच्चों के बीच बांटें जाना वाला किताब को प्रधानाध्यापक द्वारा देर रात को विद्यालय से बेचे जाने का मामला प्रकाश मे आया है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक शम्भू गुप्ता ने देर रात को विद्यालय मे रखे किताब को बेचने के लिए टेम्पू बुलाया था, किताब टेम्पू पर लोड हो ही रहा था की ग्रामीणों ने टेम्पू मे लदे किताब को विद्यालय प्रांगण मे ही पकड़ लिया।

घटना की सूचना बिरनी थाना प्रभारी मृत्युनंजय सिंह को भी दिया गया, जिसके बाद थाना प्रभारी ने विद्यालय परिसर मे बेचने के लिए ले जा रहे किताब को टेम्पू समेत कब्जा मे ले लिया। इधर वार्ड सदस्य टिंकु राय ग्रामीण रघुनंदन यादव, कुलदीप चौधरी, नारायण साव समेत कइयों ने कहा की प्रधानाध्यापक द्वारा एक साजिश के तहत किताब बेचने का प्रोग्राम बनाया गया है क्योंकि विद्यालय परिसर मे देर रात को टेम्पू में लोड कर इसे ले जाया जा रहा था उन्होंने कहा की विद्यालय के प्रधानाध्यापक वो उनके अन्य सहयोगियों पर अतिशीघ्र कार्रवाई हो अन्यथा उग्र आंदोलन होगा।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा की टेम्पू में किताब लोड कर देर रात को बेचने की सुचना ग्रामीणों से मिलते ही हमने जाकर जांच किया। जहां ग्रामीणों ने किताब सौंपा, फिलहल जांच का विषय है।

### बीपीओ के कहने पर किताब दूसरे जगह ले जा रहा हूं : प्रधानाध्यापक

प्रधानाध्यापक शम्भू गुप्ता ने कहा की शिक्षा विभाग के बीपीओ ने किताब को केंद्रीय टीम द्वारा जांच में आने की बात कह हटाने कहा था, जिसके कारण हम हटा रहे थे हालांकि मामले को लेकर पूछे जाने पर बीपीओ मुकेश कुमार ने फोन रिसीव नहीं किया।

## कैंप लगा बिरहोर परिवारों का किया स्वास्थ्य जांच



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गावां प्रखंड के धनैता और कोनारबांक में रह रहे बिरहोर परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक कदम उठाया गया है।

बुधवार को इन दोनों गांवों में रह रहे बिरहोर परिवार का कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रेखा झा ने कहा कि सभी बिरहोर परिवार को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से जोड़ने के लिए गोल्डन, राशन कार्ड आदि से जोड़ा गया है। आवास आदि भी उपलब्ध कराया जायेगा। अब यहां से सभी लोग सीधे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे।

मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चंद्रमोहन कुमार, बीटीटी राजदा खातून, बीपीएम प्रमोद कुमार, अजय भारती, पप्पू कुमार, पंकज सिंह व मनीष कुमार समेत कई उपस्थित थे।

## डीलर संघ ने लिया हड़ताल वापस

**गिरिडीह।** फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन द्वारा एक जनवरी से मांगों के समर्थन में जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल को 10 जनवरी से वापस ले लिया गया है। इस संबंध में डीलर संघ के डुमरी प्रखंड अध्यक्ष शिवचरण महतो उपाध्यक्ष चंदेश्वर महतो,नारायण मंडल संयुक्त सचिव केदार प्रसाद बरनवाल कोषाध्यक्ष अखिलेश राणा मीडिया प्रभारी अरूण जायसवाल ने बुधवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सरकार के द्वारा डीलरों के मांगों पर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है साथ ही जनवरी माह में कई पर्व त्योहार है जिसको देखते हुए हड़ताल वापस ले लिया गया है साथ ही उपरोक्त लोगों ने प्रखंड के सभी डीलरों एवं एसएचजी से जुड़े सदस्यों से अनाज उठाव कर अपने राशन कार्डधारियों के बीच वितरण करने की अपील किया है।

## सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत किया सामग्री वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ की 154वीं बटालियन के खोलोचूंआ स्थित चार्ली कम्पनी द्वारा बुधवार को ग्रामीणों के बीच आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। बटालियन कमांडेंट अच्युतानंद के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय खुरडीह में सेकेंड कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में खोलोचुंआ और खुरडीह के ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और युवाओं के बीच साड़ी, स्कूली बैग, पेंसिल, नोट बुक, बैट-बॉल, फुटबॉल आदि का वितरण किया गया। साथ ही इस दौरान लगाए गए निःशुल्क मेडिकल कैम्प में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गयी। इस मौके पर सेकेंड कमांडेंट ने कहा कि जनता की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सेवा करना सीआरपीएफ का मुख्य उद्देश्य है। सीआरपीएफ और ग्रामीणों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर का लगातार आयोजन किया जाता है।

## कदमा से 13 को निकलेगी एक शाम प्रभु राम के नाम शोभा यात्रा

**जमशेदपुर।** जय महाकाल सेवा संघ की ओर से एक शाम प्रभु श्री राम के नाम शोभा यात्रा 13 जनवरी को कदमा गणेश पूजा मैदान से निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा सह झांकी कदमा गणेश पूजा मैदान से दोपहर 3 बजे शुरू होगी जो रंकिणी मंदिर चौक, कदमा बाजार, उलियान होते हुए रामनगर काली मंदिर में पहुंच कर समाप्त होगी। इस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह ने बताया कि लगभग 550 वर्षों के बाद पूरे सनातन धर्म प्रेमियों के बीच बहुत ही सुखद पल आने वाला है। जब 22 जनवरी को श्री रामलला अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में विराजेंगे। इसमें तीन भव्य रथ होंगे जिसमें एक रथ पर राम दरबार की झांकी, दूसरे में प्रभु श्री राम के गुरुजन और तीसरे रथ में माता सीता के साथ लव-कुश विराजमान होंगे।

## स्कूली बस से हुए दुर्घटना में एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत

### परिजनों ने सलूजा गोल्ड स्कूल के गेट पर दिया धरना



### मुआवजे व नौकरी देने की बात होने पर हटे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** मंगलवार की सुबह घना कोहरा के कारण हुवे सड़क दुर्घटना में घायल युवक मनोज रजक की देर रात रांची में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी मौत होने से आक्रोशित ग्रामीण व उनके परिजनों ने बुधवार की अहले सुबह सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के गेट समीप सैकड़ो की संख्या में लोग पहुंचे और मुआवजे की मांग को लेकर गेट समीप धरना पर बैठ गये। मौके पर पहुंचे आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव अर्जुन बैठा, सोनबाद मुखिया चंद्रकांत मंडल, करणपुरा मुखिया राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जिला परिषद सदस्य केदार हाजरा, पूर्व मुखिया संजय यादव,पंचायत समिति पर्तिनिधि अजीत सिंह,पूर्व पंसस दिवाकर सोनार सहित कई लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचे और इसकी जनकारी ली इन सबों ने स्कूल प्रबंधन समिति से बातचीत किया और बातचीत के दौरान स्कूल प्रबंधन के द्वारा मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये नगद व उनकी पत्नी को स्कूल में एक नौकरी देने की बात पर सहमति बनी,वही एक बुरी तरह से घायल अयूब अंसारी की भी इस्थति गंभीर बनी हुई है जिसका इलाज दुगार्पुर में चल रही है। उन्हें भी इलाज के लिए स्कूल प्रबंधन की और से सहयोग राशि दी गई इसके बाद धरना पर बैठे लोग धरना स्थल से उठे।

मौके पर मुख्य रूप से मुन्ना मंडल, जगदीश वर्मा, बहादुर रजक, कृष्णा मोदी सहित सेकड़ों की संख्या मे लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति व ड्रॉप आउट बच्चों की समस्या पर मुखिया सम्मेलन में चर्चा






**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** नगर भवन गिरिडीह में बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गिरिडीह द्वारा मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुखिया सम्मेलन में प्रखंडों के ग्राम पंचायत से मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि बाजार शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा भाग लिया गया।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा भाग लिया गया। इस पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शिशु पंजी अध्यतनीकरण, सुजीत एवं अनामांकित बच्चों का चिन्हीकरण नामांकन एवं धाराओं प्रयास कार्यक्रम से उपस्थिति में सुधार पंचायती राज संस्थान के प्रतिनिधियों का कार्य एवं दायित्व सुनने ड्रॉप आउट पंचायत की पहल शिकायत निवारण प्रणाली जिज्ञासा तथा ग्राम पंचायत विकास योजना में विद्यालय विकास योजना का समाहन इत्यादि पर चर्चा की गई। मुख्य संघ के अध्यक्ष श्री भागीरथ मंडल द्वारा सभा को संबोधित किया गया। प्रखंड स्तर पर मुखिया की बैठक आयोजित कर प्रधानाध्यापक को भाग लेने का सुझाव दिया गया तथा पारा शिक्षकों के अन्य विद्यालयों में स्थानांतरण की बात कही गई। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पारा शिक्षक सेवा शर्त नियमावली 2021 के अनुसार कक्षा 1 से 5 के पारा शिक्षकों के लिए पंचायत स्तरीय अनुशासनिक एवं प्रशासनिक प्राधिकार के अध्यक्ष मुखिया होते हैं एवं प्रखंड स्तरीय प्राधिकार के अध्यक्ष पंचायत समिति के प्रमुख होते हैं। विद्यालयों में विद्यांजलि पोर्टल के माध्यम से सिविल सोसाइटी के द्वारा विद्यालय के सशक्तिकरण के लिए योगदान किया जा सकता है। पुस्तकालय में बच्चों को पुस्तक के निर्गत की जाए तथा घर ले जाकर पढ़ने को दिया जाए। धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की गई।

## नायक बस के मालिक तलेवर साव को अपराधी ने मारी गोली, घायल



**बगोदर/गिरीडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के धरगुल्ली कुदर मार्ग पर अज्ञात हमलावर ने नायक बस के ऑनर तलेवर साव को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया हैं। घटना मंगलवार की रात लगभग आठ बजे के करीब की हैं। घटना बगोदर थाना क्षेत्र के ढलकी टांड दुर्गा मन्दिर से कुछ पहले घटी है। बताया जाता हैं कि बरकट्ठा से अपनी मोटर साइकिल पर घर कुदर जा रहे थे। तभी बगोदर थाना क्षेत्र के कुदर-धरगुल्ली पथ पर पहले घात लगाये बैठे हमलावर ने तीन गोली मार दी। जिसमें धरगुल्ली निवासी तालेवर नायक 45 वर्ष घायल हो गए। जिसें गंभीर अवस्था में लोगों ने तुरंत इलाज के लिए बरकट्ठा सामुदायिक अस्पताल ले गए। मामले की सूचना मिलते ही बगोदर और गोरहर थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची। इधर तालेवर नायक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही बरकट्ठा में इलाज के दौरान गोली निकाल कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में भर्ती किया गया है जंहा से रेफर कर मेडिका में इलाज चल रहा हैं। पीड़ित तेलेवर नायक ने 4 आरोपियों का नाम भी बताया हैं। फिलहाल बगोदर पुलिस जांच में जुट चुकी हैं।

## कोयला लदी बाइक के धक्के से एक की मौत

**बोकारो।** थर्मल-नारायणपुर मुख्य मार्ग पर पिलपिलो मोड़ के समीप सोमवर की देर रात अवैध कोयला लोड बाइक ने विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में दूसरी बाइक पर सवार बोकारो थर्मल के जरवाबस्ती निवासी 47 वर्षीय रामेश्वर मुंड़ा उर्फ छेदी मुंडा की मौत हो गई।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न




**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड युवा कांग्रेस कार्यकारिणी की एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर के नेतृत्व में इसरी बस स्टैंड स्थित युवा कांग्रेस के कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो हसनैन अली उपस्थित हुए। बैठक में प्रखंड में संगठन की समीक्षा करते हुए सभी पदाधिकारिओं के साथ वार्ता कर संगठन को सशक्त और मजबूत करने की दिशा में निर्देशित किया गया। साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन सशक्तिकरण और शीघ्र ही बूथ कमेटी पूर्ण रूप से गठित करने पर चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने के लिए कहा। इस दौरान गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला महासचिव बंटी अली जिला सचिव सबीना खातून, सरफराज अंसारी (गुड्डु) विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो विधानसभा महासचिव सदीक अली व मुमताज आलम विधानसभा सचिव रोहित कुमार प्रखंड सचिव शमीम अहमद व विजय मुर्मू प्रवक्ता सनाउल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य कर्मियों का एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित



**गिरिडीह।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में बुधवार को रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजेश कुमार महतो की अध्यक्षता में टीकाकरण, मिजिल्स रूबेला और एक्यूट फ्लैक्सिट पारालाइसिस तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी सीएचओ एएनएम, एमपीडब्लू एवं सहिया साथी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में डब्लूएचओ के एसएमओ डा अमित तिवारी ने उपरोक्त रोगों के लक्षण व निदान से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया साथ ही टीकाकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों से कहा। प्रभारी चिकित्सा ने नियमित टीकाकरण कार्य में जुड़े सभी लोगों से शत प्रतिशत लक्ष्य टीकाकरण में प्राप्त करने के लिए कहा। कार्यशाला में डॉ राहुल अग्रवाल, एचई जीबी राम, डब्लूएचओ मॉनिटरिंग रामप्रवेश कुमार, यूनिसेफ के नीलकमल वर्मा, बीटीटी मानिकचंद महतो, अर्जुन मोदी व उषा देवी, बीएएम रामप्रवेश कुमार, बीडीएम विक्की रजक, एलएस पूनम जायसवाल, सीमा बाला, मनोरमा कुमारी, विक्रम शाहाबादी, योगेंद्र कुमार, संजय मंडल, प्रदीप मुर्मू, सहिया साथी सुमित्रा देवी, दीपि देवी, सावित्री देवी, कंचन देवी, गीता देवी, रामदुलाररी देवी, मंजूलता सिन्हा, नागेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## दो एनसीसी कैडेटों को मिला गोल्ड मेडल



**गिरिडीह।** बिहार के पूर्णिया में 6 से 8 जनवरी तक आयोजित खेलो इंडिया राष्ट्रीय वीमेंस किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पारसनाथ महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट ममता कुमारी ने अंडर 19 वर्ग 45 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल और गंगा कुमारी अंडर 19 वर्ग 50 किलोग्राम भार में गोल्ड मेडल प्राप्त कर कॉलेज और एनसीसी यूनिट का नाम रोशन किया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार मिश्रा एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ पिन्टू कुमार पाडेय लेफ्टिनेंट दिब्या रानी महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि डॉ शशि भूषण अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष योगेस प्रसाद माहतो 45 झारखंड बटालियन एनसीसी नायब सुबेदार घासिता राम हवलदार शशि कुमार यादव सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापकों ने दोनों खिलाडियों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# वैश्विक बनती हिन्दी

**पहले** हिंदी की वैश्विक उपस्थिति के लिए सिर्फ और सिर्फ हिंदी सिनेमा को ही आधार माना जाता था। लेकिन संचार और तकनीकी क्रांति ने हिंदी का जितना वैश्विक प्रसार किया है, उतना शायद ही कभी हुआ हो। स्थिति यह है कि विश्व हिंदी दिवस करीब 180 देशों में मनाया जाता है। हिंदी प्रेमी, पाठक, श्रोता और दर्शक संचार और तकनीकी क्रांति के जरिये दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ हिंदी पढ़, सीख और देख सकते हैं, पत्रकारिता और सृजन के जरिये हिंदी को दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ समृद्ध कर सकते हैं, बल्कि उसे पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों तक पहुंचा भी सकते हैं। हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार और पहुंच के चलते यह धारणा विकसित हो रही है कि हिंदी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। लेकिन ऐसा नहीं है। हिंदी की राह में अब भी कई बाधाएं हैं।

**हिंदी प्रेमी, पाठक, श्रोता और दर्शक संचार और तकनीकी क्रांति के जरिये दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ हिंदी पढ़, सीख और देख सकते हैं, पत्रकारिता और सृजन के जरिये हिंदी को दुनिया के किसी भी कोने से न सिर्फ समृद्ध कर सकते हैं, बल्कि उसे पाठकों, श्रोताओं और दर्शकों तक पहुंचा भी सकते हैं। हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार और पहुंच के चलते यह धारणा विकसित हो रही है कि हिंदी के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं रही। लेकिन ऐसा नहीं है। हिंदी की राह में अब भी कई बाधाएं हैं।जर्मन समाजशास्त्री मैक्सवेबर ने जिस नौकरशाही को लोकतंत्र का स्टील फ्रेम कहा है, उसका मानस अब भी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है।**

जर्मन समाजशास्त्री मैक्सवेबर ने जिस नौकरशाही को लोकतंत्र का स्टील फ्रेम कहा है, उसका मानस अब भी हिंदी को लेकर सहज नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के हिंदी प्रेम के बावजूद अब भी नौकरशाही का मानस विदेशी भाषा में ही सोचने और उसी भाषा में नीतियां बनाने पर केंद्रित है। पिछले करीब एक दशक में शासन-प्रशासन में हिंदी का प्रयोग बढ़ा है। लेकिन असलियत में हिंदी अब भी विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस पर सेलिब्रेट करने का ही एक जरिया है।

हिंदी के विस्तार में बाजार ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। भारत का विशाल मध्य वर्ग दुनिया की नजर में सबसे बड़ा बाजार है। इस मध्य वर्ग तक अपनी पहुंच बनाने के लिए उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ने हिंदी समेत भारतीय भाषाओं को अपना हथियार बनाया है, जिनके बारे में दशक भर पहले तक सोचा नहीं जा सकता था कि वे अंग्रेजी के इतर किसी भाषा को अपने कामकाज का जरिया बना सकती हैं। लेकिन जिस सहजता से उनका सामान महानगरों के घर-घर तक पहुंच रहा है, उसी सहजता के साथ उन्होंने उन सुदूर इलाकों तक अपना उत्पाद पहुंचा दिया है, जहां अब भी भारतीय प्रशासन तंत्र पहुंचने से कतराता है।

लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि बाजार या संचार किसी भाषा का प्रसार तो बढ़ा सकते हैं, लेकिन भाषा को प्रतिष्ठा नहीं दिला सकते। लेकिन हिंदी का मानकीकरण ना होने की वजह से हिंदी के व्याकरण के साथ भी खिलवाड़ हो रहा है। हिंदी दूसरी भाषाओं के शब्द ले रही है, यहां तक तो ठीक है। लेकिन उन शब्दों को अपने व्याकरण में ढाला जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।बतौर विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर हिंदी का जो सिंहनाद किया, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भी जारी रखा। हिंदी में संयुक्त राष्ट्र का दफ्तर भी ट्वीट कर रहा है ।

इन दिनों

# आस्था और आध्यात्म



**अयोध्या** में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि ज्यों-ज्यों करीब आ रही है, वहां के अभ्युदय, आख्यान, आस्था और अध्यात्म के साथ-साथ आह्लाद और अर्थात पर चातुर्दिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। 2024 की जनवरी और विक्रम संवत 2080 का पुनीत पौष और फाल्गुन माह अयोध्या के दृष्टिकोण से सामाजिक चिंतन और राजनीतिक विचार-विमर्श का केंद्र बिंदु बन चुका है। अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सब कुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाये गये सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई। पर्यटन विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग क्रमशः 588 और 936 करोड़ रुपये से अकेले अयोध्या में ही कुंड, मठ और मंदिरों का जीर्णोद्धार करा रहा है। चित्रकूट, विंध्याचल, नैमिषारण्य, शुकताल, गोला गोकर्णनाथ, वृंदावन, बटेश्वर आदि में कॉरिडोर विकसित कर सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास है। परिणाम, प्रदेश में 2022 में जो पर्यटक 31.85 करोड़ थे, सितंबर 2023 तक उनकी संख्या 32 करोड़ से अधिक हो गई। 9.54 लाख सैलानी विदेशी रहे। इस दौरान सबसे ज्यादा 8.42 करोड़ पर्यटक और श्रद्धालु वाराणसी पहुंचे। दूसरी पसंद प्रयागराज रही और 4.50 करोड़ पर्यटकों ने शहर देखा। 2.39 करोड़ श्रद्धालुओं के साथ तीसरे स्थान पर अयोध्या रही। प्रयागराज के आंकड़े अगले साल और अयोध्या के आंकड़े जल्दी ही बदल जायेंगे। 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ होगा, जिसमें छह करोड़ श्रद्धालु पहुंचने की आशा है। इसी मंतव्य से वहां की साज-सज्जा और सुरक्षा के साथ ही सुगम मार्ग बनाये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने का आह्वान किया है। माना जा रहा है कि इसके बाद अयोध्या देश का सबसे बड़ा धार्मिक पर्यटन स्थल हो जायेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रदेश सरकार को यहां हर महीने दो करोड़ श्रद्धालु आने का अनुमान है। रामनगरी में 26 जनवरी से 26 दिन तक प्रतिदिन प्रत्येक राज्य से पांच-पांच हजार श्रद्धालुओं को दर्शन कराने की योजना है। सामान्य तौर पर एक पर्यटक ढाई हजार रुपये से अधिक खर्च करता है। इस आधार पर प्रत्येक वर्ष 55 हजार करोड़ रुपये की आमदनी होगी। अर्थव्यवस्था इससे सशक्त होगी। वाराणसी और अयोध्या के बीच श्रद्धालुओं के लिए हेलिकॉप्टर सेवा फरवरी में शुरू होगी, जबकि आगरा-मथुरा के बीच यह शुरू हो चुकी है। अयोध्या का घटनाक्रम आर्थिक गतिविधियों और रोजगार के क्षेत्र में भी सफलता का नया अध्याय लिख रहा है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेड (कैट) का कहना है कि इस आयोजन से 50 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होगा। इसके अंतर्गत श्रीराम मंदिर के मॉडल से लेकर मूर्तियां, पूजन सामग्री, घंटा-घड़ियाल, अगरबत्ती-धूपवत्ती, चंदन, चित्र, दीपक और गंगाजल की खरीदारी बढ़ेगी। अयोध्या की यात्रा इसमें सम्मिलित नहीं है। रेलवे ने आस्था स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं तो लाखों यात्री अपने या सार्वजनिक साधनों से रामलला के दर्शन-पूजन कर स्वयं को अनुग्रहीत करेंगे। यहां यह भी जानना उपयुक्त होगा कि 2021-22 में अयोध्या से विभिन्न क्षेत्रों में 110 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। 2022-23 में यह बढ़कर 254 करोड़ रुपये हो गया है। यही नहीं, अयोध्या में 2018-19 तक 28 हजार से अधिक रजिस्ट्री होती थीं, जो 2023-24 में अब तक 46 हजार पार हो गई हैं। यही स्थिति वाराणसी की है। यहां इसी अवधि में 40 हजार का आंकड़ा 72 हजार पहुंच गया है। तीर्थाटन के आंकड़े मात्र आंकड़े नहीं है। इनमें आस्था और अध्यात्म का अहम आधार है। उत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। यहां की चारधाम यात्रा प्रसिद्ध है। घरेलू पर्यटकों में 44 फीसदी का उद्देश्य तीर्थयात्रा और धार्मिक यात्रा का होता है। 2022 में राज्य में पांच करोड़ लोग पहुंचे थे, जिसमें 3.8 करोड़ कांवड़िये और 45 लाख चारधाम के यात्री रहे। 2023 में वैष्णो देवी के दरबार में मत्था टेकने वालों की संख्या 97 लाख रही। 2022 में यह आंकड़ा 91.25 लाख था। 2012 में यहां पहली बार 1.04 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे। बीते वर्ष 62 दिन चली अमरनाथ यात्रा में 4.45 लाख श्रद्धालु शामिल हुए थे,जबकि 2022 में यह संख्या 3.65 लाख थी। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में कॉरिडोर बनने के बाद पहली बार 8.10 लाख भक्तों ने दर्शन पूजन कर 2024 की शुरूआत की। एक दिन पहले यानी 32 दिसंबर को संख्या तीन लाख से अधिक थी। यही नहीं, तिरुपति बालाजी मंदिर में हर दिन 50 हजार से एक लाख के बीच श्रद्धालु पहुंचते हैं। एक कालखंड में बुजुर्ग ही तीर्थयात्रा के लिए उपयुक्त पात्र माने जाते थे। वह भी तब, जब उनकी मनौती पूरी होती थी या और मांगने की इच्छा होती थी। बाद में इसमें बदलाव आया। फिर भी देशाटन, तीर्थाटन और पर्यटन साधनों, संसाधनों और सुरक्षा की कमी के कारण अनियमित था। अब श्रद्धालुओं की श्रेणी में युवक-युवतियां और बच्चे भी आ गये हैं। आर्थिक सामर्थ्य बढ़ने के कारण एक बड़ा वर्ग वर्ष में कम से एक बार पौराणिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाले स्थानों पर जाता है। तीर्थयात्री आने-जाने से लेकर परिवहन, होटल, धर्मशाला, भोजनालय आदि पर खर्च करने के साथ स्थानीय महत्व की स्मृतियां संजोने के लिए खरीदारी भी करते हैं।



प्रदीप मिश्र

**अर्थव्यवस्था के अंकगणित के पैमाने पर भी समग्र आयोजन और प्रयोजन को परखा जा रहा है। देश में 20 लाख से अधिक मंदिर हैं लेकिन इस समय सब कुछ राममय है। सबसे ज्यादा मंदिर तमिलनाडु में हैं, जहां की सरकार की ओर से सनातन धर्म पर उठाये गये सवालों का सटीक जवाब देने का समय संभवतः सन्निकट है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। अयोध्या, काशी और प्रयागराज में विकास कार्यों के लिए अलग से व्यवस्था की गई।**

## आपकी बात

### झारखंड के कलाकारों में प्रतिभा है लेकिन मैदान नहीं



आशुतोष द्विवेदी

**रांची।** झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां अच्छे-अच्छे कलाकार हैं, लेकिन उनके लिए ना तो कोई प्लेटफार्म है और ना ही मैदान है। रांची के युवा भोजपुरी गायक आशुतोष द्विवेदी ने बातचीत में बताया कि राज्य सरकार की ओर से भी कलाकारों के विकास और प्रोत्साहन के लिए कोई योजना नहीं है। जिस कारण झारखंड के प्रतिभावान कलाकारों की कला को न तो राज्य के लोग देख पा रहे हैं और ना ही देश के लोग। अपनी करियर के प्रति चिंतित अच्छें कलाकार दुसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हर तरफ मनोरम दृश्य नजर आते है। यदि झारखंड में फिल्म सिटी का निर्माण हो जाता तो यहॉ के कलाकारों को एक अच्छा प्लेटफार्म मिल सकता था। इसके साथ ही झारखंड को प्राकृति जो मनोरम स्थल, पहाड़, झरना और घाटी दिया है। उसे देश और दुनिया के सामने लगाया जा सकता है। इससे झारखंड की प्रतिष्ठा और बढ़ेगी। कहा कि फिल्म सिटी के अभाव में झारखंड के कलाकार दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। इससे झारखंड की प्रतिभा का लाभ अन्य राज्यों को मिल रहा है। यहॉ के कलाकारों की प्रतिभा को संरक्षित करने के लिए सरकार के साथ सभी को आगे आना होगा। आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि झारखंड में कला और संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए बहुत कार्य करने की जरूरत है। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य में कला यूनिवर्सिटी, खेल यूनिवर्सिटी, झारखंड संगीत नाट्य अकादमी, झारखंड स्कूल आफ ड्रामा और झारखंड फिल्म सिटी का निर्माण करने की जरूरत है। जिससे कि यहॉ के युवा और कलाकारों को हर जरूरी संसाधन और सहायता मिलने से उनकी प्रतिभा में और निखार आएगी। इससे राज्य को अच्छे-अच्छे खिलाड़ी और कलाकार मिलेंगे, जो अपने प्रदर्शन के बल पर झारखंड का नाम देश और दुनिया में रौशन करेंगे। **(संयोजक भाजपा युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ)**

### अतिक्रमण से नालियां जाम

मेदिनीनगर में नालियों के ऊपर अतिक्रमण की वजह से शहर का मुख्य नाला जाम हो गया है। अतिक्रमण के कारण उसकी सफाई नहीं हो पा रही है। अतिक्रमण हटाते हुए पूरे नाली और नाला की सफाई किया जाए। नाला में कुछ लोग अपने अपने घरों के शौचालयों का पाईप भी गिराते हैं जो नियम के विरूद्ध है। नाला की सफाई नहीं रहने के वजह से नाले में शौच सड़ता है एवं बदबू फैलता है।

**- गंगेश्वर प्रसाद, डालटनगंज।**

आध्यात्म

# देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा गौरवशाली क्षण



आरके सिन्हा

**अयोध्या** या भारत ही नहीं, सारे संसार में राम की चर्चा है। भारत तो राममय हो ही चुका है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि-विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान होने वाले हैं। भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उस जन्मस्थान पर आखिर सभी पंथ, सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं? क्योंकि, राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बंधे हैं। राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं। इसीलिए तो यहां सिख गुरु नानकदेव भी आये और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश-परंपरा से ही जोड़ा। बनारस से दलित संत रविदास भी रामदर्शन के लिए अयोध्या आये तो दक्षिण के आलावर संत भी। द्वैत सिद्धांत मानने वाले आचार्य भी। अद्वैत के प्रवर्तक शंकराचार्य और विशिष्टाद्वैत के बल्लभाचार्य भी अयोध्या आकर जन्मस्थान पर अपनी साधना में लीन रहे। निर्गुण कबीर भी राम को भजते हैं और सगुण तुलसी भी। भवभूति भी राम को जपते हैं। तुकाराम से तिरुवल्लुवर तक के लिए राम पीड़ित, शोषित और वंचित की अभिव्यक्ति हैं। श्रीराम की अयोध्या कैसी है? अयोध्या लोकतंत्र की जननी है। आराधिका है। संरक्षिका है। अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण की श्रेष्ठता से चलता है। अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है। और वहां बना राम मंदिर? क्या जन्मस्थान पर बनी यह नई इमारत राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के पत्थरों और कंक्रीट का महज एक मंदिर है? नहीं। ये बदलते भारत का प्रतीक है, जिसमें किसी अन्याय के प्रतिकार की ताकत है। इस मंदिर से हमारी परंपरा, संस्कृति, धर्म, सभ्यता, मान -सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है। अयोध्या का मंदिर श्रीराम का है।

**राम ही भारत की प्राणशक्ति हैं। राम ही धर्म हैं। मानव शरीर की श्रेष्ठता और उदात्तता का सीमांत राम से ही बनता है। हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय हैं, वह राम ही हैं।**



बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा

तब विष्णु भगवान बोले कि असुरों का अमृत पान करके अमरत्व प्राप्त करना सृष्टि के लिए भी हितकारी नहीं है। ये कहकर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया जो सब प्रकार के स्त्रियोचित गुणों से परिपूर्ण थी। भगवान विष्णु के इस अवतार को मोहिनी अवतार भी कहते हैं। मोहिनी रूप धारण करके भगवान असुरों के बिच चले गये। असुरों ने ऐसा रूप लावण्य पहले नहीं देखा था तो सबके सब भगवान की माया से मोहित हो गये। तब मोहिनी ने कहा कि - आप सबलोग व्यर्थ ही झगड़ रहे हैं, मैं इस अमृत को देवताओं और दैत्यों में बराबर बाँट देती हूँ। इस प्रकार उन्होंने दो पंक्ति बनवायी पहली दैत्यों की और दूसरी देवताओं की और छल से अमृत सिर्फ देवताओं को ही पिलाने लगी। मोहिनी के आकर्षण में मोहित दैत्य इसे समझ नहीं पाए पर राहु नामक दैत्य इस चाल को समझ गया और वेश बदलकर देवताओं की पंक्ति में बैठ गया और अमृत पान कर लिया। वह अमृत उसके कंठ तक ही पहुँचा था कि देवताओं की कल्याण भावना से प्रेरित होकर चन्द्रमा और सूर्य ने उसके भेद को प्रकट कर दिया। जैसे ही भगवान विष्णु को इस बात का पता चला उन्होंने सुदर्शन चक्र से राहु का सिर धर से अलग कर दिया पर अमृत पान के कारण राहु के शरीर के दोनों ही भाग जीवित रह गये। सिर वाला भाग राहु और धर वाला भाग केतु कहलाया। ये दोनों छाया ग्रह हैं। ज्योतिष में इनका बहुत महत्व है और ये दोनों छाया ग्रह अन्य नव ग्रहों पर विशेष प्रभाव डालते हैं। तभी से राहु के उस मुख ने चन्द्रमा और सूर्य के साथ अटूट वैर निश्चित कर दिया, जो आज भी उन्हें पीड़ा पहुँचाता है। अमृत का पान करके देवताओं की शक्ति फिर से बढ़ गयी और उन्होंने दैत्यों पर आक्रमण करके उन्हें पराजित कर दिया और स्वर्ग का राज्य प्राप्त कर लिया। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से

**Mukesh Kanchan** is with **Jdca Jharkhand** and **2 others.**
10 h
Congratulations...Sheetal Devi



157 · 27 comments 2 shares
Like Comment Send Share

## X - से

Post
**Office of Babulal Marandi**
@babulalmarandi

लालू यादव जिस प्रकार बेउर जेल जाने से पहले अपनी पत्नी राबड़ी देवी को सत्ता सौंपकर गए थे, हेमंत भी होटवार जेल जाने से पूर्व ऐसे ही प्रयास में हैं।

सर्वत्र चर्चा है कि, गांडेय विधायक के इस्तीफे की डील राज्यसभा सीट और 200 करोड़ रुपये में हुई है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री @yourBabulal जी




5:23 PM · 07/01/24 From Earth · 2.8K Views
31 Reposts 1 Quote 94 Likes

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में श्रीराम बिराजें- 04

### ।।।। मनुष्य की मुक्ति का मंगलगान ।।।।



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

**हरेक** मनुष्य की इच्छा मुक्ति की होती है। लेकिन क्या वह अपने बंधनों को छोड़ना चाहता है। मुक्ति का मार्ग हृदय से होकर जाती है। हमारी चेतना लुप्त है। ऐसे में हृदय के स्पंदन की भाषा को हम समझ नहीं पाते है। हमारा जीवन आत्म विस्मरण में बीतता जाता है। हम बाहर की दुनिया में जागरूक है और भीतर अंधकार पसरता जाता है। इस अंधकार को हटाना ही मुक्ति है। राम का मनुष्य होने से ही उनके चरित्र की इतनी महिमा है। समूचे रामकथा में मनुष्य अपने कर्म, गुण और विचार के कारण देवत्व की उपमा धारण करते हैं। उनके कृतिव उनको देवत्व से सुशोभित करते हैं और देवता खुद मनुष्य रूप धारण करने में गौरव पाते हैं। रामकथा के इसी मंगलगान में मनुष्य की मुक्ति का मार्ग है। विपरीत परिस्थिति में गिरना, ठहरना और खड़ा हो जाना मनुष्य की मुक्ति का पहला सोपान है। अपनी लघुता की सीमा को समझना और विराट के लिए संघर्ष और सफलता राम के पथ की शोभा है। श्रीराम मनुष्य की परिपूर्णता का परिचय कराते हैं, जो जीवन के द्वंद्व, अंतर्यात्रा और विचारमंथन से होकर जाता है। मनुष्य कैसा हो? श्रीराम एक ऐसे पुरुष के प्रतीक है जो संसार के लिए भवसागर पार करने का नाम है। मनुष्य के लिए जीवन की अभीप्सा है, संघर्ष का एक साथी है और समाज के लिए आशा का केंद्र है। राम मनुष्य है, इसलिए सभी प्रेम करते हैं, वह मनुष्य की भांति दुख भोगते हैं, इसलिए समूचा समाज उनके दुख से द्रवित होता है। अयोध्या वहीं है, लेकिन जब राम उस नगर को छोड़ते हैं,तो लोग सड़क पर आ जाते हैं। राम के साथ चल देते हैं। यह भारतीय सभ्यता का पहला असहयोग है, जिसमें उनका नारा होता है- मैं नहीं जीऊं बिन राम ! वे लोग अयोध्या लौटते हैं, उस माया के साथ। जिसमें हरेक व्यक्ति के साथ राम चलता प्रतीत होता है। व्यक्ति कैसे मुक्त होता है? रामकथा में एक दृष्टांत है कि हनुमान जब माता सीता का पता लगाकर आने पर श्रीराम उपकार की बात करते हैं। पुनः वह अपने को संभालते हैं और कहते हैं कि- तुमने जो यह उपकार किया है, वह मेरे ही शरीर में जीर्ण हो जाय। यानी पच जाए। आखिर उपकार को कोई प्रति उपकार कैसे हो सकता है ? यह मानवीय जीवन की मुक्ति का मंगलगान है। वन जा रहे हैं, लेकिन माता कैकेयी के लिए दुखी है। भरत की चिंता है।

**श्रीराम मनुष्य की परिपूर्णता का परिचय कराते हैं, जो जीवन के द्वंद्व, अंतर्यात्रा और विचारमंथन से होकर जाता है। मनुष्य कैसा हो? श्रीराम एक ऐसे पुरुष के प्रतीक है जो संसार के लिए भवसागर पार करने का नाम है।**

## टेक वर्ल्ड

## 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

**7. एक डिस्ट्रबिंग ईमेल थ्रेड को म्यूट करें**
ईमेल थ्रेड्स निराशाजनक हो सकते हैं, खासकर यदि कई सहकर्मी एक ही मेल पथ पर प्रतिक्रियाएँ भेजते रहते हैं। सौभाग्य से, जीमेल उपयोगकर्ताओं को अनावश्यक सूचनाओं को रोकने के लिए ईमेल थ्रेड्स को म्यूट करने का विकल्प देता है। ईमेल थ्रेड खोलें, इंटरफेस के शीर्ष पर तीन बिंदुओं पर टैप करें, और इसे पूरा करने के लिए विकल्पों की सूची से 'म्यूट' चुनें। संवाद देखने के लिए उपयोगकर्ता बाईं ओर साइडबार से 'ऑल मेल' विकल्प चुन सकते हैं।



**8. अपने कंप्यूटर पर नाइट लाइट सुविधा इनेबल करें**
रात में अपने कंप्यूटर का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए विंडोज और मैकओएस में एक अंतर्निहित नाइट लाइट विकल्प है जो रंग तापमान को नियंत्रित करता है और नीली रोशनी को कम करता है, जो आंखों के लिए खराब हो सकता है। विंडोज पर, खोज बार में 'नाइट लाइट' दर्ज करें, शीर्ष परिणाम पर क्लिक करें, फिर सुविधा को सक्षम करने के लिए 'अभी चालू करें' चुनें। टूं के उपयोगकर्ताओं को शीर्ष मेनू बार में Apple मेनू से 'सिस्टम सेटिंग्स' चुनना होगा। 'डिस्प्ले' पर जाएं और 'नाइट शिफ्ट' चुनें। इस बिंदु से, उपयोगकर्ता नाइट शिफ्ट को सक्रिय कर सकते हैं, इसे शुरू करने के लिए एक समय चुन सकते हैं और रंग तापमान को संशोधित कर सकते हैं। **9. दूसरों को क्यूआर कोड के जरिये वाई-फाई साझा करें**
ये सलाह एंड्रॉइड यूजर्स के लिए ज्यादा कारगर है।

**(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### राम मंदिर उद्घाटन वाले दिन कालीघाट में पूजा की इजाजत नहीं दे रही पुलिस

# राम पूजा के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**एजेंसी। कोलकाता**

राम मंदिर के उद्घाटन के दिन कोलकाता के कालीघाट में भगवान राम की पूजा की इजाजत नहीं मिली है। कोलकाता पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया जिसके बाद बुधवार को कलकत्ता हाई याचिका दायर की गई है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। उस दिन देशभर में कई जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कालीघाट बहुमुखी सेवा समिति उसी दिन कालीघाट में 66 पल्ली क्लब के पास भगवान राम की पूजा का आयोजन करना चाहती है। आरोप है कि पुलिस उस पूजा में बाधा डाल रही है। एसोसिएशन की योजना 22 जनवरी की सुबह से अयोध्या कार्यक्रम को एलईडी स्क्रीन पर दिखाने की है। इसके साथ ही राम पूजा, प्रसाद वितरण और



सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। एक माह पहले उन्होंने पुलिस को आवेदन दिया था। हाई कोर्ट के जस्टिस जय सेनगुप्ता ने बुधवार को मामले की अनुमति दे दी। मामले की सुनवाई अगले सप्ताह सोमवार को होगी। उल्लेखनीय है कि बंगाल भाजपा खेमे ने राम मंदिर उद्घाटन के दिन कई कार्यक्रमों की योजना बनाई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन देश भर में दीप जलाने का आह्वान किया है।

## लाड़ली बहनों के खातों में सीएम ने ट्रांसफर किए 1576 करोड़

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहना योजना की पहली किस्त बुधवार को सिंगल क्लिक से जारी की। उन्होंने योजना की पात्र हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए 1576.61 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए।

करीब 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1250-1250 रुपये की राशि अंतरित की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय विभाग की 12 पेंशन स्कीम के 56 लाख हितग्राहियों को 341 करोड़ रुपये भी ट्रांसफर किए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर करीब 12 बजे कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे और कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महिला सशक्तीकरण सप्ताह प्रारंभ हो गया, जो 15 जनवरी तक चलेगा।

## बिहार में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस 'इत्मीनान', जदयू सख्त

**एजेंसी। पटना**

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे का मामला सुलझ नहीं सका है। जदयू जहां जल्दी सीट बंटवारे को लेकर सख्त नजर आ रही है, वहीं, कांग्रेस इत्मीनान है। जदयू के प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर कई नेता जल्दी सीट बंटवारे को लेकर आगे बढ़ने की बात कह चुके हैं। जदयू की ओर से यहां तक कहा जा चुका है कि अगर नीतीश कुमार का सुझाव माना जाता तो कभी का सीट बंटवारा हो जाता। जदयू के नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अगर जल्द सीट बंटवारा नहीं हुआ तो गठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिहार कांग्रेस सीट बंटवारे को लेकर जल्दबाजी में नहीं दिख रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह कहते हैं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है, ऐसे में हड़बड़ी की जरूरत नहीं है। सब कुछ आराम से हो जाएगा। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान के बाद बिहार के मंत्री और जदयू के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि विलंब हो रहा है, लेकिन, ठीक से हो जाए, ऐसी कोशिश सब लोगों को करनी चाहिए। जो विलंब हो रहा है, उसमें थोड़ी दिक्कत हो रही है, इसका हल निकालना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े नेताओं का इंगेजमेंट रहता है, लेकिन, सीट शेयरिंग के मसले को प्राथमिकता से करना चाहिए। मंत्री ने साफ कहा कि जिसको जिस दल से बैठकर बात करनी है करे। विलंब हो रहा है, लेकिन, इसका कारण कौन है, ये कहना मुश्किल है।

## संघ और भाजपा बनाएगी मप्र के लोस चुनाव का रोड मैप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसको लेकर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सीहोर में एकजुट होने वाले हैं। इस बैठक में राज्य सरकार के कामकाज के साथ लोकसभा चुनाव पर मंथन होगा। राज्य में लोस की 29 सीटें हैं। भाजपा सभी स्थानों पर जीत दर्ज करने की तैयारी में है। पिछले चुनाव में भाजपा 29 में से 28 स्थान पर ही जीत दर्ज कर सकी थी, छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र पर कांग्रेस के नकुलनाथ जीतने में सफल रहे थे। आगामी लोकसभा चुनाव में सभी स्थानों पर जीत कैसे दर्ज की जाए, इसकी रणनीति बनाने के लिए 11 को सीहोर में एक बैठक होने जा रही है।

## एक नजर

### अंडमान द्वीप समूह में 4.1 तीव्रता का भूकंप

**चेन्नई।** अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह 4.1 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। इस भूकंप से कोई नुकसान होने की खबर नही है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के अनुसार अंडमान द्वीप समूह में बुधवार सुबह सुबह करीब 7:53 बजे 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र 12.66 के अक्षांश और 93.02 के देशांतर पर 10 किमी की गहराई पर स्थित था।

### सीआईएल को बंद करने की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

**चेन्नई।** एन्नोर गैस रिसाव का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। प्रदर्शनकारी सीआईएल को स्थायी रूप से बंद करने की अपनी मांग पर अड़े हैं। कंपनी के संयंत्र को बंद करने के लिए लगभग 30 गांव के लोग एक साथ विरोध कर रहे हैं। विदुथलाई चिरुथिगल काची के संस्थापक थोल थिरुमावलवन ने कहा कि कंपनी के खिलाफ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का स्वतः संज्ञान मामला निवासियों को स्थायी समाधान खोजने में मदद नहीं कर रहा है। कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) कंपनी के संयंत्र से अमोनिया गैस रिसाव हुए 15 दिन हो गए हैं, जब एन्नोर के कई गांवों के निवासियों ने कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड (सीआईएल) कंपनी के खिलाफ अपना विरोध जता रहे हैं। गैस रिसाव के बाद निवासियों में दहशत फैल गई थी। गैस रिसाव के बाद एन्नोर और उसके आसपास के लगभग 30 गांव एक साथ विरोध कर रहे हैं।

### अब विस के पटल पर दिखेगी राज्यपाल और मुख्यमंत्री की तकरार

**तिरुवनंतपुरम।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के बीच चल रहा वाकयुद्ध अब 25 जनवरी को केरल विधानसभा के पटल पर देखा जाएगा। परंपरा के अनुसार नए साल में विधानसभा सत्र का पहला दिन राज्य के राज्यपाल का होता है जब वह अपनी सरकार के साल भर के कार्यक्रमों और परियोजनाओं के साथ-साथ पिछले साल की उपलब्धियों के बारे में भी पढ़ते हैं। केरल सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वह अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभा रहे हैं।

### बिहार में राजद के वोटबैंक में सेंध लगाने में जुटी भाजपा

# 'मिशन यादव' को लेकर एमपी के मुख्यमंत्री पहुंचेंगे पटना

**एजेंसी। पटना**

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुकी है। इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को जमीन पर उतारना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के तहत भाजपा की नजर राजद के वोटबैंक पर है। राजद का कोर वोटबैंक यादव समाज को माना जाता है। अब, भाजपा 'मिशन यादव' के तहत इसी वोटबैंक में सेंध लगाने की तैयारी में है। मध्य प्रदेश में जीत के बाद भाजपा ने जब मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया था तभी माना जा रहा था कि इनके जरिए भाजपा बिहार में यादवों के वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश करेगी। भाजपा अब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार की सियासत में उतारने की तैयारी में है। पार्टी के वरिष्ठ यादव नेताओं की ओर से श्रीकृष्ण चेतना मंच के बैनर तले मोहन यादव का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यादव के स्वागत के लिए भाजपा के नेता पुरजोर तैयारी में जुटे हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के यादव समाज के बड़े चेहरों को आमंत्रित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने बिहार दौरे पर भाजपा कार्यालय भी पहुंचेंगे और इस्कॉन मंदिर भी जाने की संभावना है। भाजपा के एक नेता का कहना है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के पहले बिहार दौरे पर आते रहेंगे।



### 'तुष्टिकरण से सत्ता की राजनीति बंद होने वाली है'

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने विपक्ष के गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति कर सत्ता पाने वालों की राजनीति बंद होने वाली है। उन्होंने कहा कि अब 'मोदी काल' चल रहा, जिसमें राम मंदिर भी बन रहा और गरीबों के लिए घर भी बन रहे हैं। जब पत्रकारों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 'भाजपा की नौटंकी' के बयान के संबंध में पूछा तब केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ ममता बनर्जी ही नहीं बल्कि पूरा इंडी जिसे लोग घमंडिया गठबंधन कहते हैं घबराया हुआ है। इन लोगों की नीतियों में हिंदुओं, सनातन का विरोध कर तुष्टिकरण की नीति से वोट इकट्ठा करने की तैयारी रहती थी। राय ने कहा कि अब ऐसे लोगों को लोग पहचान चुके हैं और अब इनकी दुकान बंद होने वाली है, उनकी राजनीति समाप्त होने वाली है।

# डीपफेक और फर्जी खबरें पूरी दुनिया के लिए चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोई भी जानबूझकर गलत सूचना फैलाने के लिए डिजिटल साधनों का उपयोग कर सकता है। यह 'डीपफेक', फर्जी समाचार और गलत सूचना पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के 55वें दीक्षांत समारोह के दौरान यह बात कही। भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने पत्रकारिता और मीडिया के क्षेत्र में प्रवेश करने वाले छात्रों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इन चुनौतियों के बीच नागरिकों को सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग से निपटने के लिए पर्याप्त रूप से तैयार रहें।पूर्व राष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों से अधिक टीआरपी हासिल करने के लिए सनसनीखेज खबरों की प्रवृत्ति से दूर रहने और पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत बनाने की शक्ति युवाओं के हाथों में है। उन्हें इस शक्ति का उपयोग बुद्धिमानी से करना चाहिए। उन्होंने पत्रकारिता में शॉर्टकट अपनाने की प्रवृत्ति से



बचने का भी आग्रह किया। इस मौके पर देशभर के आईआईएमसी के 2021-22 और 2022-23 बैच के 700 से अधिक छात्रों ने दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया। छात्रों को हिंदी पत्रकारिता, अंग्रेजी पत्रकारिता, ओड़िया पत्रकारिता, मराठी पत्रकारिता, मलयालम पत्रकारिता, उर्दू पत्रकारिता, विज्ञापन और जनसंपर्क, रेडियो और टेलीविजन पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त हुए। इसके अलावा दोनों बैच के 65 विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर आईआईएमसी के अध्यक्ष आर. जगन्नाथन, महानिदेशक डॉ. अनुपमा भटनागर और अतिरिक्त महानिदेशक डॉ. निमिष रुस्तगी उपस्थित थे।

### 8 बच्चों के पिता राजस्थान के मंत्री बाबूलाल खराड़ी का बयान, खूब बच्चे पैदा करो, मकान देंगे पीएम मोदी

**जयपुर ।** राजस्थान के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह करते हुए कहा है कि कोई समस्या नहीं होनी चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन सभी के लिए घर बनाएंगे। राज्य के आदिवासी क्षेत्र विकास मंत्री




खराड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी भूखा और सिर पर छत के बिना नहीं सोयेगा। बाबूलाल खराड़ी के बयान को लेकर अब खूब चर्चा हो रही है। इसका भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बाबूलाल खराड़ी ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा या सिर पर छत के बिना न सोये। आप बच्चे पैदा करो, प्रधानमंत्री आपके घर बनाएंगे। कठिनाई क्या है? खराड़ी की दो पत्नियों से आठ बच्चे हैं - चार बेटे और इतनी ही बेटियाँ। पूरा परिवार उदयपुर की कोटड़ा तहसील से करीब तीन किलोमीटर दूर निचला थला गांव में रहता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जनजातीय क्षेत्र विकास मंत्री के साथ मंच साझा किया। उदयपुर के नाई गांव में विकित भारत संकल्प यात्रा शिविर के लिए मंच तैयार किया गया था।

### 6 माह की बच्ची को लेकर 16वीं मंजिल से कूदने वाली महिला ने एक दिन पहले ही मनाया था बेटे का जन्मदिन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में 6 महीने की बच्ची को लेकर हाईराइज सोसाइटी के 16वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने वाली महिला ने घटना के एक दिन पहले ही अपने बेटे का जन्मदिन मनाया था। महिला का पति अमेरिका में जॉब करता है। महिला अपने भाई और मां के साथ लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी में रहती थी। पुलिस ने बताया कि महिला की शिनाख्त सारिका (33) के तौर पर हुई है। वह भाई-मां के साथ टॉवर-2 की 16वीं मंजिल में रहती थी। महिला का एक 4 साल का बेटा भी है। घटना मंगलवार रात करीब 12 बजे की है। महिला अपने कमरे से उठी और बालकनी से नीचे कूद गई। सारिका के भाई ने पुलिस को बताया कि वह कुछ दिन पहले ही यहां रहने आई थी। एक दिन पहले ही 4 साल के बड़े बेटे का जन्मदिन मनाया था। इसमें सारिका के ससुराल वाले भी शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि बहन मानसिक तौर पर परेशान थी। वह डिप्रेशन में थी। पुलिस ने परिजन और सोसाइटी में पूछताछ की है। सीसीटीवी भी चेक किया जा रहा है। शुरूआती जांच में पता पता चला कि महिला डिप्रेशन में थी।

### कोलकाता मेडिकल कॉलेज में रैगिंग की शिकायत

**कोलकाता।** जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के बाद, कोलकाता के प्रतिष्ठित कलकत्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रैगिंग की शिकायतें सामने आई हैं, जहां दो स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं (जूनियर रेजिडेंट्स) ने अपने वरिष्ठों द्वारा शारीरिक उत्पीड़न की शिकायत की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया



कि दो पीड़ितों में से एक ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले चार महीनों से उसे अत्यधिक शारीरिक और मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उसे एक मनोवैज्ञानिक से परामर्श लेना पड़ा। इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों को भी शिकायत दी गई है। मामले की जांच के लिए अधिकारियों ने मेडिकल कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने कहा कि जूनियर स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं को इस संबंध में मेडिकल कॉलेज अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। इस घटनाक्रम ने राज्य के शैक्षणिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है - खासकर पिछले साल अगस्त में जादवपुर विश्वविद्यालय के एक नए छात्र की रैगिंग से संबंधित आत्महत्या की पृष्ठभूमि में।

### बेंगलुरु के मंदिरों में हिंदू भक्तों के लिए ड्रेस कोड लागू, केवल इस ड्रेस में मिलेगी एंट्री

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में मंदिर प्रबंधन बुधवार से एक ड्रेस कोड लागू कर




रहा है। अब भक्तों को केवल भारतीय पारंपरिक ड्रेस में ही मंदिरों में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी। कर्नाटक देवस्थान महासंघ और हिंदू जनजागृति समिति इस संबंध में मंदिरों के सामने बोर्ड लगाएगी और बुधवार से इस संबंध में सख्त नियम लागू करने को कहा है। ड्रेस कोड के अनुसार, पुरुषों को शॉर्ट्स, बरमूडा, फटी जींस, सीना दिखाने वाली टी-शर्ट पहनने की अनुमति नहीं है। वहीं, महिलाओं को शॉर्ट्स, मिडी, फटी जींस में मंदिरों के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी। बोर्ड ने श्रद्धालुओं से यह भी अपील की है कि वे अशोभनीय, अश्लील पोशाक पहनकर मंदिरों में प्रवेश न करें। इसमें यह भी कहा गया है कि मंदिर की पवित्रता की रक्षा करना परम धार्मिक कर्तव्य है।

### उप्र : अमरोहा में अंगीठी जलाकर कमरे में सो गया परिवार, दम घुटने से पांच की मौत

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश में जनपद अमरोहा के सैदनगली थाना क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए तसले में आग जलाकर एक परिवार कमरे में सो गया। अगले दिन परिवार के पांच लोगों की दम घुटने के कारण मौत हो गई और दो लोगों की हालत नाजुक है। गांव अल्लीपुर भूड़ उर्फ ढक्का मोड़ निवासी रहीसुद्दीन ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके परिवार में पत्नी हुस्नजहां, उसकी की बेटी सोनम, बड़ा बेटा जैद, छोटा बेटा माहिर हैं। धनौरा निवासी साद्रू आस मोहम्मद ने बताया कि कुछ दिन पहले पत्नी अपनी बेटी कशिश के साथ रहीसुद्दीन के यहां गयी थी। ट्रक चालक रहीसुद्दीन का साला सिहाली जागीर निवासी रियासत, उसकी बेटी महक भी आये हुए थे। जबकि ट्रक चालक रईसुद्दीन चार दिन पूर्व ट्रक चलाने काशीपुर गया था। इस बीच मंगलवार की रात कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए परिवार के लोगों ने कमरे में अंगीठी जलाकर सो गये। बुधवार को चालक ने हालचाल लेने के लिए पत्नी को फोन मिलाया। कई बार फोन करने पर जब कॉल नहीं उठी तो उसने अपने छोटे भाई गबरू को फोन करके घर का हालचाल लेने के लिए भेजा।

**परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर, अस्पताल में चल रहा इलाज**

# फरार पीएफआई कार्यकर्ता को एनआईए ने किया गिरफ्तार




**एजेंसी। कोच्चि**

केरल के कुख्यात हाथ काटने के मामले में मुख्य आरोपी सवाद को एनआईए ने बुधवार को कन्नूर से हिरासत में लिया। एनआईए ने उसके बारे में जानकारी देने वाले को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। सवाद पिछले 13 सालों से फरार था। सवाद को आज एनआईए अदालत में पेश किया जाएगा। सवाद एर्नाकुलम जिले का रहने वाला है और उसने ही जुलाई 2010 में अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोफेसर टी.जे. जोसेफ का दाहिना हाथ काटा था। ये सभी प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यकताओं से संबंधित थे। यह घटना तब हुई जब जोसेफ अपनी मां और बहन के साथ चर्च से घर लौट रहे थे। मामले की जांच एनआईए ने की और 2015 में विशेष एनआईए अदालत ने पीएफआई के संबंध रखने वाले 13 लोगों को दोषी ठहराया था। पिछले साल पूरक आरोप पत्र के हिस्से के रूप में, एनआईए अदालत ने पांच को छोड़ दिया और छह को आरोपी पाया गया। सवाद की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, जोसेफ ने कहाः एक व्यक्ति के रूप में जिसने इसे झेला है, मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है, लेकिन एक नागरिक के रूप में, यह अच्छा है कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने मुख्य अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए अन्य जनपदों से बुलाए गए अधिकारी

**एजेंसी। लखनऊ**

22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के शुभारंभ के साथ ही श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को अब महज 12 दिन ही शेष हैं। ऐसे में सरकार ने तैयारियों में तेजी लाने और उनकी निगरानी के लिए बड़े पैमाने पर दूसरे जनपदों के अधिकारियों को तैनात किया है। इन अधिकारियों को तत्काल अयोध्या में अपनी जिम्मेदारी संभालने के साथ-साथ 22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की व्यवस्था देखने का निर्देश दिया गया है। 22 जनवरी को होने वाले इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में पीएम मोदी और सीएम योगी समेत देश और दुनिया से करीब 10 हजार मेहमान हिस्सा लेंगे। उत्तर प्रदेश नगर विकास विभाग के तहत नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से विभिन्न अधिकारियों को अयोध्या में 22 जनवरी के कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। नगरीय निकाय के निदेशक नितिन बंसल द्वारा इस संबंध में संबंधित अधिकारी एवं उस नगर निगम के नगर आयुक्त को पत्र लिखकर सूचित किया गया है। नगर निकाय निदेशालय में संबंद्ध अंगद गुप्ता को अयोध्या में सहायक नगर आयुक्त के रूप में कार्यक्रम के सकुशल संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अयोध्या में ड्यूटी ज्वॉइन करने के लिए कहा गया है।



### राम और सनातन विरोधी है कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही राम और सनातन विरोधी रही है। ठाकुर ने बुधवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के आमंत्रण को ठुकरा कर एक बार पुनः साबित कर दिया है कि वह राम और सनातन विरोधी है। ये वही कांग्रेस है, जिसने भगवान राम को काल्पनिक करार दिया था। कांग्रेस ने पुनः बाबरी मस्जिद बनाने की बात कही थी। कांग्रेस ने राम मंदिर के विरोध में कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी कर दी थी। उनका राम मंदिर कार्यक्रम में न जाना कोई चौंकाने वाली बात नहीं है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने का काम किया है। ये लोग राम को नकारते रहे हैं। कांग्रेस ने अनेक बार हिन्दुओं को नीचा दिखाने का काम किया है। कांग्रेस ने आज प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया है।

### लोस सचिवालय की स्थापना की 95वीं वर्षगांठ पर बोले बिरला

# टेक्नोलॉजी ने पूरी तरह से बदली कार्यशैली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा सचिवालय की स्थापना की 95वीं वर्षगांठ पर संसद भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में सदनों की कार्य पद्धतियों में व्यापक बदलाव आए हैं और टेक्नोलॉजी ने सचिवालय की कार्यशैली को पूरी तरह से बदल दिया है। बिरला ने यह भी सुझाव दिया कि यह जरूरी है कि हम समय के साथ चलते हुए नवीनतम तकनीकों के लिए स्वयं को तैयार रखें। इसके लिए नियमित प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और सीखते रहने की इच्छा रखना बहुत जरूरी है। सचिवालय को समर्पण और प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनाने की दिशा में यहां के अधिकारियों और कर्मचारियों की निष्ठा



और कड़ी मेहनत अत्यंत सराहनीय है और उन्हें विश्वास है कि सचिवालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी इसी प्रकार भविष्य में भी अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देते रहेंगे। बिरला ने आगे कहा कि जनप्रतिनिधियों के रूप में सांसद नागरिकों की समस्याओं को दूर करने, जरूरतों और आकांक्षाओं को पूरा करने और सामाजिक आर्थिक समस्याओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। इस प्रक्रिया में सचिवालय के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने इस बात का उल्लेख भी किया कि किस प्रकार सचिवालय के कर्मियों ने कोरोना महामारी के दौरान भी समर्पित होकर काम किया। पी-20 सम्मेलन की सफलता में उनके परिश्रम का बड़ा योगदान रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से संविधान सदन से नए संसद भवन में स्थानांतरण का काम भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान लोकसभा सचिवालय में कार्यकुशलता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने के लिए किए गए परिवर्तनों का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि इस अवधि में बहुत सी नई पहलें भी हुई हैं और कामकाज में प्रौद्योगिकी का उपयोग निरंतर बढ़ा है। ई-ऑफिस, सदस्य पोर्टल, डिजिटल संसद, डिजिटल लाइब्रेरी, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण, संसदीय कार्यक्रमों की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग किया जाना, सोशल मीडिया में बढ़ती उपस्थिति और चिंतन शिविर जैसे कई नए प्रयास किए गए।

# दंपति ने कर्नाटक विधानसभा के बाहर किया आत्मदाह का प्रयास

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक पुलिस ने बुधवार को यहां विधान सौध के सामने एक बैंक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाने वाले एक मुस्लिम दंपति के आत्मदाह के प्रयास को विफल कर दिया। दंपति की पहचान जे.जे. नगर निवासी 48 वर्षीय शाहिस्ता बानो और उसके पति मोहम्मद मुनेयद उल्ला के रूप में हुई है। उन्होंने दावा किया कि बेंगलुरु सहकारी बैंक ने उन्हें धोखा दिया है और आवास, मुजाराई और वक्फ मंत्री जमीर अहमद खान तक पहुंचने के उनके प्रयास व्यर्थ गए। दंपति अपने बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घटनास्थल पर आए थे। मीडिया को बयान देने के बाद, दंपति ने अचानक केरोसिन से भरी बोतलें निकालीं और अपने ऊपर उड़ेल लिया। इससे पहले कि वे आगे कुछ करते, मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़कर हिरासत में ले लिया। शाहिस्ता ने आरोप लगाया कि बैंक ने उसके परिवार के साथ धोखाधड़ी की है। बैंक ने उनकी तीन करोड़ रुपये की बिल्डिंग को महज 1.41 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया था। उसने कहा, हमें न्याय चाहिए। बैंक प्रबंधन कोई जवाब नहीं दे रहा है। दो साल से हम जमीर अहमद खान से मिल रहे हैं, हमें न्याय नहीं मिला।"उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने अदरक उगाने के लिए बैंक से 50 लाख रुपये का ऋण लिया था और बैंक को लगभग 90 लाख रुपये का भुगतान किया था।



# ग्रीन ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम में रेनशॉ की वापसी




एजेंसी। मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 17 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए 13 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे। मैट रेनशॉ, जिन्हें वार्नर के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा है, को मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के साथ टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती एकादश में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है। बेली ने कहा, एडिलेड में टेस्ट के लिए कैमरून ग्रीन अंतिम एकादश में आएंगे, जिसमें स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ भी शामिल होंगे। इसमें देश के सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाज शामिल हैं।

**ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम इस प्रकार है :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड (उपकप्तान), उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, मैथ्यू रेनशॉ, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

# हॉकी इंडिया ने द. अफ्रीका दौरे के लिए की 26 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को 22 जनवरी 2024 से केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 26 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की है। टूर्नामेंट में फ्रांस, नीदरलैंड, भारत और मेजबान दक्षिण अफ्रीका भाग लेंगे। भारतीय टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत सिंह करेंगे और एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर विजेता हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। जूनियर भारतीय टीम के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद युवा अरजीत सिंह हुंदल और बॉबी सिंह धामी को टीम में शामिल किया गया है।

दक्षिण अफ्रीका दौरे को लेकर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम ओलंपिक वर्ष में दक्षिण अफ्रीका दौरे के साथ सीजन शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं, जहां हम गुणवत्तापूर्ण टीमों के खिलाफ खेलेंगे और इससे मुझे



एफआईएच हॉकी प्रो लीग से पहले कुछ खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा मोड में देखने का मौका भी मिलेगा। टूर के लिए रवाना होने से पहले हमने साई, बेंगलुरु में एक छोटा शिविर लगाया है। हमने दो युवा खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया है, और यह देखना दिलचस्प होगा कि हम जिस स्तर पर खेलते हैं उसके अनुसार वे खुद को ढालते हैं।

## द अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम

**गोलकीपर :** पीआर श्रीजेश, कृष्ण बहादुर पाठक, पवन।
**डिफेंडर्स :** जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह (**कप्तान**), वरुण कुमार, सुमित, संजय, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम।
**मिडफील्डर :** विवेक सागर प्रसाद, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, विष्णुकांत सिंह, हार्दिक सिंह (उप-कप्तान), मनप्रीत सिंह।
**फारवर्ड :** मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, आकाशदीप सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, बॉबी सिंह धामी।

# डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में अनिकेत सर्राफ ने जीता सिल्वर मेडल




**रांची :** डीएवी गांधीनगर के आठवीं कक्षा का छात्र अनिकेत सर्राफ ने दिल्ली में 7- 8 जनवरी 24 को आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता- 23 में अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता मे रजत पदक जीतकर झारखंड के मान को बढ़ाया है। अनिकेत ने नवंबर में जमशेदपुर में आयोजित क्लस्टर जोन के प्रतियोगिता मे अंडर- 14 में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। तथा दिसंबर माह में धनबाद में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल गेम्स मे खेलने के लिए चयनित हुआ। दिल्ली में आयोजित नेशनल गेम्स मे बैडमिंटन प्रतियोगिता मे डीएवी गांधीनगर उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में अनिकेत सर्राफ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल तक पहुंचा। फाइनल में हरियाणा को कड़ी प्रतिस्पर्धा दी। एवं बहुत कम अंकों के साथ हारकर सिल्वर मेडल जीता। अनिकेत सर्राफ सामाजिक कार्यकर्ता सह व्यवसायी संजय सर्राफ के पुत्र हैं।

# राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन



**रांची।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार से तीन दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गई। 12 जनवरी तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागीय सचिव मनोज कुमार ने किया। स्वागत भाषण विभागीय निदेशक सुशांत गौरव ने दिया जबकि मंच का संचालन वरीय प्रशिक्षक अजय झा ने किया। स्वागत प्रतियोगिता का आयोजन सचिव सह जिला खेल पदाधिकारी, रांची शिवेंद्र कुमार ने किया। मौके पर कई जिलों के जिला खेल पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के चार जोन यानि धनबाद जोन, दुमका जोन, चाईबासा जोन एवं रांची जोन की विजेता एवं उपविजेता पुरुष-महिला टीम भाग ले रही हैं। पुरुष वर्ग के पहले मैच में रांची विजेता टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सरायकेला खरसावां को तीन-दो से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरे मैच में पाकुड़ विजेता बनाम धनबाद विजेता के बीच मैच ड्रा रहा।

# खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग

# ओडिशा नेवल, प्रीतम सिवाच और साई शक्ति ने दर्ज की जीत

एजेंसी। नई दिल्ली

दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के 10वें दिन-चरण 2 में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर, प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी और साई शक्ति टीम ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।


**ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने दर्ज की शानदार जीत:** दिन के पहले मैच में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने जय भारत हॉकी अकादमी को 12-1 से हराया। प्रज्ञा पटेल (10', 12', 45', 58') ने चार गोल किए, कप्तान डोली भोई (8', 15', 57') ने हैट्रिक बनाई जबकि केसर भावर (3'), शीतल यादव (14'), नेहारिका टोप्पो (24'), सानिया सैयद (36') और चंचल यादव (38') ने एक-एक गोल किया। जय भारत हॉकी अकादमी के लिए एकमात्र गोल अनीता देवी (19') द्वारा पेनल्टी कॉर्नर पर किया गया।



**प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने करीबी मुकाबला जीता :** दिन के दूसरे मैच में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 1-0 से हराया। खेल लगभग गोल-रहित बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसमें दोनों टीमों ने जबरदस्त डिफेंस का प्रदर्शन किया, लेकिन प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी की कप्तान दीक्षा (60') ने खेल के अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर गतिरोध तोड़ा और अपनी टीम को जीत दिलाई।

**साई शक्ति टीम ने दर्ज की व्यापक जीत :** दिन के तीसरे मैच में साई शक्ति टीम ने साई बाल टीम को 5-1 से हराया। साई शक्ति टीम के लिए पूर्णिमा यादव (3', 23') ने दो गोल किए, जबकि रवीना (36'), कैप्टन काजल (40') और प्रियंका (56') ने एक-एक गोल किया। साई बाल टीम के लिए एकमात्र गोल एक फील्ड गोल था जो श्री विद्या थिरुमालासेट्टी (21') ने किया।

# भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर हुए राशिद खान



एजेंसी। मोहाली

अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे क्योंकि उनकी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी से रिकवरी जारी है जिसके कारण उन्हें बीबीएल और एसए20 से बाहर होना पड़ा। अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने पुष्टि की है कि राशिद टीम के साथ चंडीगढ़ गए थे लेकिन अभी तक मैच के लिए फिट नहीं हैं। इब्राहिम ने कहा, वह पूरी तरह से फिट नहीं हैं, लेकिन टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द फिट हो जाएगा जैसा हम उम्मीद करते हैं।

# न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच नियुक्त हुए आंद्रे एडम्स



एजेंसी। वेलिंगटन

न्यूजीलैंड क्रिकेट [एनजेडसी] ने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पुरुष राष्ट्रीय टीम का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। 48 वर्षीय एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड के समूह का हिस्सा होंगे जिसमें बल्लेबाजी कोच के रूप में बल्लेबाज ल्यूक रोंची भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड पुरुष टीम के साथ भूमिका में एडम्स का पहला दिन बुधवार को ऑकलैंड में होगा। एडम्स ने अपने पांच साल के करियर में न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट, 42 वनडे और चार टी20 मैच खेले। 2015 में संन्यास लेने से पहले उन्होंने नॉटिंघमशायर, हैम्पशायर और एसेक्स के साथ इंग्लिश काउंटी सर्किट में भी काम किया है। इसके बाद एडम्स ने ऑस्ट्रेलिया की घरेलू टीम न्यू साउथ वेल्स के साथ गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाई।

# राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग से गोड्डा एवं वेस्ट सिंहभूम, पुरुष से रांची



**पलामू।** डालटनगंज के जिला स्कूल के मैदान में चल रही 23वां जेसी बोस (पुरुष) और महावीर उरांव सीनियर राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) में चौथे दिन बुधवार को हुए मुकाबले के बाद महिला वर्ग में गोड्डा फाइनल में प्रवेश कर गया। गोड्डा और धनबाद सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले के बीच गोड्डा ने धनबाद को 5 सेट में 26-24, 10-25, 23-25, 25-12, 25-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबले में वेस्ट सिंहभूम ने ईस्ट सिंहभूम को 25-12, 25-17, 25-20 से हराया और फाइनल में प्रवेश किया।

## व्यापार

# आखिरी घंटे की खरीदारी से शेयर बाजार में आई तेजी

## सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी। नई दिल्ली

दिन के आखिरी घंटे में हुई जोरदार खरीदारी के कारण घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव बना रहा लेकिन आखिरी सत्र में जबरदस्त खरीदारी होने से शेयर बाजार ने बढ़त बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज बाजार में आखिरी सत्र के दौरान हुई ताबड़तोड़ खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर

**निवेशकों ने एक दिन में कमाए 1.39 लाख करोड़ रुपये**



368.86 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 367.48 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.39 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 3,935 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,092 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,742 शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

# इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी के प्रोटोटाइप का किया अनावरण



**सियोल।** हुंडई मोटर ग्रुप ने विश्व प्रौद्योगिकी शो 'सीईएस 2024' में अपने नए एयर टैक्सी मॉडल के प्रोटोटाइप का अनावरण किया है। कंपनी के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यह विश्व इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सी बाजार में पैठ बनाने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। हुंडई की अमेरिका स्थित एयर टैक्सी इकाई सुपरनल ने लास वेगास में व्यापार शो में एस-ए2, इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेकऑफ और लैंडिंग की प्रोडक्ट कॉन्सेप्ट का प्रदर्शन किया। शिन ने कहा कि एस-ए2 का अनावरण समूह की एक सुरक्षित, कुशल वाहन डिजाइन के साथ उस मिशन को पूरा करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है जो बाजार में प्रवेश के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करता है।

# 2027-28 तक हमारी जीडीपी पांच लाख करोड़ डालर होगी: वित्त मंत्री

एजेंसी। गांधीनगर/नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगा।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे, हमारी जीडीपी उस समय तक 5 लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि रुढ़िवादी अनुमानों के हिसाब से भी भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे पहले सीतारमण ने विजन डॉक्यूमेंट 'विकसित



गुजरात@2047' भी जारी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, गिफ्ट सिटी के अध्यक्ष हसमुख आधिया, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भारत को वर्ष 2023 तक 919 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। इसमें 65 फीसदी यानी 595 अरब डॉलर का एफडीआई मोदी सरकार के आठ-नौ वर्षों के कार्यकाल के दौरान आया है। देश में बैंक खाता रखने वाले लोगों की संख्या 50 करोड़ हो गई है, जबकि 2014 में 15 करोड़ लोगों के पास ही बैंक खाते थे।

इस समय भारत करीब 3.4 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। फिलहाल अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी की अर्थव्यवस्था उससे आगे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसकी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही थी।

# स्टूडेंट क्लब ने जीएंडएस क्लब जामदा को पराजित किया



पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आज से शुरू हुए 8वीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में स्टूडेंट क्लब चाईबासा ने गोप एवं सिंह क्लब बड़ा जामदा को 59 रनों से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टूडेंट क्लब की टीम ने निर्धारित तीस ओवर में सात विकेट खोकर 216 रनों का स्कोर खड़ा किया। मनीष कुमार ने बारह चौकों एवं एक छक्का की मदद से 75 रनों की बेहतरीन पारी खेली जबकि कैफ जमील ने पांच चौकों की सहायता से 52 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर छठे विकेट के लिए 82 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचाया। अन्य बल्लेबाजों में मोईन साकिब एवं सोएब अहमद ने 19-19 रनों का योगदान दिया। जामदा की ओर से सरोज महतो ने 23 रन देकर तीन विकेट हासिल किए।


**आठवीं अशोक जैन नाक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता 2023-24**

जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोप एंड सिंह क्लब बड़ा जामदा की पूरी टीम 52.4 ओवर में 157 रन बनाकर आल आउट हो गई। गेंदबाजी में अपना दम दिखाने वाले सरोज महतो ने बल्लेबाजी में भी जौहर दिखाया और सात चौकों एवं तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली पर अन्य बल्लेबाजों की असफलता ने टीम की लुटिया डुबो दी। एन एम राहुल ने 29 तथा करण ने 18 रन बनाए। स्टूडेंट क्लब चाईबासा की ओर से कैफ जमील, मनीष कुमार, फरदीन आलम एवं कप्तान मो० वसीम ने दो-दो विकेट हासिल किए।

# अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये का करेगा निवेश

एजेंसी। गांधीनगर/नई दिल्ली

देश के सबसे अमीर शख्स एवं अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने बुधवार को गुजरात में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का ऐलान किया है। इसमें एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। इससे एक लाख नौकरियों का सृजन होगा। गौतम अडाणी ने यहां 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनका समूह ग्रीन एनर्जी और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अगले पांच साल में 2 लाख करोड़ रुपये (24 अरब डॉलर) का निवेश करेगा। अडाणी ने कहा कि इसमें मुख्य रूप से एक हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण शामिल है, जो




अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए अडाणी ने कहा कि पिछले शिखर सम्मेलन में 55 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जिसमें से 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश समूह कर चुका है। उन्होंने कहा कि समूह अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। अडाणी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा।

उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद सहित दुनिया के कई अन्य प्रमुख राजनेता और इंडस्ट्री के प्रमुख चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल रहे। इसके अलावा मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहे।

# सर्राफा बाजार पर दबाव, सोना और चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज गिरावट नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में आज 24 और 22 कैरेट सोने की कीमत में 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी में भी आज गिरावट का रुख बना हुआ है। इस गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 76,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज भी 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# मुकेश अंबानी बोले मोदी है तो मुमकिन है

एजेंसी। नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के इतिहास में सबसे सफल प्रधानमंत्री हैं। मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी है तो मुमकिन है।



इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने गांधीनगर में 10वें वाइब्रेंट गुजरात समिट 2024 के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान मुकेश अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि गुजरात और वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में आपका स्वागत है, जो आज दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित निवेश शिखर सम्मेलन है। रिलायंस इंडस्ट्रीज एक गुजराती कंपनी थी, है और हमेशा रहेगी। इसका उद्देश्य 7 करोड़ गुजरातियों के सपनों को पूरा करना है। वर्ष 2047 तक अकेले गुजरात तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत को 2047 तक 35 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने से कोई ताकत नहीं रोक सकता है।

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले में विकलांग की मौत

**ऊंटारी रोड।** विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के सिगसिगी बिचला टोला निवासी विकलांग पारसनाथ चौधरी उम्र (68) की मौत मंगलवार की देर शाम मधुमक्खी के हमले के कारण हो गई। सिगसिगी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनुज चौधरी ने बताया कि पारसनाथ गांव में ही पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी दौरान अचानक हजारों मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गयी।। बुधवार को स्थानीय कोयल नदी तट पर उनकाअंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से क्षेत्रवासी हतप्रभ रह गये।

### कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** पंचायत सचिवालय में बुधवार को जरूरतमंदों बीच कंबल का वितरण किया। झारखंड सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण मुखिया बेबी देवी एवं उप मुखिया समलेश रावत ने 100 गरीबों के बीच किया। मौके पर पंचायत सेवक अजीत सिंह, ब्रजेश चन्द्रवंशी, अनिल राम, रानी वारी, सुन्दर देवी, उर्मिला देवी, तेतरी देवी, रानी कुमारी उपस्थित थे।

### ओम प्रकाश आर्य को बनाया गया अध्यक्ष

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय स्वयं सेवकों की बैठक भवनाथपुर शिव मंदिर के प्रांगण में किया गया, जिसमें संघ के पूर्व अध्यक्ष निरंजन पाठक ने कुछ कारणों से अपने पद का त्याग किया। तत्पश्चात भवनाथपुर प्रखंड के सभी स्वयं सेवकों की सहमति से ओम प्रकाश आर्य को अध्यक्ष चुना गया, सचिव संजय ठाकुर, कोषाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता को बनाया गया। मौके पर उपेंद्र कुमार, गुड्डू कुमार, अजीत कुमार निरंजन पाठक, नितेश राही, अभिषेक गुप्ता, विवेक गुप्ता, संजय ठाकुर, उपेंद्र पाल संतोष गुप्ता, विजय यादव, अनुज कुमार आदि स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### शिलान्यास आज

**केतार।** केतार बाजार स्थित मध्य विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को 11 बजे जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद करेंगे। उक्त चारदीवारी का निर्माण लगभग दो लाख रुपए की लागत से होगा। इसकी जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने दी।

### जन्मदिन समारोह आज

**श्री बंशीधर नगर।** डॉ लोहिया, कपूरी विचार मंच के तत्वावधान में नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्थित कपूरी चौपाल में 11 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 66 वां जन्म दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये सलीम अंसारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता कन्हैया चौबे, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मथुरा पासवान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेन्द्र यादव तथा भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य विजय कुमार केशरी होंगे।

### एक वृद्ध 20 दिन से एक ही स्थान पर

**चिनिया।** ग्राम पंचायत रणपुरा शिव मंदिर के समीप 20 दिनों से एक अज्ञात वृद्ध पड़ा हुआ है। वृद्ध ना तो अपने बारे में कुछ बता पाता है और न ही कुछ सुन पाता है। इसकी सूचना मुखिया पति उदय भूइयां वह बीडीसी प्रतिनिधि दयानंद राम को दी गई तो बीडीसी पति व मुखिया प्रतिनिधि ने वृद्ध के लिए कंबल की व्यवस्था की।

---

अंबेडकर चौक के समीप से 200 फीट तक मल-मूत्र से बजबजा रही सड़क

# मां चतुभुर्जी मंदिर की राह में गंदा पानी, आमजन हो रहे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी मंदिर की ओर जाने वाली सड़क पर पिछले कई महीनों से कई घरों के मल-मूत्र एवं नाली का पानी बह रहा है। इस कारण बाजार स्थित अंबेडकर चौक के समीप से 200 फीट तक की सड़क नाली के बदबूदार पानी से बजबजा रही है। पहले इसी रोड से बहने वाला नाली का गंदी पानी 200 फीट के बाद आसपास के रैयतों के खेतों में गिर रहा था, लेकिन अब रैयतों ने नाली के पानी को खेत में गिरने से रोक दिया और सड़क पर दोनों ओर से मिट्टी डाल बंद कर दिया है। इस कारण सड़क पर 200 फीट तक नाली का पानी जमा रहता है। इससे परेशान होकर अब श्रद्धालु बजार स्थिति मुख्य रास्ते को छोड़कर दूसरे रास्ते से मंदिर जाने को विवश हैं। श्रद्धालुओं के दूसरे रास्ते से मंदिर जाने के कारण यहां के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। सड़क के एक ओर वार्ड 8 तो एक ओर वार्ड 9 है। यहां के निवासी संजय कुमार, अवधेश साह, राम गोबिंद कुमार, फेकन बैठा, राम नाथ मेहता, संजय मेहता, बालमुकुंद पाठक, निलम देवी, संगीता देवी, काजल देवी सहित अन्य लोगों ने कहा कि नाली के गंदे पानी की वजह से हम सबका जीवन नारकीय हो गया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से यह स्थिति बनी हुई है। किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। इधर इस संबंध में मुखिया प्रमोद ने बताया कि सड़क के दोनों ओर रैयती जमीन है।

जमीन मालिक सोख्ता या नाली बनवाने को तैयार नहीं है। ऐसे में सड़क पर नाली का पानी बहाने वालों की शिकायत प्रखंड विकास पदाधिकारी से की गयी है। जल्द ही इसका निराकरण किया जायेगा।

---

## मेराल थाना क्षेत्र में हाथियों का उत्पात, घरों व फसलों को पहुंचाया नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के बना जांघ एवं बहेरवा गांव में मंगलवार रात्रि हाथियों ने उत्पात मचाते हुए कई घरों को तोड़ डाला और फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। हाथियों द्वारा तोड़े गए घरों में बाना जांघ के रामगति विश्वकर्मा और बहेरवा गांव के सुरेश परहीया, राजेंद्र परहीया, रमेश परहीया जगदीश परहीया, नारायन परहीया, सुनील परहीया, विनोद परहीया, नंदू पुरहीया व बिरजू परहीया शामिल हैं। बना जांघ गांव में रात्रि 8:00 बजे से 2:00 बजे रात्रि तक हाथियों ने उत्पात मचाया। घर का अनाज एवं अन्य सामान के साथ खेत में लगी फसलों को भी नुकसान किया। इसके बाद हाथियों का झुंड बाहेरवा गांव पहुंच गया और वहां भी घर के साथ-साथ अनाज और फसल को नुकसान किया। फिलहाल बहेरवा गांव के सभी आदिम जनजाति परिवार के लोग सरकारी स्कूल भवन में शरण लिए हुए हैं,

---

## नेशनल बॉक्सिंग में झारखंड की अन्नू ने जीता रजत




**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** मुक्केबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बॉक्सिंग टीम के पूर्व कप्तान अनुपम तिवारी ने बताया कि दिल्ली में चल रहे 67वीं स्कूल नेशनल गर्ल्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड की अन्नू ने रजत पदक जीतने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि स्कूल नेशनल के इतिहास में पहली बार सिल्वर मेडल जीतकर छात्रा ने राज्य का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के शिक्षा सचिव के रवि ,एसपीडी किरण कुमार पासी , धीर्सेन ए सोरेंग , बादल कुमार, प्रवीण यादव एवं खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने बधाई दी है।

---

# 'भौतिक सत्यापन के बाद पात्र लाभुकों को अवश्य मिलेगा अबुआ आवास का लाभ'



**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

अबुआ आवास की सूची से नाम हटाए जाने के मामले को बीडीओ राहुल कुमार सानू ने गंभीरता से लिया है। उसको लेकर कर्मी और पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों की आनन फानन में बुधवार को बैठक बुलाई ली। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक में उन्होंने मामले पर कर्मी और पदाधिकारियों से जानकारी हासिल की। साथ ही पोर्टल से नाम हटाने का कारण भी उनसे जाना। पदाधिकारियों व कर्मियों ने अबुआ आवास के पोर्टल से किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं हटाने की जानकारी उन्हें दी। बताया गया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जितने भी आवेदकों के द्वारा आवेदन दिये गये थे उन सभी को अबुआ आवास के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इसकी सूची पंचायत सचिवालय की दीवारों पर चिपका दी गई है। हालांकि बैठक के दौरान पोर्टल से नाम हटाने के आरोप पर विचार करते हुए भौतिक सत्यापन के बाद पुनः उनका नाम अबुआ आवास के पोर्टल पर चढ़ाने पर सहमति बनाई गई। मामले को लेकर एक टीम का भी गठन किया गया, जिसकी देखरेख में ही लाभुकों का भौतिक सत्यापन करने का काम किया जाएगा। बीडीओ ने कहा कि ग्राम सभा होने के बाद 1013 लाभुकों की सूची पंचायत सचिवालय की दीवार पर चिपकाने का काम किया गया था, जबकि उन्हें 1980 लाभुकों के नामों की सूची को चिपकाना चाहिए था। बीडीओ ने कहा कि जितने भी आवेदकों के द्वारा आवेदन जमा किया गया है उन सभी का नाम अबुआ आवास के पोर्टल पर अपलोड हो चुका है। उसके बाद सभी लोगों का भौतिक सत्यापन होगा, जिसके बाद जो उसके योग्य होंगे उन्हें अबुवा आवास योजना का लाभ अवश्य दिया जाएगा।

### आदिम जनजाति परिवारों के घरों का भौतिक सत्यापन

वहीं बीडीओ राहुल कुमार शानू ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के डंडाई गांव में निवास कर रहे परिया जाति के घरों का भौतिक सत्यापन किया। अधिकांश लोगों को बीडीओ ने उक्त योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनमन योजना को लेकर लाभुकों का चयन करने के लिए सरकार की ओर से निर्देश प्राप्त हुआ था। उसी के आलोक में आज प्रखंड क्षेत्र के डंडई गांव में रह रहे परिया जाति के घरों का भौतिक सत्यापन करने का काम किया गया है। मौके पर मुखिया पति महेश्वर राम, विजय राम, गुड्डू परिया, विजय परहिया उपस्थित थे।

---

# ईवीएम केंद्र और मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से प्राप्त निर्देश के आलोक में ईवीएम एवं वीवीपीएटी के जागरूकता हेतु डिजिटल ऑउटरीच एवं इनोवेशन फिजिकल ऑउटरीच कार्यक्रम संचालित करने के प्राप्त निर्देश के आलोक में ईवीएम डेमोंसट्रेशन केंद्र एवं मोबाइल डेमोंसट्रेशन वैन का शुभारंभ किया गया। जिले के मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया से जागरूक करने हेतु बुधवार से समाहरणालय गढ़वा परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा ईवीएम प्रदर्शनी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ईवीएम प्रदर्शनी वैन जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर मतदाताओं को ईवीएम का लाइव प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

वहीं समाहरणालय के सभागार में बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर निर्वाचन से जुड़े विषय पर मीडिया को जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जिले में लोकसभा चुनाव के लिए आम मतदाताओं को ईवीएम मशीन का उपयोग एवं प्रणाली से जागरूक करने के उद्देश्य से 10 जनवरी से मतदाता जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजनों तक यह जानकारी पहुंचाने की अपील की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला परिवहन पदाधिकारी-सह-गोपनीय शाखा प्रभारी धीरज प्रकाश, जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केशरी समेत प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

> **जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी दी**

---

# हमलावरों की मंशा मेरी और मेरे पति की हत्या करना था : विधायक पुष्पा

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

छतरपुर-पाटन की भाजपा विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि पुलिस की लापरवाही और एक साजिश के तहत उनके काफिले पर हमला हुआ। हमलावरों की मंशा उनकी और उनके पति मनोज कुमार (पूर्व सांसद) की हत्या करने की थी। चालक की सुझबूझ और अंगरक्षक की सक्रियता से उनकी जान बची। उल्लेखनीय है कि 9 जनवरी मंगलवार की देर शाम पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के उदयगढ़ में एनएच 98 फोरलेन पर गुजरने के दौरान अज्ञात हमलावरों ने विधायक के काफिले पर हमला कर दिया था। जमकर पत्थरबाजी की थी। तीन से चार गाड़ियों को नुकसान पहुंचा था। विधायक और उनके पति ने किसी तरह भागकर जान बचाई थी। पुष्पा देवी ने बुधवार को परिसदन में पत्रकारों से कहा कि हमलावरों की संख्या 15 से 20 की रही होगी। हमले के दौरान तेज आवाज हो रही थी। फायरिंग भी करने की संभावना है। सारे लोग पेड़-पौधों की आड़ में छुपे हुए थे। विधायक ने कहा कि उनकी सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार का कोई ध्यान नहीं है। पिछले चार वर्ष से एके 47 वाला अंगरक्षक की मांग करते आ रहे हैं लेकिन मुहैया नहीं कराया गया। दो बॉडीगार्ड एवं चार हाउस गार्ड के सहारे उनकी सुरक्षा है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि उदयगढ़ से गुजरने से पहले सुरक्षा को लेकर एसपी-डीएसपी सहित अन्य पुलिसकर्मियों से बात हुई थी। सभी ने बताया था कि रास्ता क्लीयर है। सुबह से तथाकथित चालकों द्वारा सड़क जाम की जानकारी थी। इसके बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के कारण हमले की संभावना लगती है। लोग उनके पीछे मारो-मारो कहकर दौड़ रहे थे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में बेहतर अनुसंधान कर हमले का कारण और दोषियों पर अविलंब कार्रवाई का अनुरोध किया। इस मौके पर भाजपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

> **हमलावरों की मंशा उनकी और उनके पति मनोज कुमार (पूर्व सांसद) की हत्या करने की थी।**
>
> **चालक की सुझबूझ और अंगरक्षक की सक्रियता से उनकी जान बची।**

---

### पीटीआर में लकड़ी की सिल्ली के साथ तीन धराये, एक फरार

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के कुकू जंगल में पेड़ काटकर लकड़ी की सिल्ली बना रहे तीन व्यक्तियों को वन कर्मियों ने धर दबोचा। जबकि मौके का फायदा उठाकर एक फरार हो गया। गारु पूर्वी के रेंजर उमेश दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की देर शाम टीम बनाकर कुकू जंगल में छापेमारी की गयी। इस दौरान पेड़ काटकर लकड़ी की सिल्ली बना रहे रोशन तिर्की पिता विजय तिर्की, प्रेम तूरी पिता रामखेलावन तुरी और रमेश उरांव पिता बालेशर उरांव सभी निवासी ग्राम अमवाटीकर को भागने के दौरान वनकर्मियों ने पीछा कर धर दबोचा। इस दौरान एक व्यक्ति फरार होने में सफल रहा। घटनास्थल से शाल पेड़ की तीन सिल्ली, तीन टांगी व तीन सायकिल जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत जेल हाजत लातेहार भेज दिया गया है। टीम में प्रभारी वनपाल राजेश कुमार,वनरक्षी रविकांत रवि, रोहित कुमार, जितेंद्र कच्छप और जितेंद्र कुमार शामिल रहे।

---

# 456 करोड़ से बने भूमिगत पाइप लाईन से भरे जायेंगे पलामू के जलाशय

> **पांच वर्षों से योजना स्वीकृति के लिए कर रहे थे प्रयास : सांसद**
>
> **चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, विश्रामपुर, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड होंगे लाभान्वित, दो वर्षों में पूरी होगी योजना**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल के लिए पानी की किल्लत का सामना लोगों को करना पड़ता है। पानी के लिए लोग परेशान होते हैं। अल्पवृष्टि के कारण जिले के खेतों की सिंचाई पर्याप्त नहीं हो पाती है। इस समस्या से निजात मिले इसके लिए केंद्र की सरकार प्रयासरत्त है। उक्त बातें पलामू के सांसद वीडी राम ने कही। वे बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से विभिन्न जलाशयों में आवश्यकतानुसार पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए 456.6261 करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल वृष्टि छाया से प्रभावित है। यहां वार्षिक औसत वर्षापात 1163 एमएम है। पलामू में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत बिहार में जल संसाधन विभाग द्वारा कई योजनाओं पर कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अल्पवृष्टि के फलस्वरूप इन योजनाओं द्वारा सृजित जलाशयों मे जल का भंडारण पर्याप्त नहीं हो पाता है। नतीजा जलाशयों में जल का भंडारण कम होने से सिंचाई क्षमता में काफी कमी आयी है। वहीं इन क्षेत्रों में जनसंख्या में वृद्धि एवं क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के कारण जल की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता का श्रोत सरकार विगत कई वर्षों से तलाश रही है। इनमें उतरी कोयल व सोन नदी महत्वपूर्ण है। जिसमें जल का अपेक्षाकृत उपलब्धता कम हो पा रहा है। वर्षा के समय अधिकांश जल बिना उपयोग के ही बह जाते हैं। वैसे जल को भूमिगत पाईप लाईन से लिफ्ट कर जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में स्थित सिंचाई के जलाशयों में पानी भरा जायेगा। जिससे सिंचाई के साथ पेयजल की भी उपलब्धता होगी। पाइप से जलाशयों में जायेगा पानी सांसद ने बताया कि प्रति वर्ष जुलाई से अक्टूबर तक देवरी कला के सोन नदी, चैनपुर कल्याणपुर की उत्तरी कोयल नदी व मनिका रांकी कला की औरंगा नदी से निर्धारित मात्रा में जल को पाइप के माध्यम से लिफ्ट कर विभिन्न जलाशयों में पहुंचाया जाएगा। मौके पर भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, शिव कुमार मिश्रा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# विधायक के काफिले पर हमला मामले में 13 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन-छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी के काफिले पर हमला के मामले में पुलिस 13 लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। मंगलवार को छतरपुर थाना के एनएच-98 पर बाईपास के उदयगढ़ मोड़ एवं सड़मा के समीप वाहन चालकों एवं ग्रामीणों के द्वारा विधि विरूद्ध भीड़ इकट्ठा कर राष्ट्रीय राजपथ में वाहनों की आवाजाही अवरूद्ध करने, आगजनी कर राष्ट्रीय राजपथ को क्षति पहुंचाने, सरकारी वाहन को क्षतिग्रस्त करने तथा पुलिस बल पर जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से जख्मी करने की घटना को लेकर 38 नामित एवं 100-150 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध छतरपुर थाना प्रभारी के द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी पलामू एसपी की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर दी गई है। बताया गया है तत्काल घटनास्थल से चार नामजद आरोपी प्रदीप कुमार यादव उम्र करीब 26 वर्ष पिता स्व० रामदास यादव, विजेन्द्र यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता उदय यादव, लालबाबू यादव उम्र करीब 24 वर्ष पिता स्व० सुरेश यादव तीनों निवासी चपरवार पीपरा एवं प्रदीप कुमार सिंह उम्र करीब 51 वर्ष पिता स्व० बिरजू प्रसाद सिंह निवासी उदयगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एक बाइक तथा एक मोबाईल फोन भी जब्त किया गया है। बताया गया है कि अनुसंधान के क्रम में घटना में शामिल 9 अन्य आरोपियों को सघन छापेमारी कर न्यायिक अभिरक्षा में उत्प्रेषित किया गया है।

---

**पहल** प्रधानाध्यापकों की बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने की अपील

# 'सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ' को बनाएं जनांदोलन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नवप्रथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीइओ ने कहा कि 11 जनवरी को सुबह 8.30बजे से 9.30 बजे तक सभी विद्यालयों में सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ अभियान चलाना है। इस अभियान में समाज के हर वर्ग को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि एसएमसी सदस्य, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को भी इस अभियान में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में घंटी से पहले 'सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के साथ साथ शिक्षा के प्रति माता पिता व बच्चों में जिम्मेवारी की भावना उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिये इस अनोखी पहल का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप स्थापित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का फोटो, वीडियो आदि सोशल मीडिया पर अपलोड करें। उन्होंने सभी सीआरपी व बीआरपी को अपने अपने संकुलाधिन सभी विद्यालयों में सिटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम की निगरानी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि समन्वय बनाकर कार्य करें, परिणाम सकारात्मक होगा। बैठक में बीपीओ तहमीना प्रवीण, बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, शक्तिदास सिन्हा, अजय कुमार, शोभा पांडेय, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, राजनाथ राम, संजय कुमार मेहता, रूबी कुमारी, संध्या कुमारी, नीलम पांडेय, रागनी रवानी, अलीम अंसारी, विनोद ठाकुर, अनूप कुमार विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मदन राम, मुनेश्वर मेहता आदि प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

---

## मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के नाम पर उगाही का आरोप

**भवनाथपुर।** प्रखंड परिसर स्थित नेहा आजीविका सखी मंडल के संचालिका द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड बनाने के नाम पर दो सौ रुपये अवैध उगाही करने का मामला प्रकाश में आया है। पत्रकारों के पहुचने पर पैसे किया वापस। भुक्तभोगी कैलान पंचायत के जोगिंद्र भुइयां ने बताया कि मैं सोमवार को भवनाथपुर ब्लॉक पहुच कर मुख्य गेट के सामने संचालित हो रहे दुकान में जा कर पूछा जॉब कार्ड कहा बनता है तो संचालिका के द्वारा बोला गया कि तीन सौ रुपये लगेगा यहीं बन जाएगा। मैंने बोला कि दो सौ रुपये है तो उसके द्वारा दो सौ रुपये लेते हुए बोला कि ऑपरेटर आरहा है तो बन जाएगा।

---

# महिला वर्ग में गोड्डा व धनबाद की टीम फाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 23वें जेसी बोस सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) और महावीर उरांव सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता (महिला) के चौथे दिन बुधवार को महिला वर्ग में गोड्डा व वेस्ट सिंहभूम ने फाइनल में जगह बनायी। पहले सेमीफाइनल में कड़े मुकाबले के बीच गोड्डा ने धनबाद को 5 सेट में 26-24, 10-25, 23-25, 25-12, 25-8 से हराया। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट सिंहभूम ने ईस्ट सिंहभूम को 25-12,25-17,25-20 से मात दी। फाइनल मुकाबला गुरुवार को दोपहर एक बजे से वेस्ट सिंहभूम और गोड्डा के बीच खेला जाएगा। वहीं पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में रांची ने धनबाद को 27-25, 25-21, 35-33 से हराया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका संजय गुप्ता, बसंत कुमार नायक, सतीश चौधरी, राहुल कुमार, धनुरंजन शर्मा, सुनील राय व हरेराम के द्वारा निभाई जा रही है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी, मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी, राजीव रंजन पाण्डेय, सुधीर दुबे, इम्तयाज अहमद नजमी, रुपा सिंह, मनोज जैन, ललन सिन्हा, सनत चटर्जी, हरि शंकर सिंह, महेश तिवारी जुटे रहे। सेलेक्टर अमरजीत खड़े, नवीन कुमार शर्मा, विश्वजीत नंदी, आशीष आनंद, ऑर्गनाइजिंग कंट्रोल कमिटी चेयरमैन उत्तम राज मौजूद रहे।




## एक नजर

### ईडी ने रविंद्र वायकर को पूछताछ के लिए 17 को बुलाया



**मुंबई।** ईडी की टीम ने शिवसेना (यूबीटी) के विधायक रविंद्र वायकर को समन भेजकर 17 को पेश होने का आदेश दिया है। ईडी की ओर से यह समन जोगेश्वरी में कथित 500 करोड़ रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में जारी किया गया है। मंगलवार को ईडी के 12 अधिकारियों की टीम ने विधायक रविंद्र वायकर और उनके पार्टनर के घर और दफ्तरों पर छापेमारी की थी। हालांकि अभी तक ईडी की टीम की ओर से कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन बताया जा रहा है कि कई महत्वपूर्ण कागज और दस्तावेज ईडी के हाथ लगे हैं। इन्हीं कागजपत्रों के आधार पर ईडी की टीम रविंद्र वायकर से पूछताछ करने वाली है।

### चंद्रबाबू नायडू को तीनों मामलों में मिली अग्रिम जमानत

**अमरावती।** टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उन्हें हाई कोर्ट ने तीन मामलों में अग्रिम जमानत दे दी है। जस्टिस टी. मल्लिकार्जुन राव की बेंच ने बुधवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने चंद्रबाबू को हिदायत दी है कि वे इस दौरान जांच को प्रभावित करने वाली टिप्पणियां नहीं करेंगे। एक सप्ताह के भीतर एक-एक लाख रुपये के दो बेल बांड दाखिल करने होंगे। कोर्ट ने पूछताछ के लिए सीआईडी को 48 घंटे पहले नोटिस देकर याचिकाकर्ताओं की जांच करने का निर्देश दिया है।

### उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 24 तक टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित करने की मांग अपनी आपत्ति व्यक्त की, जिसमें पूर्व जेएनयू छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद द्वारा दायर जमानत याचिका भी शामिल है। सबसे पहले खालिद की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से निर्धारित सुनवाई को अगले सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया। इस पीठ में न्यायमूर्ति पंकज मिथल भी शामिल हैं।

# एफिल टावर से लेकर टाइम्स स्क्वायर तक राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की धूम

**एजेंसी। लखनऊ**

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के भव्य शुभारंभ और श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर अमेरिका तक धूम है। ये उत्सव अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक देखने को मिलेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे यूरोप से एक हजार लोग एकत्रित होंगे। साथ ही एफिल टावर के पास उत्सव मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का फैसला लिया गया है। यही नहीं, अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैली का आयोजन किया जा रहा है।

प्राण प्रतिष्ठा भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 12.30 बजे होगी। उस समय पेरिस में सुबह और अमेरिका में देर रात का समय होगा। इसी क्रम में 21 जनवरी 2024 को पेरिस में राम रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पेरिस में रहने वाले अविनाश मिश्रा नाम के यूजर ने राम रथ यात्रा के बारे में डिटेल साझा की है।



उन्होंने लिखा है, "फ्रांस में रहने वाले हम भारतीय पूरे पेरिस में राम रथ यात्रा और एफिल टावर पर बड़े पैमाने पर उत्सव का आयोजन करके अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर पर शामिल होंगे।"

अविनाश ने अपनी पोस्ट में राम रथ यात्रा का पूरा मैप भी शेयर किया है। पेरिस में रहने वाले राम भक्तों से इस आयोजन में सम्मिलित होने का अनुरोध भी किया है। उनकी पोस्ट को राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ने भी रीपोस्ट किया और लिखा कि अयोध्या में जन्मस्थान पर भगवान श्री रामलला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना सभी रामभक्तों के लिए एक आशीर्वाद है।

अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन व दीपोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कई हफ्तों में वाशिंगटन, शिकागो और दूसरे अमेरिकी शहरों में राम मंदिर के जश्न में कार रैलियां निकाली गई हैं। आयोजकों ने अब कैलिफोर्निया में कार रैली निकालने की योजना बनाई है। उनका कहना है कि वे अयोध्या नहीं आ सकते हैं, लेकिन, भगवान राम उनके दिलों में हैं और उनकी घर वापसी में उनकी अटूट श्रद्धा है।

यही नहीं, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट न्यूयॉर्क शहर के टाइम्स स्क्वायर पर भी किया जाएगा। इससे पहले 5 अगस्त 2020 को राम मंदिर के भूमि पूजन को चिन्हित करते हुए टाइम्स स्क्वायर पर राम मंदिर का एक डिजिटल बिलबोर्ड चलाया गया था।

अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन पर न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम ने कहा, "अगर हम न्यूयॉर्क शहर में हिंदू समुदाय को देखें तो यह कार्यक्रम बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें जश्न मनाने और अपनी आध्यात्मिकता को ऊपर उठाने का मौका देता है।"

विश्व हिंदू परिषद ने भी कई देशों में आयोजन की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार दुनिया के 50 से ज्यादा देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन स्थानों पर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा।

अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी जैसे 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण भी दिया गया है। वहीं, मुस्लिम बाहुल्य देश इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी। विहिप के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं, जहां हिंदू धर्म के लोग रहते हैं, वहां विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग दिखाने की तैयारी है।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जयपुर के सभी बाजार सजेंगे, होगी रोशनी

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हेरिटेज नगर निगम ने जयपुर में महा दीपोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। इसके तहत परकोटे के सभी बाजार सजेंगे, वहीं प्रमुख दरवाजे, छोटी व बड़ी चौपड़ के साथ रामगंज चौपड़ पर आकर्षक रोशनी व शहनाई वादन होगा। इसके अलावा गलता तीर्थ और गोविंददेवजी मंदिर में महाआरती होगी और साथ ही गलता तीर्थ में दीपदान का आयोजन होगा।

### राम मंदिर के लिए सौंपा गया 2,400 किलो का घंटा



अयोध्या। यूपी के एटा के जलेसरवासियों की तरफ से बुधवार को राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट को 2,400 किलो का घंटा सौंपा गया। दावा किया जा रहा है कि एक ही ढलाई में बने इस घंटे की आवाज दस किलोमीटर तक जाएगी। इसके साथ ही 51 किलो के सात और घंटे भी सौंपे गए। पांच सौ रामभक्तों के साथ आदित्य मित्तल, मनोज, रिशांक, प्रशांत मित्तल आदि अयोध्या पहुंचे। इन लोगों ने कारसेवकपुरम पहुंचकर मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय, विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र, राजेन्द्र सिंह पंकज आदि को सभी घंटे मंदिर के निमित्त सौंपे। दरअसल, अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लेकर देशभर में उल्लास है। श्रीराम के भव्य मंदिर में उत्तर प्रदेश के एटा की पहचान भी दिखेगी। घंटा अष्टधातु का है, जिसमें पीतल, कांस्य, तांबा, एल्युमिनियम, लोहा, स्वर्ण, चांदी और जस्ता शामिल हैं। एक निश्चित मात्रा में इन अष्टधातुओं का उपयोग किया गया है। 2,400 किलो का घंटा बनने में 21 दिन लगे। पीतल पिघलाकर सांचे में डालने का काम एक दिन में हुआ।

# तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में बढ़ रहा : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में कहा कि तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास के इंजन के रूप में देखती है।



गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के 10वें संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख रेटिंग एजेंसियों की राय है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने आगे कहा, आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड आर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट ने निवेश आकर्षित करने और राज्य के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक वैश्विक मंच बन गया है। उन्होंने कहा, हाल ही में भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अब भारत अगले 25 साल की तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

अगले 25 साल भारत के लिए 'अमृतकाल' होने वाले हैं। यह नये संकल्पों का समय है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-यूएई संबंधों में तेज वृद्धि के लिए यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और नवीन स्वास्थ्य देखभाल में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं। भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है।

एक मित्र जिस पर भरोसा किया जा सकता है, एक भागीदार जो लोगों के केंद्रित विकास में विश्वास करता है, एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है, और वैश्विक दक्षिण की एक आवाज के रूप में देखती है। भारत की अध्यक्षता में गत वर्ष सितंबर माह में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के लिए गर्व का क्षण था, क्योंकि भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया। इससे पहले वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में हिस्सा लेने वाले वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं ने प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की।

### देश में आए कोरोना के 605 नए मामले चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामले आने का सिलसिला जारी है। बुधवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना के 605 नए मामले सामने आए हैं और इससे 04 मरीजों की मौत हुई है। इसके साथ 877 मरीज स्वस्थ हुए हैं। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3,643 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक में सामने आ रहे हैं। इन्हीं दोनों राज्यों में पिछले 24 घंटे में 2-2 मरीजों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं।

## जनता का भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी : खरगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जनता के बीच रहना, उनके मुद्दों को उठाना व उनका भरोसा जीतना कांग्रेस के लिए जरूरी है। खड़गे ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के विभिन्न विभागों व अग्रिम संगठनों से चर्चा के दौरान कहा कि आम चुनाव में हम वहां सफल रहे, जहां हमने जनता के बीच काम किया। हालांकि हम वहां फेल रहे, जहां हमने केवल जनसभाएं कीं। अगर हम जनता के साथ नहीं घुले मिले, उनके बीच काम न करें तो हम उसका भरोसा जीत लेने की आशा नहीं कर सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस को जनता के बीच रहना ही होगा। खरगे ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी। राहुल गांधी लगातार देश की जनता से जुड़ रहे हैं। उनसे संवाद कर रहे हैं और हमें मिलकर जनता के मुद्दों का समाधान निकालना है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के नेतृत्व में 2004 और 2009 में लगातार दो बार हम सब मिल कर भाजपा को पराजित कर चुके हैं।

## शेख हसीना ने चौथे कार्यकाल के लिए ली शपथ

**एजेंसी। ढाका**

बांग्लादेश में 7 जनवरी 2024 को हुए आम चुनावों में सत्तारूढ़ अवामी लीग (एएल) ने जीत दर्ज की। इसके बाद निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना ने लगातार चौथे कार्यकाल के लिए बुधवार को पद की शपथ ली। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, संसद अध्यक्ष शिरीन शर्मिन चौधरी ने शेख हसीना और अन्य नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई। इसके अलावा समारोह में निर्वाचित निर्दलीय सांसदों और नवनिर्वाचित विधायकों को भी शपथ दिलाई गई।



## लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित बम्जन चार वर्षों बाद पुलिस हिरासत में

### घर से 26 देशों की करेंसी बरामद



**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल में लिटिल बुद्धा के नाम से चर्चित रहे रामहादुर बम्जन को पुलिस ने चार वर्षों बाद बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार किया है। उस पर एक युवती से बलात्कार और तीन अन्य को लापता करने का आरोप था। चार वर्षों से फरार रहे बम्जन को बुधवार को जिला अदालत सलार्ही में पेश किया जाएगा। नेपाल की जांच एजेंसी केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) पिछले चार वर्षों से बम्जन को ढूंढ रही थी। बम्जन अपनी पत्नी और बेटे से मिलने काठमांडू स्थित अपने घर में आने वाला था। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने बीती रात काठमांडू से गिरफ्तार कर लिया। सीआईबी की प्रमुख एआईजी किरण बज्राचार्य ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से हम उस पर लगातार निगरानी रख रहे थे। उन्होंने बताया कि सन 2019 में बम्जन पर सलार्ही जिले की एक युवती ने कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया था। उस युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया था, लेकिन उन दिनों जंगल में तपस्वी के रूप में रह रहे बम्जन पुलिस की गिरफ्त से बच निकला था। इसी बीच सलार्ही जिले में तीन अलग अलग परिवारों ने बम्जन पर उनकी बच्चियों को लापता करने का आरोप लगाया।

## नौसेना को मिला पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी

# जल्द ही नौसेना-सेना में शामिल होगा

### अडानी डिफेंस ने हैदराबाद के यूएवी कॉम्प्लेक्स में किया है विकसित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने बुधवार को पहला स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस दृष्टि-10 यूएवी नौसेना को सौंप दिया। इसे अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज ने हैदराबाद स्थित यूएवी कॉम्प्लेक्स में निर्मित किया है। हर्मीस यूएवी पर आधारित स्टारलाइनर दृष्टि-10 यूएवी जल्द ही नौसेना और सेना में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद यह यूएवी विकसित करके नौसेना को सौंपा जाना महत्वपूर्ण है।



नौसेना प्रमुख ने कहा कि अडानी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज में पहले स्वदेशी मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी की प्रगति का जायजा लेने और समीक्षा करने के लिए आपके बीच आना वास्तव में सम्मान और गर्व की बात है। दृष्टि-10 अनुबंध के बाद केवल 10 महीनों में अपने नाम के अनुरूप यह यूएवी दिन की रोशनी 'देख' चुका है। उन्होंने कहा कि समसामयिक दुनिया के तेजी से विकसित हो रहे और गतिशील तकनीक से जुड़े युद्धों में स्वायत्त प्रणालियों के महत्व पर जोर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। हम अपने घरों में बैठे-बैठे यूरोप और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्षों में उनके प्रभाव को देखते रहते हैं। इसके अलावा उत्तरी अरब सागर में हाल की घटनाएं इस तरह की प्रणालियों के आतंकवादियों के हाथों में पड़ने पर उत्पन्न होने वाली चुनौतियां दर्शाती हैं।

एडमिरल कुमार ने कहा कि आज दुनिया भर के देशों के लिए युद्ध के क्रम में स्वायत्त प्रणालियां पसंदीदा विकल्प बनती जा रही हैं। हमारे दोनों निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से यूएवी की एक बहुत बड़ी सूची है। इसलिए एक राष्ट्र के रूप में और सशस्त्र बलों के रूप में हमें चुस्त और सतर्क रहकर इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। भारतीय नौसेना पिछले दो दशकों से यूएवी का संचालन कर रही है, जो नौसेना के आत्मनिर्भर और 'फ्यूचर-प्रूफ' बल होने के 'विजन' का प्रतीक है। ऐसे परिष्कृत और विशिष्ट प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को अपनाने और एकीकृत करने में सशस्त्र बलों के बीच अग्रणी के रूप में हमारे कद को भी मजबूत करती है।

फिल्म जगत

### अभिनेत्री नयनतारा समेत फिल्म अन्नपूर्णी की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज



**जबलपुर।** नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रिलीज हुई साउथ की प्रसिद्ध अभिनेत्री नयनतारा अभिनीत फिल्म 'अन्नपूर्णी' की स्टार कास्ट के खिलाफ जबलपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिनेत्री नयनतारा के साथ फिल्म के निर्देशक निर्माता एवं अन्य कलाकारों के खिलाफ लव जिहाद और भगवान राम के अपमान करने के मामले में यह कार्रवाई की गई है। 'अन्नपूर्णी' एक तमिल फिल्म है, जिसमें नयनतारा के साथ ही अभिनेता जय और सत्यराज भी अहम भूमिकाओं में हैं। हिन्दू सेवा परिषद के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को ओमती थाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने फिल्म में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जसवानी समेत अन्य ने ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुई फिल्म अन्नपूर्णी के निर्देशक निमार्ता एवं कलाकारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। उसके बाद ओमती थाने की पुलिस ने जांच के बाद फिल्म के निमार्ता-निर्देशक के साथ स्टार कास्ट के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 34 के तहत केस दर्ज किया है। यह एफआईआर फिल्म निर्देशक नीलेश कृष्णा, अभिनेत्री नयनतारा, निमार्ता जतिन सेठी, आर रविन्द्रन और पुनीत गोईका के अलावा सारिक पटेल और मोनिका शेरगिल के खिलाफ दर्ज की गई है।